* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

19 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 02


**रोजर बिन्नी बने बीसीसीआइ अध्यक्ष**
पहला एंग्लो-इंडियन प्रेसिडेंट, 83 वर्ल्ड कप के हीरो थे



## हजारों पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान का गवाह बना रांची का हरमू मैदान

# पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील ने कहा : देश के विकास की चाबी मुखिया के हाथ

राकेश सिंह

**रांची।** केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील झारखंड के पंचायत प्रतिनिधियों को देख कर गदगद थे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी डाल दी और उन्हें उनकी शक्ति का एहसास भी करा दिया। कहा देश के विकास की चाबी आपके हाथ में है। ग्रामीणों ने बहुत विश्वास और आस के साथ यह चाबी आपके हाथों में दी है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि झारखंड में आनेवाले समय में पंचायत प्रतिनिधि राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में अहम रोल निभायेंगे। मंगलवार को रांची के हरमू मैदान में आयोजित पंचायत जन प्रतिनिधियों के अभिनंदन समारोह में उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में राज्य में भाजपा की सरकार होगी। गांव की सरकार झारखंड में भाजपा की सरकार जरूर लायेगी। राज्य में पंचायती राज व्यवस्था में 53 फीसदी से अधिक सीटों पर भाजपा के कार्यकर्ता, नेता जीत हासिल कर आये हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रभावी और संकल्पित तरीके से गांवों में लागू कर और गांवों को संवारने में अहम रोल अदा कर वे उदाहरण बन सकते हैं। इसका लाभ झारखंड में आनेवाले समय में न सिर्फ गांवों को मिलेगा, बल्कि भाजपा को भी इसका फायदा होगा।

कपिल मोरेश्वर पाटील ने अपने भाषण की शुरुआत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को धन्यवाद देकर की। उन्होंने कहा, इनके नाम में दीपक भी है और प्रकाश भी है। धन्यवाद इसलिए देता हूं कि मुझे लगता है गुजरात में डेढ़ लाख पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद किया था। वह एक संवाद था, लेकिन नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का राज्य स्तर पर सम्मान शायद यह पहली बार झारखंड ने किया। इसलिए उनको मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कपिल मोरेश्वर पाटील कहते हैं कि इतिहास ऐसे ही नहीं लिखा जाता। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि मैं मक्खन पर लकीर नहीं खींचता, मैं पत्थर पर लकीर खींचता हूं। लेकिन मेरा मानना है कि मक्खन पर लकीर हर कोई खींचता है, लेकिन जो पत्थर पर लकीर खींचता है, उसको दुनिया नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नाम से जानती है। नरेंद्र मोदी सिर्फ एक नाम नहीं है, वह एक विराट सामर्थ्य हैं। सामर्थ्य हैं सपनों का, सामर्थ्य हैं संकल्प का, सामर्थ्य हैं देश के 130 करोड़ जनता के विश्वास का। सपना वही, जो देश की जनता ने देखा था 2014 में मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का। हम लोगों ने बनाया भी। संकल्प वही, जो प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने लिया था कि देश के शहरों के साथ-साथ गांव भी वर्ल्ड क्लास बनें। आत्मविश्वास वही, जो नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों द्वारा देश की 130 करोड़ जनता की आंखों में चमक दिखायी पड़ रही है। ऐसा काम कभी इसके पहले हुआ नहीं। कपिल मोरेश्वर पाटील कहते हैं-मैं हमेशा कहता हूं, एक रईस आदमी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है, यह पंडित जवाहर लाल नेहरू ने सिद्ध किया। एक गरीब घर में जन्मा हुआ किसान देश का प्रधानमंत्री बन सकता है, यह लाल बहादुर शास्त्री ने सिद्ध किया। एक महिला प्रधानमंत्री बन सकती है, यह इंदिरा गांधी ने सिद्ध किया। एक युवा प्रधानमंत्री बन सकता है, यह राजीव गांधी ने सिद्ध किया। एक राजा प्रधानमंत्री बन सकता है, यह विश्वनाथ प्रताप सिंह ने सिद्ध किया। इस देश में कोई भी प्रधानमंत्री बन सकता है, यह एचडी देवेगौड़ा ने सिद्ध किया। एक बुजुर्ग प्रधानमंत्री बन सकता है, यह मोरारजी देसाई ने सिद्ध किया। एक बुद्धिजीवी देश का प्रधानमंत्री बन सकता है यह नरसिंह राव ने सिद्ध किया। इस देश में प्रधानमंत्री की जरूरत नहीं है, यह मनमोहन सिंह ने सिद्ध किया। और बिना प्रधानमंत्री बने इस देश के ऊपर राज किया जा सकता है, यह सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने सिद्ध किया। लेकिन आठ साल के अंदर विश्व में भारत का नाम, भारत का सीना चौड़ा किया एक चाय वाला ने प्रधानमंत्री बन कर, यह नरेंद्र मोदी ने सिद्ध किया है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम उनके कार्यकर्ता हैं।

मोरेश्वर पाटील ने कहाः मैं आप ही में से हूं, जो यहां तक पहुंचा हूं। मैं सबसे पहले गांव का मुखिया बना। उसके बाद मैं तालुका पंचायत का मुखिया बना। उसके बाद जिला पंचायत का उपाध्यक्ष बना। उसके बाद एनिमल हसबैंड्री और फार्मिंग का चेयरमैन बना। फिर जिला पंचायत का अध्यक्ष बना, उसके बाद नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से 2014 में पहली बार पार्लियामेंट में आया। 2019 में फिर एक बार आया। और आज अगर मैं मंत्री बन कर खड़ा हूं, तो वह नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से है। कपिल मोरेश्वर पाटील उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से कहते हैं कि सफर का मजा लेना हो, तो साथ में सामान कम रखिये। अगर जिंदगी का मजा लेना है तो दिल में अरमान कम रखिये। यह तजुर्बा है मेरा। कार्यक्रम में मंच पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह सहित सांसद, विधायक और नेता उपस्थित थे।

हरमू मैदान में जुटे जन प्रतिनिधियों को देख कर लगा, सचमुच में गांव जाग रहा है। सचमुच में गांव के लोगों की ताकत बढ़ रही है। सचमुच में गांव के लोगों में देश को विकास की राह पर ले जाने की व्याकुलता है। सचमुच में गांव के लोग अपना राज्य और देश गढ़ना चाहते हैं। तभी तो मौसम के प्रतिकूल होने के बावजूद 300 किलोमीटर दूर से भी गांव के लोग अपने साधन से ग्यारह बजे तक हरमू मैदान में पहुंच गये थे। उनमें गजब का जोश था, जज्बा था। उस जोश और जज्बा को बारिश भी नहीं रोक सकी। तीन घंटे तक वे हरमू मैदान में डटे रहे। अगर प्रदेश भाजपा की तरफ से उन्हें सम्मानित किया गया, तो सचमुच में वे उसके हकदार थे। सच कहा जाये, तो बहुत दिनों बाद हरमू मैदान में इतना अनुशासित कार्यक्रम देखने को मिला।

(पेज पांच भी देखें)



पंचायत प्रतिनिधियों के अभिनंदन समारोह का उद्घाटन करते पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील, साथ में हैं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास।

### मिट्टी की पकड़ मजबूत होती है, संगमरमर पर पांव फिसलता है

गांव के प्रतिनिधियों को सम्मान देते हुए उन्होंने कहा कि मिट्टी की पकड़ बहुत मजबूत होती है। संगमरमर पर तो हमेशा पांव फिसलता है, जिंदगी को इतना सीरियस लेने की जरूरत नहीं है यारों, यहां से जिंदा बच कर भला कौन गया है। जिसके पास सिर्फ सिक्के थे, मजे से बारिश में भीगते रहे, लेकिन जिसकी जेब में नोट थे, वह छत तलाशते रह गये। तो नोट के लिए काम नहीं करने का। वोट के लिए काम करने का। वोट तभी मिलेगा, जब आप समर्पण भाव से काम करोगे। और समर्पण क्या होता है, वह नरेंद्र मोदी ने हमें सिखाया है। पैसा तो इंसान को ऊपर ले जा सकता है, लेकिन इंसान पैसे को ऊपर कतई नहीं ले जा सकता। इत्र से कपड़े में खुशबू, कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन कर्म ऐसा करो कि आपके काम की खुशबू पूरी दुनिया में फैले। कपिल मोरेश्वर पाटील ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि दीपक प्रकाश, बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास के नेतृत्व में हमारे झारखंड के क्षेत्र से चुन कर आये सभी साथी ऐसा काम करेंगे कि एक दिन ऐसा आयेगा, जब पंचायतों का काम देखने के लिए लोगों को झारखंड आना होगा। झारखंड एक आदर्श बनेगा।

### कपिल मोरेश्वर पाटील की नजर में मुखिया का मतलब

कपिल मोरेश्वर पाटील ने मुखिया को बहुत ही सरल शब्दों में, परंतु बहुत ही गहराई से परिभाषित किया। उन्होंने कहा, जितनी बड़ी जमीन होती है, उतना बड़ा घर नहीं होता। जितना बड़ा घर होता है, उतना बड़ा दरवाजा नहीं होता। जितना बड़ा दरवाजा होता है, उतना बड़ा ताला नहीं होता और जितना बड़ा ताला होता है, उतनी बड़ी चाबी नहीं होती। लेकिन फिर भी जब हम घर से बाहर निकलते हैं, तो उस छोटी सी चाबी पर भरोसा कर घर को लॉक कर के जाते हैं। क्योंकि चाबी पर हमें भरोसा होता है। उसी तरह मुखिया देश की चाबी हैं।

# झारखंड में कोविड-19 के बाद भी प्रति व्यक्ति आय बढ़ी : हेमंत

मुख्यमंत्री ने कोडरमा में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में की शिरकत

सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना के एप्प को किया लांच



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि केंद्र सरकार के द्वारा एक रिपोर्ट जारी की गयी है। इसमें बताया गया है कि झारखंड देश के वैसे गिने-चुने राज्यों में शामिल है, जहां दो वर्षों तक कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के बाद भी प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। यह सब आपके सहयोग और सरकार के बेहतर प्रबंधन की वजह से संभव हुआ है। मुख्यमंत्री मंगलवार को कोडरमा में आयोजित 'आप की योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर 286 करोड़ 12 लाख 94 हजार रुपये की लागत से 513 योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने 3377 लाभुकों के बीच 22 करोड़ 98 लाख 23 हजार रुपये की परिसंपत्ति बांटे। साथ ही कोडरमा जिला प्रशासन की ओर से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के एप्प को भी लांच किया।

**बंद कमरों में योजनाएं बनती और समाप्ति हो जाती थीं :** मुख्यमंत्री ने कहा है कि पहले बंद कमरों में योजनाएं बनती थी और वहीं समाप्ति हो जाती थीं। लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलना तो दूर जानकारी तक नहीं होती थी। हमारी सरकार में अधिकारी तमाम योजनाओं को लेकर आपके दरवाजे पर जा रहे हैं। हमारा आग्रह है कि आप इन योजनाओं को अपने घर ले जाएं और अपनी आय बढ़ाकर सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बनें।

**अब तक मिल चुके हैं साढ़े आठ लाख से ज्यादा आवेदन :** हेमंत सोरेन ने कहा कि 12 अक्टूबर से चल रहे इस कार्यक्रम के तहत अब तक लगाये गये शिविरों में साढ़े आठ लाख से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। इन आवेदनों का निपटारा तीव्र गति से किया जा रहा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार इस कार्यक्रम के माध्यम से गरीबों और जरूरतमंदों को योजनाओं से आच्छादित करने का एक नया रिकॉर्ड बनेगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को अपने पंचायत में योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन देने में किसी भी तरह की कठिनाई है तो वे दूसरे पंचायतों में भी आवेदन कर सकते हैं।

**हर वर्ग और तबके के लिए है कल्याणकारी योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग और तबके के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं बना रही है। उन्होंने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, नये राशन कार्ड, धोती-साड़ी-लुंगी देने का कार्यक्रम, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत अन्य योजनाओं का जिक्र किया। इसके अलावा उन्होंने सरकार द्वारा शिक्षा की बेहतरी और गुणवत्ता के लिए उठाये जा रहे कदम से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा रोजगार की दिशा में उठाये जा रहे कदम का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य में निजी क्षेत्र की कंपनियों में 75 प्रतिशत नौकरी स्थानीय को देने के लिए नियमावली तैयार कर ली गयी है। अब निजी क्षेत्र में स्थानीय को नौकरी देने के लिए शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने सुखाड़ से निपटने की तैयारी के बारे में भी बताया। इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम व सत्यानंद भोक्ता, विधायक उमा शंकर अकेला, अमित यादव समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## इंटरपोल की 90वीं महासभा की बैठक शुरू, पीएम ने किया संबोधित

# खतरा ग्लोबल हो तो एक्शन सिर्फ लोकल न हो : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद, भ्रष्टाचार, मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध जैसे खतरे पहले से ज्यादा तेजी से बढ़ रहे हैं। जब संकट ग्लोबल हो तो प्रतिक्रिया सिर्फ लोकल नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इन खतरों से निपटने के लिए दुनिया के एकजुट होने का समय आ गया है। आज के समय में आतंकवाद सिर्फ भौतिक रूप में मौजूद नहीं है, बल्कि वह अब साइबर खतरों और ऑनलाइन कट्टरता के माध्यम से दायरा बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय एजेंसी को खरी-खरी सुनायी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचारी अपराध से जुटाये धन को दुनिया के दूसरे हिस्सों में जमा करते हैं। यह पैसा खतरनाक गतिविधियों में इस्तेमाल की जाती है। यह टेरर फंडिंग का एक बड़ा स्रोत है।



### दाऊद और सईद को कब सौंपोगे? पाक अफसरों ने साधी चुप्पी

इंटरपोल की बैठक में शामिल होने भारत आये पाकिस्तानी अफसर को दाऊद इब्राहिम और लश्कर-ए-तैयबा के चीफ हाफिज सईद का नाम सुन कर ही सांप सूंघ गया। वे पल्ला झाड़ते हुए अपनी सीट पकड़ कर बैठ गये। दरअसल पाकिस्तान की सबसे बड़ी जांच एजेंसी फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के डायरेक्टर जनरल मोहसिन बट से जब मीडिया कर्मियों ने सवाल करना चाहा तो वह पहले ही बोलने से इनकार करने लगे।

# डीएसपी से आइपीएस में प्रोन्नति पर अधिकारियों के कारण पेंच

चार बैच के 24 डीएसपी को बनाना है आइपीएस

झारखंड से भेजी गयी सूची पर यूपीएससी ने उठाये सवाल

अजय शर्मा

**रांची।** झारखंड के 24 डीएसपी को अभी आइपीएस में प्रोन्नति के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। अधिकारियों के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। प्रोन्नति के लिए जो सूची संघ लोक सेवा आयोग को भेजी गयी थी, उस पर यूपीएससी ने सवाल खड़ा कर दिया है। इस संबंध में आयोग ने राज्य के गृह सचिव राजीव अरुण एक्का को एक पत्र भेजते हुए उसका जवाब भी मांगा है। इसमें कहा गया है कि सूची में शामिल कई अधिकारियों के एसीआर आधे-अधूरे हैं, तो कई पर केस हैं। कई के फॉर्म गलत तरीके से भरे गये हैं। झारखंड एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां इस तरह बगैर पत्र के अनुशंसा भेज दी जाती है।

**क्या है मामला :** झारखंड में तैनात डीएसपी स्तर के अधिकारियों को आइपीएस में प्रोन्नति दी जानी है। इसमें 2017 में नौ, 2018 में चार, 2019 में पांच और 2020 में छह अधिकारी शामिल हैं। इस तरह कुल 24 डीएसपी आइपीएस बनेंगे।

**क्या लिखा है यूपीएससी ने :** यूपीएससी ने गृह सचिव को लिखा है कि प्रोन्नति के लिए जो सूची भेजी गयी है, उसमें जिनकी सेवा नियमित नहीं हुई है, उनके भी नाम हैं। इसमें शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर और मुकेश कुमार महतो शामिल हैं। हालांकि इनके साथ जो बर्खास्त हुए थे, उनमें से छह अधिकारियों को नियमित कर दिया गया है और उनके नाम छोड़ दिये गये हैं। इसके लिए डीएसपी स्तर के अधिकारी दोषी नहीं हैं। यह दोष सीनियर अधिकारियों पर जा सकता है। अधिकारियों पर सीबीआइ ने मुकदमा कर रखा है। कई अधिकारियों के वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) अपूर्ण हैं। इसके साथ ही सूची भेजने के क्रम में कुछ तथ्य छिपा दिये गये हैं। उदाहरण के लिए मजहरुल होदा पर क्रिमिनल केस है, वहीं दीपक कुमार पांडेय को वर्ष 2014-15 में, अजय कुमार को वर्ष 2015-16 में और पीतांबर सिंह को वर्ष 2015-16 में जो ग्रेडिंग मिली, वह औसत है। सैयद अनवर रिजवी, विकास कुमार पांडेय, विजय आशीष कुजूर के एसीआर सही ढंग से नहीं भेजे गये हैं। सूची में शामिल दीपक कुमार, राज कुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, दीपक कुमार पांडेय और रोशन गुड़िया के बारे में भी भी टिप्पणी की गयी है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 47,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 59,000 रु./प्रति किलो |



## मनीष तिवारी के सवालों से 22 साल बाद फिर कठघरे में है ग्रैंड ओल्ड पार्टी का आंतरिक चुनाव

# खड़गे जीत तो जायेंगे, पर मजबूत होगा कांग्रेस में लोकतंत्र!

**आजाद सिपाही विशेष**

देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपना नया अध्यक्ष चुन लिया है। मतदान पूरा हो गया है और परिणाम भी लगभग तय हो गया है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ही पार्टी की कमान संभालेंगे। एक दिन पहले हुए चुनाव को लेकर बहुत सारी बातें की जा रही हैं, लेकिन एक बड़ा सवाल तो यह पैदा हो रहा है कि इस एकतरफा चुनाव का क्या औचित्य था। जिस तरह पूरी चुनाव प्रक्रिया, तारीख की घोषणा से लेकर मतदान तक पर गांधी-नेहरू परिवार का असर दिखा, उससे सहज ही यह सवाल पैदा होता है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव में कौन वोट देगा और किसे वोट देगा, यह बाकायदा हाइकमान ने तय किया था और इसका परिणाम यह हुआ कि चुनाव के एक प्रत्याशी शशि थरूर कई राज्यों में पोलिंग एजेंट तक के लिए तरस गये। इस चुनाव पर गांधी-परिवार के असर का आलम यह था कि कई राज्यों में थरूर को एक भी वोट शायद ही मिला हो। इतना ही नहीं, कई राज्यों में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं-नेताओं को डेलीगेट्स नहीं बनाया गया। कारण पार्टी को यह अंदेशा था कि शायद वे कार्यकर्ता-नेता मल्लिाकार्जुन खड़गे को वोट न दें। परिणाम की औपचारिक घोषणा से पहले ही कांग्रेसी मान चुके हैं कि खड़गे ही चुनाव जीतेंगे, लेकिन मनीष तिवारी जैसे पार्टी के पुराने नेता कहने लगे हैं कि ऐसे तो किसी क्लब का भी चुनाव नहीं होता। उनका कहना सही भी है कि यदि इसी तरह चुनाव करना था, तो फिर सीधे-सीधे खड़गे को अध्यक्ष पद पर मनोनीत कर दिया जाता और बाद में मतदाताओं से उनके नाम की स्वीकृति ले ली जाती। मनीष तिवारी के इस बयान के बाद से अब कांग्रेसी ही नहीं, आम लोग और यहां तक कि कांग्रेस समर्थक भी यह सवाल करने लगे हैं कि यदि रबर स्टांप अध्यक्ष ही बनाना था, तो फिर इतनी कवायद क्यों की गयी। इसने पार्टी की पहले से खराब स्थिति को और भी हास्यास्पद बना दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष के इस चुनाव के परिणाम की घोषणा से पहले ही इसके सभी पहलुओं का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी और करीब साढ़े छह दशक तक दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के राजनीतिक क्षितिज पर एकछत्र राज करनेवाली कांग्रेस ने अपना नया अध्यक्ष चुन तो लिया है, लेकिन इस पूरी चुनाव प्रक्रिया ने अपने पीछे कई सवाल छोड़ दिये हैं। इस चुनाव का परिणाम अभी घोषित नहीं हुआ है, लेकिन यह लगभग तय है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ही पार्टी के नये अध्यक्ष होंगे। चुनाव में उनके प्रतिद्वंद्वी रहे शशि थरूर को बुरी तरह पराजित होना पड़ेगा। वैसे तो यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है, लेकिन इस चुनाव ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कांग्रेस आज भी गांधी-नेहरू परिवार की छाया से अलग नहीं हो सकी है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर यह कैसा आंतरिक लोकतंत्र है कि सब कुछ परिवार की सहमति और स्वीकृति से हुआ। उम्मीदवार चयन से लेकर किसे वोट देना है, यह सब कुछ आलाकमान ने तय कर दिया था और सब कुछ उसके अनुरूप ही हुआ। चूंकि गांधी-नेहरू परिवार ने खड़गे को उम्मीदवार बनाया था, इसलिए उनका समर्थन करने का निर्देश सभी प्रदेशों में पहले ही भेज दिया गया था। यही नहीं, कांग्रेस के उन समर्पित कार्यकर्ताओं-नेताओं को डेलीगेट्स की सूची में शामिल नहीं किया गया, जो पार्टी में लोकतंत्र की बात करते हैं। झारखंड को ही लीजिए, यहां पचास से ऊपर समर्पित नेताओं-कार्यकर्ताओं को यह अधिकार नहीं दिया गया। यहां तक कि देवघर के केएन झा जैसे पुराने नेता भी यह अधिकार नहीं पा सके। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष को भी इस लायक नहीं समझा गया कि वे डेलीगेट्स बन सकें। शशिभूषण राय जैसे नेता किनारे कर दिये गये। इसलिए खबर है कि शशि थरूर को कई राज्यों में वोट तो दूर, पोलिंग एजेंट तक नहीं मिले।

चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा है कि यदि कांग्रेस को अध्यक्ष पद के चुनाव के नाम पर औपचारिकता का ही परिचय देना था, तो फिर अच्छा होता कि चुनाव कराये ही न जाते। अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया यदि कुछ कह रही है तो यही कि आंतरिक लोकतंत्र का दिखावा किया जा रहा है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसे तो किसी क्लब का भी चुनाव नहीं होता।

### कैसे पूरी हुई चुनाव प्रक्रिया

इसी साल उदयपुर अधिवेशन में जब कांग्रेस ने यह तय कर लिया था कि वह एक व्यक्ति-एक पद के सिद्धांत पर चलेगी, तब राहुल गांधी की ओर से यह स्पष्ट करने की आवश्यकता ही नहीं थी कि यदि अशोक गहलोत पार्टी अध्यक्ष बनते हैं, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना होगा। अच्छा होता कि लगे हाथ वह यह भी साफ कर देते कि अशोक गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की सूरत में सचिन पायलट राजस्थान के मुख्यमंत्री बनेंगे या नहीं? राहुल ने जिस तरह कांग्रेस के भावी अध्यक्ष अशोक गहलोत की सीमाएं तय कर दीं, उससे यही रेखांकित हुआ कि पार्टी की कमान कोई भी संभाले, वह उनके और परिवार के अन्य सदस्यों के हिसाब से चलने के लिए विवश होगा। इसके बाद इसमें कोई संशय नहीं रहा कि कांग्रेस नेतृत्व यानी गांधी परिवार मल्लिकार्जुन खड़गे को ही अध्यक्ष बनाना चाहता है।

इसका एक अर्थ यह भी है कि कांग्रेस में परिवार शीर्ष पर बना रहेगा। अशोक गहलोत प्रकरण में किरकिरी के बाद गांधी-नेहरू परिवार ने जिस आपाधापी में खड़गे को अपना उम्मीदवार बनाया, उससे तो यही लगा कि पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव महज एक औपचारिकता है। ऐसे में यह सवाल तो उठता ही है कि यह चुनाव महज एक दिखावा है। इसमें सब कुछ उस परिवार की सहमति और स्वीकृति से हुआ, जो करीब दो दशक से कांग्रेस को अपनी निजी जागीर की तरह चला रहा है। यदि कांग्रेस को अध्यक्ष पद के चुनाव के नाम पर औपचारिकता का ही परिचय देना था, तो फिर इस कवायद की जरूरत ही नहीं थी। अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया यदि कुछ कह रही है तो यही कि आंतरिक लोकतंत्र का दिखावा किया जा रहा है। इस दिखावे से कांग्रेस यह दावा करने में भले समर्थ हो जाये कि आखिरकार उसने अपने नये अध्यक्ष का चुनाव कर लिया, लेकिन इससे पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती नहीं मिलनेवाली।

इसके अलावा 80 वर्षीय खड़गे के चयन के माध्यम से गांधी परिवार ने कुछ कड़े संदेश दिये हैं। पहला यही कि स्वायत्तता को लेकर बड़ी बातों के बावजूद वह पार्टी पर अपना नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं है। दूसरा वफादारी उनके लिए सबसे बढ़ कर है। आलाकमान का तीसरा संदेश यह भी है कि परिवार अपने वारिस राहुल गांधी के लिए कोई प्रतिस्पर्धा नहीं चाहता। पहली नजर में भले ही इस व्यवस्था में कुछ खोट नजर आये, लेकिन व्यावहारिक नजरिये से यही तार्किक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि राजनीतिक टिप्पणीकार क्या कहते हैं, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि जनता कांग्रेस को गांधी परिवार से ही जोड़ कर देखती है। जब तक पार्टी खुद ही न बिखर जाये, तब तक इस रिश्ते को खत्म नहीं किया जा सकता।

दूसरी ओर शशि थरूर को भी अपनी जीत के कोई आसार नहीं दिखते और लगभग तय हार को वह स्वीकार कर चुके हैं, लेकिन अपने घोषणा पत्र के माध्यम से उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण संदेश जरूर दिये हैं। उनमें सबसे महत्वपूर्ण पीढ़ीगत परिवर्तन और पार्टी को भविष्य के लिए तैयार करने का है। इसके साथ ही उन्होंने शायद देश की सबसे पुरानी पार्टी में कायाकल्प का बीजारोपण कर दिया है।

# किस्को बीडीओ 20 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**एसीबी रांची की टीम ने 15वें वित्त के कोऑर्डिनेटर को भी 5 हजार रुपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार**

सत्यकाम/ हुसैन अंसारी

**किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड मुख्यालय में एसीबी रांची की बड़ी कार्रवाई मंगलवार को देखने को मिली। प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को अनिल कुमार मिंज को रांची एसीबी की टीम के द्वारा 20 हजार रुपये अपने कार्यालय में नगद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। वहीं 15वें वित्त योजना के किस्को प्रखंड कोऑर्डिनेटर परमानंद कुमार झा को एसीबी की टीम के द्वारा 05 हजार रुपये नगद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि रिश्वत की राशि किस्को प्रखंड के भूतपूर्व प्रखंड प्रमुख अश्फाक अंसारी से बीडीओ अनिल कुमार मिंज और परमानंद कुमार झा के द्वारा मांगी गयी थी। जिसकी सूचना पूर्व प्रमुख अश्फाक अंसारी के द्वारा रांची एसीबी टीम को लिखित रूप से दी गयी थी। इधर मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल और सत्यापन करने के बाद यह कार्रवाई मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे की गयी। जिससे प्रखंड मुख्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो रांची टीम का छापा किये जाने से सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों में दहशत फैल गयी। इस बीच एसीबी की कार्यवाही से अधिकारी एवं कर्मी इधर-उधर भागते-फिरते दिखाई दिये। मालूम हो कि किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह में पंचायत समिति योजना मद से 2019/020 से निर्मित नाली निर्माण कार्य के निपटारे में बीडीओ अनिल कुमार मिंज और 15वें वित्त के प्रखंड कोऑर्डिनेटर परमानंद कुमार झा के द्वारा पूर्व उप प्रमुख अश्फाक अंसारी से घूस की मोटी रकम मांग किया गया था। इधर दोनों घूसखोर पदाधिकारी को प्रखंड से रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर अपने साथ एसीबी की टीम रांची ले गयी। एसीबी के कार्रवाई के बाद किस्को प्रखंड मुख्यालय में अफरा-तफरी मच गयी एवं अन्य विभागों के विभागीय पदाधिकारी व कर्मी एसीबी की नजर से इधर उधर भागते फिरते दिखाई दिये। उल्लेखनीय है कि किस्को में बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक आहूत की गयी थी। इधर एसीबी के कार्रवाई के बाद बैठक को रद्द कर दिया गया। ज्ञात हो कि विगत दिनों किस्को प्रखंड मुख्यालय में आयोजित बीस सूत्री कार्यांवयन समिति की समीक्षा बैठक में विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मियों से बीस सूत्री सदस्य गुलाम जिलानी के द्वारा जानकारी प्राप्त किया जा रहा था इसपर सदस्य गुलाम जिलानी को अपनी बातों को पूरी तरह से रखे जाने पर खंडन किया जा रहा था। इसे लेकर बीस सूत्री सदस्य गुलाम जिलानी बैठक के दौरान ही नाराजगी व्यक्त करते हुए किस्को प्रखंड में एसीबी की कार्रवाई होने की बात कही गयी थी। इधर चर्चा है कि दो अन्य पदाधिकारी भी एसीबी की रडार में थे। परंतु मुख्यालय में उपस्थित नहीं होने के कारण उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी।



# अमित अग्रवाल के हस्ताक्षर को सत्यापित करनेवाले जेल अधीक्षक जांच के दायरे में

**कई नेताओं ने जेल अधीक्षक की कार्रवाई को बताया गलत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कारोबारी अमित अग्रवाल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दायर करने के मामले को लेकर राजनीति गरमा गयी है। अमित अग्रवाल के उस हस्ताक्षर, जिसका सत्यापन होटवार जेल के जेल अधीक्षक ने किया है, उस पर सवालिया निशान उठने लगे हैं। यह कहा जा रहा है कि जब आरोपी प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में था, तो जेल अधीक्षक ने किस बिना पर अमित अग्रवाल के हस्ताक्षर का सत्यापन कर दिया। इस मामले पर विपक्षी दल भाजपा और निर्दलीय विधायक सरयू राय ने सरकार पर निशाना साधा है। वहीं राज्य के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने पूरे प्रकरण पर सरकार कठघरे में खड़ा किया है। सरयू राय ने अपने ट्वीट में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में दाखिल इडी के अभियुक्त अमित अग्रवाल का वकालतनामा बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार के जेल अधीक्षक ने 12 अक्तूबर 2022 को सत्यापित (एटेस्टेड) किया है, जबकि उस समय अमित अग्रवाल जेल में था ही नहीं, उस समय वह इडी की हिरासत में था। जब अभियुक्त जेल में था ही नहीं, तब उसके हस्ताक्षर का सत्यापन किस आधार पर किया गया। सुप्रीम कोर्ट में दर्ज वकालतनामा पर अमित अग्रवाल के हस्ताक्षर को 12 अक्टूबर को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक द्वारा सत्यापित किया गया था, जब वह न्यायिक हिरासत में नहीं था।

वह प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में था। झारखंड जेल प्राधिकरण द्वारा इडी की पुलिस हिरासत में वकालतनामा पर अमित अग्रवाल के हस्ताक्षर की पुष्टि चौंकाने वाली बात है। इडी ने अमित अग्रवाल को 7 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था और अगले दिन उसे विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश किया गया था। विशेष अदालत ने उसे पूछताछ के लिए सात दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

एजेंसी ने 14 अक्टूबर को अमित अग्रवाल और अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ अभियोजन की शिकायत दर्ज करायी थी। इस तारीख को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसका मतलब है कि अमित अग्रवाल 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर की दोपहर तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में था। केवल 9 अक्टूबर को बिरसा मुंडा जेल में था। फिर उसने 12 अक्टूबर को वकालतनामा पर अपने हस्ताक्षर का सत्यापन कैसे किया, जब वह न्यायिक हिरासत में नहीं था। सूत्रों के मुताबिक इडी मामले की जांच कर रही है और कानूनी सलाह भी ले रही है।

### सबसे महंगे वकील कपिल सिब्बल को ही हायर करती है सरकार : बाबूलाल

**वहीं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड सरकार अपनी हर भ्रष्टाचार पर कानूनी दांव पेंच के लिए सबसे महंगे वकील कपिल सिब्बल को ही हायर करती है। हाल में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के हाथ लगे कारोबारी अमित अग्रवाल को भी राहत दिलाने के लिए एडवोकेट कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दलील को एक सिरे से खारिज कर कहा कि जहां केस है, वहां के हाइकोर्ट में जाइये।**

## साहिबगंज डीसी से कोर्ट ने कहा-अवैध माइनिंग रोकने की जगह क्या कर रहे हैं, सब दिखता है

# साहिबगंज डीसी को हाइकोर्ट की फटकार, कटिहार डीएम पर अवमानना केस दर्ज करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने कटिहार (बिहार) जिले के डीएम उदयन मिश्रा पर अवमानना का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। अदालत में सशरीर हाजिर नहीं होने पर यह आदेश दिया गया है। गंगा नदी में मालवाहक जहाज परिचालन की अनुमति नहीं देने से जुड़े मामले में अदालत में साहिबगंज डीसी एवं कटिहार के डीएम को हाजिर होना था।



### 3 नवंबर को कटिहार डीएम को हाजिर होने को कहा

साहेबगंज डीसी मंगलवार की सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित थे। वहीं कटिहार के डीएम बीमारी का हवाला देते हुए कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। कटिहार डीएम उदयन मिश्रा की जगह एसडीएम कुमार सिद्धार्थ अदालत में मौजूद थे। उनकी उपस्थिति पर अदालत ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अवमाननावाद का केस दर्ज करने का आदेश दिया और 3 नवंबर को डीएम को अदालत में हाजिर होने को कहा है। अदालत अब 3 नवंबर को चार्ज फ्रेम करेगी। वहीं साहिबगंज डीसी को भी कोर्ट ने फटकार लगाते हुए मौखिक रूप से कहा कि अवैध माइनिंग रोकने की जगह क्या कर रहे हैं, सब दिखता है।

### प्रकाश चंद्र यादव ने याचिका दाखिल की है

जय बगरंग बली स्टोन वर्क्स के मालिक प्रकाश चंद्र यादव ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि पहले जिला प्रशासन द्वारा समदा घाट (साहिबगंज) और मनिहारी घाट (कटिहार, बिहार) के बीच गंगा नदी में उनके मालवाहक जहाज के संचालन की अनुमति दी गयी थी। बावजूद इसके रोल-ऑन/रोल-ऑफ था। भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आइडब्ल्यूएआइ) से संचालन की अनुमति नहीं थी। प्राधिकरण ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा जहाजों का संचालन भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम 1985, राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम 2016, अंतरदेशीय पोत अधिनियम1917 के प्रावधानों के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा लागू कानूनों के अनुसार किया जायेगा। इसके अलावा संथाल परगना डिवीजन के आयुक्त ने निर्देश दिया था कि याचिकाकर्ता अपने स्वामित्व वाले या वैध समझौते के तहत अपने कितने भी जहाजों/ रो-रो जहाजों/ बार्जों की फेरी लगा सकता है।

### दोनों जिला प्रशासन ने बाधा उत्पन्न की

याचिकाकर्ता ने कहा कि स्पष्ट आदेश के बावजूद साहिबगंज और कटिहार जिला प्रशासन ने मालवाहक जहाज संचालित करने की अनुमति नहीं दी और जब झारखंड उच्च न्यायालय ने उनके पक्ष में आदेश पारित किया, तो दोनों जिला प्रशासन ने बाधा उत्पन्न की। इसलिए वह काम करने में असमर्थ हैं और उनका व्यवसाय प्रभावित हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता विमल कीर्ति सिंह ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा।

# पंकज मिश्रा की जमानत पर जवाब के लिए इडी को मिला वक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोप में जेल में बंद सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा जेल में दिवाली मनायेंगे। पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर सोमवार को रांची इडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। इडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने समय देते हुए 29 अक्टूबर को इडी को अपना जवाब दायर करने का निर्देश दिया है। अब पंकज मिश्रा की बेल पिटीशन पर 29 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा पर है केस

बता दें कि इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा पर 4 जून को केस दर्ज किया था। उन पर साहिबगंज जिला के बरहरवा थाना में वर्ष 2020 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसके तहत उन्हें अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में इडी ने शंभु नंद कुमार का बयान भी दर्ज किया था। शंभु ने इडी को दिये बयान में राज्य के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम का भी नाम लिया था। साहिबगंज के बरहरवा में जून 2020 के टेंडर विवाद में एक केस दर्ज किया गया था, जिसे इडी ने टेकओवर किया है।




# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

07 दिन

| कुल आवेदन प्राप्त | कुल निष्पादन | कुल प्रक्रियाधीन |
|---|---|---|
| 10,63,679* | 4,97,458* | 5,66,221* |

*डाटा जानकारी 18/10/2022, 06:00 PM

स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/



# रीमा बिटिया का डॉक्टर बनने का सपना होगा साकार

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ ले रहीं हजारों किशोरियां

**झारखण्ड/ गढ़वा**

गढ़वा के खरसोता पंचायत स्थित बालिका स्कूल में आठवीं की छात्रा रीमा को अब भरोसा है कि वह पढ़ाई जारी रख सकेगी और डॉक्टर जरूर बनेगी। अब उसे आगे की पढ़ाई करने में कठिनाई नहीं होगी। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत रीमा को 2,500 रुपये की सहायता मिली है। रीमा कहती है, सरकार द्वारा मिल रहे इस प्रोत्साहन के जरिये अब मैं अपने लक्ष्य को अवश्य पूरा करूंगी।

रीमा के स्कूल में पढ़ने वाली 140 बच्चियों में से 120 बच्चियों को इस योजना का लाभ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिये मिला है। रीमा जैसी ही लाखों किशोरियां स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बन रहीं हैं और इस योजना के जरिये उनकी उम्मीदों को पंख जरूर लगेंगे।

योजना का उद्देश्य ही बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत तथा महिला सशक्तिकरण है। सरकार की इस योजना का लाभ सभी योग्य किशोरियों को प्राप्त हो, इसके लिए सरकार गांव, टोला और उनके घर द्वार पहुंच कर उन्हें योजना से जोड़ रही है। अभी तक 80 हजार से अधिक किशोरियों को इस योजना का लाभ मिला है।

देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम से संचालित इस योजना के जरिये किशोरियों को कक्षा 8वीं में 2,500 रुपये, कक्षा 9वीं में 2,500 रुपये, कक्षा 10वीं में 5,000 रुपये, कक्षा 11वीं में 5,000 रुपये, कक्षा 12वीं में 5,000 रुपये एवं 18-19 वर्ष की आयु की किशोरियों को एकमुश्त 20,000 रुपये सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस पूरी अवधि में कुल 40,000 रुपये की आर्थिक सहायता किशोरियों को मिलेगी। इससे उन्हें आगे पढ़ने में सहयोग मिलेगा और ड्राप आउट रेट भी घटेगा।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा बीते दिनों आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत योग्य लाभुकों से आवेदन लेकर जांच के बाद योजना का लाभ दें।

इस योजना के साथ-साथ अन्य कई लोक-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे शत-प्रतिशत लाभुकों को योजनाओं से जोड़ा जा सके।



●गिरिडीह में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्राप्त करती किशोरी।

# सोचा नहीं था इतनी जल्दी मिलेगा लोन, अब मैं भी बनूंगा मालिक : सुरेश

**झारखण्ड/ गिरिडीह**

मुझे मिनी बस के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 20 लाख रुपये का चेक मिला है। मेरे द्वारा दिए गए आवेदन पर बहुत ही कम समय में लोन की स्वीकृति मिल गयी। मुझे बार-बार कार्यालय जाने की जरूरत भी नहीं पड़ी।

इससे पहले तक मैं अपने भविष्य को लेकर चिंतित था, लेकिन अब मुझे इस योजना का लाभ मिला है। सरकार का आभार। अब मैं स्वरोजगार के जरिये अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास करूंगा। राज्य के मेरे जैसे बेरोजगार युवाओं को इस योजना का लाभ उठा कर स्वरोजगार अपनाना चाहिए। यह योजना व्यवसाय करने वाले युवाओं के लिए बहुत लाभदायक है।




●मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभुक।

# सर्वजन पेंशन बनी लाखों बुजुर्गों के बुढ़ापे की लाठी

**झारखण्ड/ चाईबासा**

सर्वजन पेंशन योजना से राज्य के लाखों बुजुर्ग, निराश्रित महिला और दिव्यांग आदि को पेंशन का लाभ मिल रहा है। चाईबासा प्रखंड अंतर्गत बादुरी के अरधन कुदादा बताते हैं कि वह 65 साल के हैं तथा पेंशन लेने के लिए उन्होंने कई बार प्रयास किया, लेकिन कभी पेंशन का लाभ नहीं मिला। वह कहते हैं कि मैं सीएम हेमन्त सोरेन जी को बहुत बधाई और आशीर्वाद देता हूं कि वह हम जैसे बुजुर्गों का ध्यान रखते हुए गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन करवा रहे हैं। आज अपने ही गांव में लगे शिविर में आने के बाद यहां उपस्थित कर्मियों के द्वारा मुझे योजना की जानकारी मिली तथा मेरा आवेदन लिया गया और तत्काल मुझे पेंशन की स्वीकृति भी मिल गई। मैं बहुत खुश हूं। आज मुझे पेंशन का लाभ मिला है, तो ऐसा लग रहा है मानो मुझे बुढ़ापे की लाठी मिल गई हो।



● सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित हुए बुजुर्ग।

# पशुधन योजना बन रहा महिला सशक्तिकरण का आधार




"निर्मला देवी महिला सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा चुकी हैं और अब वह अपने दो बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने और उनका भविष्य संवारने पर अपना पूरा ध्यान देंगी।"

निर्मला को मिला मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ

**झारखण्ड/ लोहरदगा**

पति की मृत्यु के बाद मानसिक रूप से टूट चुकी निर्मला देवी को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ मिला। लोहरदगा के भंडरा प्रखंड निवासी निर्मला देवी को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पहले दिन मुर्गी शेड निर्माण हेतु स्वीकृति मिली। निर्मला ने बताया कि पति ही एकमात्र थे, जो परिवार के भरण पोषण के लिए कमाते थे। पति साईकिल मिस्त्री का काम करते थे और उस समय घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक थी। जब पति की मृत्यु हो गई तो, उसे घर से बाहर कमाने के लिए निकलना पड़ा। लेकिन, उससे परिवार का भरण पोषण बमुश्किल हो पाता था।

लेकिन, निर्मला अब महिला सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा चुकी है और अब वह अपने दो बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने और उनका भविष्य संवारने पर अपना पूरा ध्यान देंगी।

निर्मला की तरह ही भंडरा प्रखंड में खेती किसानी का कार्य करने वाले कई लोगों ने कृषि के साथ-साथ कृषि आधारित कार्य करने हेतु भंडरा में आयोजित शिविर में आवेदन दिया। शिविर में सभी औपचारिकता पूरी कर लोगों को मुर्गी पालन समेत अन्य पशुपालन से संबंधित आवेदन पर स्वीकृति दी गई, साथ ही अन्य योजनाओं से भी जरूरतमंद लोगों को जोड़ा जा रहा है।

# 75 वर्ष बाद बोरहा गांव पहुंची सरकार

**झारखण्ड/ गुमला**

आजादी के बाद पहली बार गुमला के बिशुनपुर प्रखंड स्थित बोरहा गांव में सरकार योजनाओं की गठरी लेकर पहुंची। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हुआ और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिला। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा और योजना का लाभ लिया। पहले यहां नक्सली डर से अधिकारी भी जाने से कतराते थे, लेकिन अब परिस्थितियों में बदलाव हुआ है। सरकार सुदूरवर्ती गांव में रहने वाले ग्रामीणों तक अपनी पहुंच बना योजनाओं से जोड़ रही है, जिससे ग्रामीण अबतक अछूते थे। ग्रामीणों ने मुख्य पथ से गांव तक सड़क निर्माण की मांग की है। इस समस्या के समाधान का भरोसा जिला प्रशासन ने दिया है। जल्द सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी।

# अब उन्नत खेती कर सकेंगी ललिता

**झारखण्ड/ चतरा**

चतरा स्थित देवरिया गांव निवासी महिला कृषक ललिता देवी भोक्ता को अब प्रगतिशील किसान बनने में आर्थिक स्थिति बाधक नहीं बनेगी। ललिता को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 78 हजार रुपये का लोन केसीसी के तहत प्राप्त हुआ है। प्राप्त आर्थिक मदद से ललिता उन्नत तकनीक का उपयोग चार एकड़ भूमि में लगे हाइब्रीड टमाटर की खेती में करेंगी। ललिता कहती हैं कि लोन की राशि मिलने से उन्हें सहारा मिला है। बैंक से लोन प्राप्त करने में सरकार ने सहयोग प्रदान किया। देखते ही देखते मेरा लोन स्वीकृत हुआ। अब मैं खूब मेहनत करूंगी।



●उन्नत खेती के लिए मिला केसीसी।

# पेंशन की राशि से दृष्टिहीन बेटी का भविष्य संवारेगी मां

**झारखण्ड/ पाकुड़**

पाकुड़ के पाकुड़िया प्रखंड स्थित बसंतपुर निवासी आठ वर्षीय दृष्टिहीन बिटिया शहनाज परवीन को उम्मीदों की नई रोशनी मिली है। बिटिया को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन योजना के तहत दिव्यांग पेंशन का लाभ ऑन द स्पॉट मिल गया। शिविर में शहनाज अपनी मां के साथ आवेदन लेकर आई थी। शहनाज जन्म से दोनों आंखों से दृष्टिहीन है। शिविर में आते ही उससे तुरंत आवेदन प्राप्त कर मेडिकल टीम ने सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए दिव्यांग पेंशन स्वीकृत की।




●पेंशन योजना से आच्छादित हुई बेटी।

# धन्यवाद

## झारखण्ड सरकार



"मुझे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत मुर्गी पालन हेतु एक दिन में ही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुर्गी पालन की स्वीकृति मिल गई। मुर्गी पालन के जरिये होनेवाली आय से अपने व्यवसाय को और मजबूत करूंगा। आनेवाले समय में अन्य पशुपालन योजनाओं का भी लाभ लूंगा और अन्य लोगों को भी प्रेरित करूंगा।"

- रौशन एक्का, लोहरदगा



"मुझे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिला है। आगे चलकर मैं अच्छा करते हुए अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन करना चाहती हूं। इस योजना से जुड़ कर मैं काफी खुश हूं। थैंक यू सीएम सर!"

- सुप्रिया कुमारी, बोकारो



"दिव्यांगता के कारण कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। श्रवण मशीन नहीं रहने के कारण मुझे सुनने व समझने तथा चलने-फिरने में काफी परेशानी होती थी। लेकिन, शिविर में मुझे श्रवण मशीन और ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई है, इसके लिए सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद।"

- खिरोधर प्रसाद महतो, हजारीबाग




"आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के बारे में जानकारी मिली। मुझे योजना के तहत 50,000 रुपये का चेक प्राप्त हुआ। अब मुझे परिवार का पालन-पोषण करने के लिए शराब बेचना नहीं पड़ेगा। गांव-गांव शिविर लगाने के लिए राज्य सरकार का आभार।"

- हेमंती मुर्मू, गोड्डा



"मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि मेरी ही टोली में लगे कैंप में मेरा पेंशन स्वीकृत हो गया, मुझे कहीं भी चक्कर नहीं लगाना पड़ा। मुझे पेंशन के तौर पर बुढ़ापे में सहारा मिला है। इस योजना का लाभ मेरी टोली के कई लोगों को प्राप्त हुआ है। झारखण्ड सरकार को धन्यवाद और जोहार।"

- फागी देवी, गुमला



"मुझे सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का लाभ मिला है। यह योजना हम जैसे गरीबों के लिए मददगार है। अब मुझे साल में दो बार वस्त्र मिलेगा। इस योजना से मुझे तत्काल जोड़ दिया गया और साड़ी भी मिली। अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी योजना का लाभ लेने के लिए कहूंगी। सरकार ने साड़ी देकर मेरी जैसी बूढ़ी महिला को मान-सम्मान दिया है। हेमन्त बेटा को धन्यवाद।"

- मंगरी उरांव, खूंटी



●बूढ़ा पहाड़ के खपरी महुआ गांव में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।

# बूढ़ा पहाड़ : सीएम की पहल पर पहली बार प्रशासन पहुंचा लोगों के द्वार

**झारखण्ड/ गढ़वा**

किसी को इस बात का यकीन नहीं था कि झारखण्ड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़ तक सरकार पहुंचेगी। कल तक जहां नक्सलियों की चहलकदमी थी, आज वहां के लोगों के दरवाजे तक सरकार योजना लेकर पहुंची है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर आजादी के बाद पहली बार घोर नक्सल प्रभावित गढ़वा स्थित बूढ़ा पहाड़ के खपरी महुआ गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान सर्वजन पेंशन योजना के तहत पंचायत के 26 वृद्ध, दिव्यांग, निराश्रित महिलओं को पेंशन स्वीकृति पत्र, 59 व्यक्तियों को हरा राशन कार्ड वितरित किया गया। लोगों को गांव में काम मिले और पलायन न हो, इसके लिए बूढ़ा पहाड़ के टेहरी पंचायत में मनरेगा और 15वें वित्त आयोग से कुल 26 योजनाओं का शुभारम्भ हुआ। श्रमिकों के बीच 33 जॉब कार्ड वितरित किए गए। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत किशोरियों को स्वीकृति पत्र बांटे गए। पदाधिकारी एक-एक कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए और जल्द निदान का भरोसा दिया।

मालूम हो कि वर्षों बाद बूढ़ा पहाड़ स्थित गाँव में सरकार और सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंची हैं।

P.R. 280217 (IPRD) 22-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 19 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


## पुराना इचाक में शिविर आयोजित



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविरों की कड़ी में प्रखंड इचाक के पुराना इचाक में शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार उपस्थित हुई। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा के अन्तर्गत कंबल वितरण, धोती साड़ी वितरण, मनरेगा के अन्तर्गत जॉब कार्ड वितरण मुख्य मंच से अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया गया। मौके पर पंचायत अन्तर्गत रोजगार सृजन हेतु 30 योजनाओं की स्वीकृति, स्वरोजगार हेतु केसीसी ऋण एवम जेएसएलपीएस के माध्यम से सरकार की फ्लैगशिप योजना फूलो झानो योजना अन्तर्गत सम्मानजनक स्वरोजगार हेतु कबूतरी देवी को 10 हजार का चेक वितरण किया गया। 3 सखी मंडलों को रोजगार के साधन बढ़ाने के लिए 5 लाख रुपए का क्रेडिट कार्ड लिंकेज कर ऋण दिया गया। शिविर में सभी विभागों का स्टॉल लगा कर जनता को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों की समस्या का समाधान किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के वरीय अधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, प्रमुख पार्वती देवी, बीडीओ रिंकु कुमारी, सीओ मनोज महथा, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, सीडीपीओ नीलू रानी, मुखिया किरण देवी, पंसस गायत्री देवी, समाजसेवी रविशंकर कुमार उर्फ भोला समेत अन्य पंचायत जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## सीसीएल गेस्ट हाउस में लोजपा ने की प्रेसवार्ता, झारखंड सरकार पर खूब गरजे



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने सीसीएल गेस्ट हाउस नया नगर बरकाकाना में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया जिसमें युवा राष्ट्रीय लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम व कई कार्यकर्ता मोजुद रहे।पत्रकारों को संबोधित करते हुए लोजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री राज ने कहा की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए का हिस्सा है और आने वाले चुनावों में एनडीए के साथ गठबंधन में ही चुनाव लड़ेंगे।उन्होंने कहा की पूरे झारखंड का सघन दौरा चल रहा है अभी तक सतरह जिलों की जिला समितियों का गठन हो चुका है,अन्य जिलों में भी जल्द से जल्द गठन कर लिया जायेगा।उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत सरकार की योजनाओं को जनता कैसे लाभान्वित हो इसके लिए पार्टी कार्यकताओं को प्रशिक्षित कर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है,जिससे वह आम जनता को इसका लाभ पहुंचा सके।श्री राज ने वर्तमान झारखंड सरकार को भ्रष्टाचार की गंगोत्री में डूबी हुई सरकार बताते हुए कहा की झारखंड के इतिहास में अब तक का सबसे ज्यादा घोटाला का पदार्फाश वर्तमान सरकार में हो रही है,जहां भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पूजा सिंघल खनन घोटाले में होटवार जेल में बंद हैं वही मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के अलावा प्रेम प्रकाश जैसे लोग अधिकारियों का ट्रांसफर पोस्टिंग देखते हैं इस सरकार का भगवान ही मालिक है।उन्होंने कहा 1932 के नाम पर सिर्फ स्थानीय लोगों को खुश करने के लिए बयान दिया है,वस्तुतः संवैधानिक रूप से इसको लागू करने में जो कठिनाई है उससे सरकार भी वाकिफ है,नियमानुसार बिहार के बंटवारे में जो लोग झारखंड में निवास कर रहे हैं वो झारखंडी है।इसके पूर्व बरकाकाना पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत हुआ एवं बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।मोके पर राष्ट्रीय लोजपा जिला अध्यक्ष राज कुमार रवानी, युवा जिला अध्यक्ष शंकर कालिन्दी, शिवा राम, विकास झा, दिपक महतो, बबलु राम, अमरनाथ कुमार, दिपक साव, रामबीर राम,पवन कुमार, बिक्रम राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़ के चानो व सारूकुदर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के चानो व सारूकुदर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।समारोह में वरीय पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार , बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, अंचल अधिकारी रामबालक कुमार ,बीपीआरओ रामचन्द्र दांगी ,आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रमुख जैबुन निशा , 20 सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव,जिप सदस्य सरयू पटेल,मुखिया गीता देवी,उत्तम कुमार आदि उपस्थित थे। चानो पंचायत में खाद्य सुरक्षा योजना के 40,सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना 159,मुख्यमंत्री पशुधन योजना 15,सर्व धन पेंशन योजना के 26,मनरेगा 01,15वे वित्त, धोती साड़ी योजना,05,कम्बल 10,भू लगान रशीद 12,ई शर्म कार्ड 02,राशन कार्ड आधार से लिंक 01,जेएस एल पी एस 01,मनरेगा जॉब कार्ड वितरण 05,जॉब कार्ड के लिए 06,नाम जोड़ने व हटाने 40 के लिए आवेदन आये।वही सारूकुदर पंचायत में खाद्य सुरक्षा योजना के 60,सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना के 205,मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 55,सर्वजन पेंशन योजना के 43,मनरेगा 07,15वे वित्त 02,धोती साड़ी लुंगी 04 वितरण,कम्बल वितरण दस,भु लगान रशीद 16,ई शर्म कार्ड 01,जेएस एल पी एस 01,शिक्षा विभाग में 01,जॉब कार्ड 05,दाखिल खारिज 01,राजश्व 02, राशन कार्ड में नाम जोड़ना सुधार करना 68,पेंशन 03,आवेदन आया।

## दिवंगत उज्ज्वल कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



दारू (आजाद सिपाही)। ईरगा पंचायत के ईरगा क्रिकेट मैदान में दिवंगत उज्ज्वल कुमार स्मृति क्रिकेट टूनामेंट का भव्य आयोजन किया गया । टूनामेंट के मुख्य अतिथि समाजसेवी मुन्ना सिंह और विशिष्ट अतिथियो का माला पहनाकर स्वागत किया गया । टूनामेंट के उद्घाटन से पूर्व दिवंगत उज्ज्वल कुमार के चित्र पर फूल माला अर्पित कर उनकी आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन मुद्रा रखा गया । मुन्ना सिंह मैदान पर पहुँच कर उद्घाटन मैच के टीम अमृतनगर और बेरहो के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । खिलाड़ियों और वहां उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि दिवंगत उज्ज्वल बहुत ही नेक लड़का था लेकिन पिछले वर्ष एक सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गयी। आज यहां के ग्रामीणों और युवकों ने उनके नाम से क्रिकेट मैच करा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है क्योकि उज्ज्वल एक क्रिकेट प्रेमी थे । उनके परिवार वालो को कभी भी सहयोग की जरूरत होगी मैं सहयोग करने के लिए ततपर हूँ । इस मौके पर मुख्यरूप सेअध्यक्ष योगेन्द्र कुमार सचिव मिलन कुमार रवि कोषाध्यक्ष अत्ताहुल्लाह खान ,उज्ज्वल के पिता बालेश्वर राणा, समाजसेवी रामचंद्र ठाकुर, बासदेव राणा बसंतकुमार रवि, भुनेश्वर यादव, महाबीर कुशवाहा, शिवशंकर चौरसिया, महाबीर यादव, प्रदीप कुशवाहा , यूसूफ खान, शम्भू राणा, अजित आर्या, राज खान , एजाज, अक्षय, कृष, अंकित , तनवीर, करण, अप्पू, अभय सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद थे ।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत भराजो में शिविर का आयोजन



टाटीझरिया (आजाद सिपाही) । प्रखंड के भराजो पंचायत भवन में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से जिला कल्याण पदाधिकारी इंदु खलखो, जिप सदस्य रामप्रसाद, बीडीओ शाइनी तिग्गा, बीस सुत्री अध्यक्ष रवि सिंह, मुखिया स्वास्तिका कुमारी, पंसस शोभा देवी व अन्य उपस्थित हुए। शिविर में केसीसी ऋण, श्रम विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, पैक्स, पेंशन, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी समेत अन्य स्टॉल लगाया गया था। शिविर में पंचायत के अमनारी और भराजो समेत अन्य गांव के ग्रामीण उपस्थित हुए। शिविर में विभिन्न स्टॉलों में कई आवेदन आए वहीं कई समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन किया गया। अधिकारियों ने किशोरी सावित्री बाई फुले योजना की जानकारी लोगों को दिया और साथ ही बच्चियों के बीच स्वीकृति पत्र भी दिया गया।इसमें कक्षा आठवीं से बारहवीं तक की छात्राओं को इसके लाभ की जानकारी दी। फुलो फालो योजना के तहत बीस हजार का चेक दिया गया। मजदूरों के बीच रोजगार कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार पाण्डेय, सुधीर राय,विजय रवि, नागेश्वर राम, सुनील कुमार, रामप्रसाद कुशवाहा,प्रकाश रवि, कृष्णा प्रसाद,कौलेश्वर कुमार,प्राण कुम्हार,सुरज कुमार, अवधेश प्रसाद,मनोज प्रजापति, रोहित कुमार, रघुनंदन प्रसाद, सुधीर कुमार, रामनारायण कुशवाहा,अशोक कुमार,संदीप कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# 15 अक्टूबर से गायब चार वर्षीय जिशान का शव बरामद

## हत्या की आशंका : लोगों ने एनएच को किया जाम

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के कटकमदाग थाना के सुल्ताना क्षेत्र से पिछले 15 अक्टूबर से लापता चार वर्षीय मोहम्मद जीशान हुसैन (पिता-मोहम्मद गुलजार) का शव सुल्ताना के बंडा तालाब से मिला है। शव मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। देखते ही देखते सैकड़ों लोग जमा हो गये। लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को देकर एनएच 100 को जाम कर दिया। सुबह करीब 8:00 बजे लोगों ने सड़क जाम किया और उसके बाद वाहनों की लंबी कतार लग गयी।

### जांच और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

ग्रामीण हत्या की बात कहते हुए जांच की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। जाम कुछ इस प्रकार था कि मोटरसाइकिल भी सड़क पार नहीं कर पा रही थी। पुरुष के साथ महिला और बच्चे ब्री सड़क पर बैठे थे। पुलिस ने बहुत समझा-बुझा कर जाम को हटवाया।

### 15 अक्टूबर को घर से निकला था जिशान

ज्ञात हो कि 15 अक्टूबर को सुबह करीब 10:00 बजे जिशान घर से खेलने के लिए निकला था और उसके बाद लापता हो गया था। आसपास के लोगों ने जानकारी दी थी कि उसे कोई उठा ले गया है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की। इस बाबत सनहा दर्ज किया गया था। मंगलवार सुबह शौच के लिए गये लोगों ने मदरसा के बगल में स्थित शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों को दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## विशाल ने 'गर्व से कहो हम भारतीय हैं' का फ्रेम सीएम को सौंपा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। समाज और देश को जोड़ने की मुहिम चला रहे विशाल भदानी ने मंगलवार को कोडरमा पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें गर्व से कहो हम भारतीय हैं का फ्रेम भेंट किया। उनके इस मुहिम की मुख्यमंत्री ने भी प्रशंसा की। ज्ञात हो कि विशाल भदानी अब विशाल भदानी भारतीय के रूप में अपनी पहचान बनाते हुए लोगों से संविधान के अनुरूप सामाजिक एकता और देश की अखंडता के लिए शपथ लेने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने इस मुहिम की जानकारी साझा करते हुए बताया कि लोगों को गर्व से कहो हम भारतीय हैं का स्टीकर, फ्रेम देकर इसे लगाने और संप्रदाय, भाषा, जाति, लिंगभेद से परे होकर सिर्फ भारतीय होने और संविधान के प्रति आस्था रखते हुए उसी अनुरूप कार्य व आचरण करने की अपील की जा रही है।

## शालिनी गुप्ता ने सीएम का स्वागत किया



कोडरमा (आजाद सिपाही)। विधानसभा की प्रत्याशी और पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कोडरमा परिसदन में औपचारिक मुलाकात कर स्वागत किया। इसके पहले जेजे कॉलेज में हैलीकॉप्टर से पहुंचने पर गठबंधन दलों के नेताओं कार्यकताओं ने बुके और फूल माला देकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत किया।

## बरीयठ पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। इचाक प्रखंड़ के बरीयठ पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, प्रमुख पार्वती देवी, वरीय पदाधिकारी डीटीओ विजय कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, कांग्रेस नेता दिगंबर कुमार, बीडीओ रिंकू कुमारी, सीओ मनोज महथा, मुखिया निशु कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आपूर्ति, पेंशन, कृषि, शिक्षा, मनरेगा, कल्याण विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, पशु विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग, सहित अन्य विभागों के स्टाल लगा कर लोगों से आवेदन लिया गया एवम् कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में 502 आवेदन पड़े, जिनमें 341 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जबकि जीप अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार आपके द्वार कैम्प लगा रही है ताकि आम ग्रामीणों तक लाभ पहुंचाया जा सके। बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने कहा की सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने को लेकर शिविर का आयोजन किया है। प्रमुख पार्वती देवी ने कहा की सभी लोग इस शिविर का लाभ उठाए। शिविर में विभिन्न मामले से जुड़ी 446 आवेदन आए, जिसमें से 336 आवेदन का तत्काल निष्पादन किया गया एवं लंबित 161 आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारी को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मनरेगा बीपीओ राजीव आनंद ने किया। मौके पर बिईईओ बंशीधर राम, सीडीपीओ नीलू रानी, बीएओ बिनोद कुमार रवि, बीपीओ शिक्षा वन्दना श्रीवास्तव, बोंगा मुखिया उमेश मेहता, प्रमुख प्रतिनिधि सिकेन्द्र कुमार दास, पंचायत सेवक विजय सिंह, रोजगार सेवक मो इम्तियाज, अभिषेक कुमार, कैलाश मेहता, रामचंद्र यादव, पशु चिकित्सक नकुल मोदी समेत वार्ड सदस्य और पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के मौन विरोध के बाद नहीं हो सकी गोंदलपुरा कोल ब्लॉक की एक भी ग्राम सभा



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। गोंदलपुरा कोल ब्लॉक के अधिग्रहण को लेकर सामाजिक समाधान निर्धारण अध्ययन एस आई ए हेतु ग्राम सभा का आयोजन 10 अक्टूबर को बलोदर, 12 अक्टूबर को गाली एवं 18 अक्टूबर को गोंदलपुरा पंचायत भवन में निर्धारित की गई थी, जिसका पहला और दूसरा दिन ग्रामीणों के मौन विरोध के बाद जनसभा नहीं हो पायी और पदाधिकारी बैरंग वापस लौट गए। वही तीसरे दिन भी गोंदलपुरा पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा स्थल के एक किलोमीटर पहले ही गुरुवर पुल के निकट ग्रामीणों द्वारा सड़कों पर बैठे मौन विरोध के बाद पदाधिकारी वापस लौट गए। हालांकि मौके पर मौजूद नाबार्ड पदाधिकारी प्रणय कुमार, नाबार्ड स्वतंत्र पर्यवेक्षक मोहम्मद आफताब उद्दीन, कार्यपालक पदाधिकारी सह दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू, कानूनगो सुनील कुमार सिंह आदि ने बारी बारी से ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त को दिए गए लिखित आवेदन का हवाला देकर मौन रूप से विरोध किया। ग्रामीणों द्वारा मुखिया के नेतृत्व में ग्राम सभा स्थल के 1 किलोमीटर पूर्व कुछ टुकड़ियों में रूड्डी के रास्ते बिचली नामक स्थान पर तथा बाबूपारा के रास्ते गुरुवर पुल के निकट तख्तियां व बैनर लेकर हजारों की संख्या में बाबूपारा,हाहे, बलोदर, गाली, गोंदलपुरा गांव की हजारों ग्रामीण मौन विरोध किया तथा ग्रामसभा रद्द करने को लेकर हजारीबाग उपायुक्त को दिए गए आवेदन की प्रति मौजूद पदाधिकारियों को सौंपा। जहां अहले सुबह से ही अधिकारियों को रोकने की तैयारी की जा रही थी और खाने पीने ने किए का पूरा इंतजाम किया गया था एवं ग्रामीणों द्वारा बैनर व तख्तियां लेकर विरोध किया जा रहा था जिसमें लिखा था हमारा मौन, समर्थन नहीं विरोध है, ग्राम सभा रद्द करो।

## दिव्यांग पहुंची शिविर, आवास देने की मांग

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। आपकी योजना आपका अधिकार, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चोपनाडीह में चल रहे कार्यक्रम में प्रधान मंत्री आवस की मांग को लेकर पहुँची 60 प्रतिशत पैर से दिव्यांग एक अविवाहित अधेड़ युवती। युवती का नाम लक्ष्मी कुमारी उम्र 36 वर्ष पिता सहदेव यादव चोपनाडीह निवासी है।कार्यक्रम में चोपनाडीह की युवती ने आपकी योजना आपका अधिकार सरकार आपके द्वार में लिखित आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा कि मेरी उम्र 36 वर्ष की हो गई है और मै 60 प्रतिशत विकलांग हूँ। मुझे रहने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मेरे परेशानी को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास दिया जाय।

# लोगों में उम्मीद जगा गये सीएम हेमंत सोरेन

संजीव/ अमित



कोडरमा (आजाद सिपाही)। बड़े पंडाल में रह रह कर बज रही तालियां। कभी रोजगार की बात तो कभी मजदूरों के दर्द पर चर्चा। इसी दौराब विपक्ष पर भी हमले। मंगलवार को कोडरमा पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सम्बोधन में लोगों की उम्मीद और विश्वास को खूब परवान चढ़ाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पहले बंद कमरों में योजनाएं बनती थी और वहीं समाप्ति हो जाती थी । लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलना तो दूर जानकारी तक नहीं होती थी । लेकिन, हमारी सरकार में अधिकारी तमाम योजनाओं को लेकर आपके दरवाजे पर जा रहे हैं । मौके पर मुख्यमंत्री ने कोडरमा जिला प्रशासन की ओर से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के एप्प को भी लांच किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 अक्टूबर से चल रहे इस कार्यक्रम के तहत अब तक लगाए गए शिविरों में साढ़े आठ लाख से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। इन आवेदनों का निपटारा तीव्र गति से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा एक रिपोर्ट जारी की गई है। इसमे बताया गया है कि झारखंड देश के वैसे गिने- चुने राज्यों में शामिल है, जहां दो वर्षों तक कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के बाद भी प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना सरकार की विशेष प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों की तर्ज पर मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं।

### योजनाओं का उद्घाटन -शिलान्यास लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 286 करोड़ 12 लाख 94 हजार रुपए की लागत से 513 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। इसमें 134 करोड़ 88 लाख 61 हजार रुपए की लागत से 159 योजनाओं का उद्घाटन और 151 करोड़ 24 लाख 33 हजार रुपए की लागत से 354 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के 3377 लाभुकों के बीच 22 करोड़ 98 लाख 23 हजार रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया।

### 22 साल में सपने पूरे नहीं हुए : आलमगीर

संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड बने 22 साल हो गए। सपना था कि झारखंड बनेगा तो हर खेत को पानी और हर हाथ को काम मिलेगा। लेकिन पूर्व की सरकारों ने क्या किया और अब क्या हो रहा है, यह लोग देख रहे हैं। सरकार आई गई पर सपने पूरे नहीं हुए। 3 साल में हेमंत सरकार ने जो किया वह इतिहास बनकर रहेगा।

### ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाना है : सत्यानंद

प्रदेश के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प है ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाना है। बिजली-सड़क-पानी हर गांव में पहुंचाना है। डीवीसी या कोई भी कंपनी हो, स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं देती है तो राज्य सरकार कार्रवाई करेगी। उन्होंने महंगाई की चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र में महंगाई के नाम पर सरकार बनी पर पेट्रोल और डीजल समेत अन्य वस्तुओं की कीमत में बेतहाशा वृद्धि हो गई।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं ।

## पंसस मुकेश उपाध्याय ने डीइओ को ज्ञापन सौंप शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की



इचाक (आजाद सिपाही)। चंपानगर नावाडीह के पंचायत समिति सदस्य मुकेश उपाध्याय ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है की 10 +2 उच्च विद्यालय तिलरा कवातु में 8 से 10 वर्ग के लिए संस्कृत एवम् हिंदी विभाग के लिए शिक्षक नही है, जिस कारण बच्चो का पाठ्यक्रम प्रभावित हो रहा है। साथ ही 10 +2 में केवल अंग्रेजी एवम् अर्थशास्त्र के अलावे कोई शिक्षक नही रहने के कारण बच्चो को पढ़ाई में काफी समस्या हो रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की है।

## अनिल उपाध्याय बने इंटक के जिला अध्यक्ष

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर दुबे ने इचाक प्रखंड के तिलरा निवासी अनिल कुमार उपाध्याय को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस हजारीबाग का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। ज्ञात हो की श्री उपाध्याय 1985 से कांग्रेस के सक्रिय सदस्य रहे। 2005 – 2010 झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव पद पर कार्यरत रहे। श्री उपाध्याय के मनोनयन पर जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष जवाहर लाल सिन्हा, आबिद अंसारी, विजय कुमार यादव, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप तिवारी, विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह, दिगम्बर मेहता, संजय गुप्ता, मनोज नारायण भगत, शैलेन्द्र कुमार यादव, साजिद अली खान, राजेन्द्र सिंह, अजय कुमार गुप्ता, बिनोद कुशवाहा, लखराज सिंह, उपेन्द्र कुमार राय, संजय तिवारी, राजू चौरसिया, सुनिल कुमार अग्रवाल, उदय पाण्डेय, रविन्द्र प्रताप सिंह, सुनिल कुमार ओझा, राम कुमार पाण्डेय, किशोर मेहता, विजय कुमार सिंह के अलावे कई कांग्रेसियों हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे हार्दिक शुभकामनाएं दी है ।

## झरपो निवासी भोला शर्मा का मुंबई में निधन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखण्ड के झरपो निवासी भोला शर्मा 45 वर्ष पिता स्व कैला ठाकुर का निधन हो गया। बता दे कि भोला शर्मा लगभग 30 वर्षो से मुंबई में काम करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था अचानक पैर में फोड़ा हुआ जो कि बड़ा घाव में परिवर्तित हो गया जिसके कारण केंसर का रूप ले लिया और पैर काटना पड़ा जिसके कारण मृत्यु हो गई घर का एक मात्र कमाने वाला था अपने पीछे पत्नी और दो पुत्री और एक पुत्र को छोड़कर चले गए उनकी मौत से झरपो पंचायत में शोक की लहर है परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ।

## मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने किया प्रज्ञा केंद्र सह आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत चेपाकला पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र सह आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन मुखिया अनिकेत कुमार नायक द्वारा फीता काटकर किया गया।इस दौरान प्रज्ञा केंद्र के संचालक ने कहा कि केंद्र में आधार कार्ड से जुड़ी सारी समस्याओं का निदान किया जाएगा। जैसे आधार कार्ड पैन कार्ड जाति आवासीय आय जन्म मृत्यु पेंशन स्कीम जमीन का रसीद सभी बैंक का पैसा निकासी किया जाएगा। मौके पर मुखिया अनिकेत कुमार नायक उपमुखीया आकांक्षा कुमारी वार्ड सदस्य विनोद कुमार, सुनील कुमार, पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि, राजेश कुमार रजक, रोजगार सेवक, तूफानी कुमार डाडीकला, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मोहन महतो खरछ्धर के आशा कुमारी समाज सेवी खेमानी साव मंटू कुमार, सिकंदर साव सुरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, सागर कुमार, दिनेशवर महतो अशोक कुमार विकास कुमार जोधन महतो बुटन करमाली कारी महतो भुनेशवर महतो मलकु महतो जितेंद्र कुमार इत्यादि।

## दुर्गा मुंडा नव निर्माण कमेटी का गठन



इचाक (आजाद सिपाही)। मंगुरा महावीर स्थान में सार्वजनिक दुर्गा मण्डा नव निर्माण को लेकर मंगलवार को दुर्गा मंडप प्रांगण में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता राम लखन मेहता जबकि संचालन महेश कुमार मेहता ने किया। बैठक में सभी गांव के अध्यक्षों द्वारा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उसके बाद सर्व समिति से मंदिर नवनिर्माण के लिए शीर्ष कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नागेश्वर प्रसाद मेहता को अध्यक्ष, वीरेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष, जबकि महेश कुमार मेहता को सचिव और बुद्धन राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं डेगलाल प्रसाद मेहता, बुद्धदेव प्रसाद मेहता, वासुदेव राम, बसंत मेहता, प्रदीप पांडेय, मुरली प्रसाद मेहता, जय नारायण प्रसाद मेहता, किशन पासवान, सीताराम कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद, राजेश्वर साव, बद्री प्रसाद मेहता, बलदेव प्रसाद मेहता, सोहनलाल मेहता, कुलदीप राम, सूरज प्रसाद, वासुदेव गोप, छोटन प्रसाद मेहता, राजेंद्र गिरी, अमृत राम, बीनेश्वर प्रसाद मेहता, कैलाश प्रसाद मेहता, बालेश्वर प्रसाद मेहता, संजय ठाकुर, नरेश प्रसाद यादव और भीम गिरी को सदस्य बनाया गया है। एवं मन्दिर निर्माण कमिटी के ऊपर संरक्षण मण्डल के रूप में राम लखन मेहता, सुनील कुमार मेहता, रामशरण शर्मा, किशोरी प्रसाद मेहता और सरजू प्रसाद मेहता को शामिल किया गया।

## दलित युवक सीटन भुइयां हत्याकांड में संलिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

केरेडारी(आजाद सिपाही) । केरेडारी के पचड़ा गाँव में चर्चित दलित युवक सीटन भुइयां हत्याकांड में संलिप्त तीन आरोपियों को स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । इस बाबत केरेडारी थाना प्रभारी साधन चंद्र गोराई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी में मृतक का सगा भाई सकेन्द्र भुइंया,मृतक सीटन भुइंया की भावो सिमा देवी पति सकेन्द्र भुइंया के साथ हत्या के मुख्य आरोपी शंकर साव नाम शामिल है इस हत्याकांड में संलिप्त फिलहाल 8 हत्यारे फरार हैं। इन सभी हत्यारों को गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इधर चौक चैराहे में चर्चा का विषय बना हुआ है कि मुख्य आरोपी शंकर साव के सुबह घर पर से ही गिरफ्तार किया गया और तुरन्त उसे जेल भेज दिया गयो उसे पूछ ताछ भी नही हुआ कि कैसे हत्या किया गया और कौन कौन कियो कही गिरफ्तारी के तुरंत बाद कोई बड़ा जनप्रतिनिधि का दबाब तो नही है।मालूम हो कि विगत 10 अक्टूबर की रात्रि में सीटन को अपहरण कर उसी रात में हत्या कर एक बिजली के पोल में लटका दिया गया था।

## समाजसेवी नंदलाल राणा को पितृ शोक



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव पकरीबरवाडी निवासी समाजसेवी नंदलाल राणा का 92 वर्षीय पिता गंदोरी मिस्त्री का अपराहन 10:00 बजे निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार संध्या 4:00 बजे गांव के श्मशान घाट में किया गया। मुखाग्नि इकलौता पुत्र नंदलाल राणा ने दी। गंदोरी राणा अपने पीछे 1 पुत्र एवं चार पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार में पूर्वी पंचायत बड़कागांव के पूर्व मुखिया कैलाश कुमार राणा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, बौद्धेश्वर राणा, कन्हाई राणा, शिवनाथ राणा, निर्मल राणा, रूपलाल राणा, राम चंद्र राणा, कामेश्वर राणा, हरिदयाल राणा, भोला राणा, केदार राणा, प्रीतम राणा, राजेश राणा, शंकर राणा, कृष्णा राणा, संतोष राणा, गणेश राणा, बजरंग राणा, धीरज कुमार राणा, प्रदीप राणा, आलोक राणा, अमित कुमार, सिकेंद्र राणा, राम लखन राणा, राजू राणा, रंजन राणा, विकी राणा, मुकेश राणा, निरंजन राणा, पवन राणा, जीवलाल साव, बंधु प्रजापति, ओम प्रकाश साव, ठाकुरी साव, पुरण राणा, कैला साव, तिलक राणा, खीरू राणा के अलाव सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.3 °c | 21.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.22 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.48 बजे |



SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

FLORENCE Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## सम्मान समारोह : भाजपा नेताओं ने अपने संबोधन में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनायीं

# बाबूलाल, दीपक प्रकाश और रघुवर ने हेमंत सरकार को घेरा

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा ने पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करने के लिए रांची के हरमू मैदान में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। इस भव्य कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सदस्यों को सम्मानित किया गया। भाजपा नेताओं ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार के जनहित के कार्यों को बताया, तो राज्य की हेमंत सरकार पर निशाना साधा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को घेरा। वहीं रघुवर दास ने पूर्व की भाजपा सरकार में हुए कार्यों से मौजूदा सरकार की तुलना की।




पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करते केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, नागेंद्र नाथ, कर्मवीर सिंह, समीर उरांव, दिनेशानंद गोस्वामी और अन्य। फोटो -प्रदीप ठाकुर

## केंद्र के पैसों की बंदरबांट कर रही हेमंत सरकार: दीपक



प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देवतुल्य आप लोगों का स्वागत और अभिनंदन करते हैं। राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुआ, लेकिन उन्हें मलाल है कि पिछड़ों को अधिकार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग 2006-14 की तुलना में 2014-2022 में पंचायतों को पांच गुना अधिक मदद केंद्र से मिली है। कांग्रेस की तुलना में मोदी सरकार पंचायतों को अधिक अधिकार दे रही है। केंद्र की सरकार गरीब, किसानों की सरकार है। केंद्र से पैसे आते हैं, योजना आती है पर राज्य सरकार पैसे खर्च नहीं करती। योजना लटकाती है। केंद्र सरकार के स्तर से भेजे गये पैसों की बंदरबांट यह सरकार कर रही है। अभी देश में सबसे भ्रष्ट सरकार इसी राज्य में है। हेमंत सोरेन इसके लिए दोषी हैं। राज्य में महिलाओं के खिलाफ 5753 अनाचार की घटना घटी है। इस मामले में पूरे देश में यह सबसे खराब स्थिति है। प्रतिदिन देश में हत्या का औसत 5.6 प्रतिशत है, जबकि इस राज्य में 7 प्रतिशत। इस राज्य में अब जंगल राज के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है। सरकार को उखाड़ कर फेंकने तक भाजपा चैन की नींद नहीं सोयेगी। इसके लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संघर्ष का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पैसे भेजती है किंतु हेमंत सरकार उस पैसे पर कुंडली मार कर बैठी रहती है, खर्च नहीं करती है। योजनाएं केंद्र सरकार भेजती है, उन योजनाओं को यह सरकार लटकाने का कार्य करती है। हेमंत सरकार गांव गरीब किसान की उन्नति नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में सब कुछ गोलमाल है।

## यूपीए गठबंधन ने पैसे और परिवार के लिए सरकार बनायी है: बाबूलाल



भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंचायत प्रतिनिधि केंद्र, राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक रहें। कैसे वाजिब लोगों को इसका लाभ मिले, इसे सुनिश्चित करें। वार्ड सदस्यों को छोड़ दिया जाये तो जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत में 53 प्रतिशत प्रतिनिधि भाजपा के हैं। यह बड़ी बात है। ऐसे में अपने अपने काम से अपने क्षेत्रों, गांवों में उदाहरण प्रस्तुत करें। जरूरतमंदों को राशन मिले, इसके लिए सतर्क रहें। इस सरकार में महीनों से लोगों को राशन नहीं मिल रहा। रघुवर सरकार में डाकिया योजना के तहत आदमि जनजाति के लोगों को घर-घर में राशन मिल रहा था। पिछले नवंबर महीने से यह नसीब नहीं हो रहा। पूरे राज्य में किसी किसी महीने का राशन गायब हो जा रहा है। इस साल दिसंबर तक 5 किलो अनाज केंद्र की मदद से मुफ्त मिलना है पर राज्य सरकार हेराफेरी कर रही है। गरीबों के हिस्से का अनाज गरीबों के घर तक पहुंचे, सरकार के भरोसे न छोड़ें।

पेंशन योजना जरूरतमंद को मिले, आधार से लिंक हो, यह सब देखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यूपीए गठबंधन ने पैसे और परिवार के लिए सरकार बनायी है। पैसे और परिवार के लिए ही काम हो रहा है जबकि काम करने के लिए जनादेश मिला था। पर इसकी बजाय काम नहीं करने देने का आरोप भाजपा पर लगाती रहती है। सरकार के स्तर से कमाने का असर दिख रहा है। छापेमारी में सचिव के पास पैसे मिले हैं। शागिर्द जेल में हैं। उसके कारनामे छिपे नहीं हैं। ऐसे लोगों से उनके कैसे संबंध हैं, यह सीएम बताते नहीं हैं। तकरीबन तीन वर्षों में गांव में बनी सड़कें टूट गयी हैं। कहीं सड़कों का काम नहीं हुआ है। आदिवासी की झूठी चिंता करती है राज्य सरकार। तीन सालों में सदन मे बालू की नीलामी के लिए सवाल उठाते हैं।

तीन साल में एक बार भी बालू घाटों की नीलामी नहीं हुई। यहां से बालू, पत्थर, कोयला बाहर चला जाता है। संतालपरगना, धनबाद, रामगढ़ से लेकर चारों तरफ लुटेरे बैठे हैं। खाली पड़ी जमीनों को भी हेमंत सरकार के गुंडे लूटने को पहुंच रहे हैं। पुलिस, प्रशासन भी कुछ नहीं कर पा रहा। जिसका काम इस लूट को रोकना था वह स्टूल का काम कर रहे है। इस सरकार को विदा करना है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन पर हमला करते हुए कहा कि उन्हें पता है उनकी मौत निश्चित है। फिरभी हड़बड़ी में है। न्यायालय पहुंच जाते हैं, सूचना अधिकार के तहत पूछते हैं हमारी मौत कब होगी।

## ग्राम स्वशासन को करें सशक्त : रघुवर दास



पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि राज्य और देश को आगे बढ़ाना है तो गांव का विकास करना होगा। जिप, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्रों के लीडर हैं। गांव और राज्य के विकास तथा सबका साथ, सबका विकास करने के मंत्र पर काम करना है। ग्राम स्वशासन और ग्राम अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। राज्य में पिछली सरकार (2014-2019) में डबल इंजन सरकार में 4000 से अधिक पंचायतों में पंचायत भवन बना। गांव और शहर की खाई को मिटाने को 2014 से 2019 तक सौर ऊर्जा के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था करायी गयी। हर गांव में स्ट्रीट लाइट शहरों की तरह दिखने लगी थी। अभी गांव में पानी की टंकी खराब है, स्ट्रीट लाइट खराब है पर कोई देखने वाला नहीं। जब भाजपा की सरकार थी तो योजना बनाओ अभियान की शुरूआत हुई थी। मंत्री और अफसर गांव में जाकर गांव के लोगों के साथ बैठकर योजना बनाने का काम करते थे। पर अभी ऐसा नहीं है। हर घर पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन पर काम केंद्र की मदद से हो रहा है पर राज्य में यह फेल है। केंद्र और राज्य सरकार की योजना और राशि पर प्रतिनिधि नजर रखें। मिड डे मील, आंगनबाड़ी सेवा, पेंशन समेत अन्य सेवाओं पर खास ध्यान रहे। उनके कार्यकाल में हर मुखिया के लिए पंचायत सचिवालय का निर्माण कराया गया था। हर गांव में पंचायत स्वयंसेवक रखे गये थे पर उनसे काम नहीं लिया जा रहा अभी। हर महीने ग्राम सभा की बैठक हो, उपस्थिति सबों की हो। सीएम कृषि आशीर्वाद योजना के तहत प्रति एकड़ 5000 रुपया किसानों को दिया जा रहा था पर अब राज्य में लुटेरों की सरकार है। इतने संसाधनों के बावजूद इस राज्य का गरीब रहना स्वीकार्य नहीं। राज्य में नदी, पहाड़, जमीन को लूटने में यह सरकार लगी है।

## हेमंत कैबिनेट की बैठक 20 को

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 20 अक्टूबर गुरुवार को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में शाम 4:00 बजे से होनेवाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया और सभी विभागों को कैबिनेट के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## समारोह : प्रदेश भाजपा ने कार्यक्रम आयोजित कर इतिहास रचा

# पांच हजार से अधिक पंचायत प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

चंद्रप्रकाश रावत/ सुनील सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को राजधानी में इतिहास रच दिया। पंचायत चुनाव में जीते भाजपा परिवार के 5 हजार से अधिक जनप्रतिनिधियों को रांची स्थित हरमू मैदान में सम्मानित किया गया, जिसमें जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, उप मुखिया शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भगवान बिरसा मुंडा और सिदो कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य व कई लोग विशेष पोशाक पहनकर पहुंचे थे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीत कर आये प्रतिनिधियों में हरमू मैदान में खुशी साफ झलक रही थी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि व केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील, प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मंच से उतर कर पंडाल में पहुंच कर सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान पुष्प वर्षा कर किया। यह सम्मान पाकर जनप्रतिनिधि भावविभोर हो गये।



मंच से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक जेपी पटेल, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद समीर उरांव, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक अमर बाउरी, सांसद, पीएन सिंह, सुनील उरांव, विधायक किशुन दास, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी और रवींद्र राय ने भी संबोधित किया।

### सभी सम्मानित अतिथियों का हुआ स्वागत

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि और केंद्रीय पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील, प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, नेता विधायक दल व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, रविंद्र राय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, जेपी पटेल, नवीन जयसवाल, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद समीर उरांव, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी, सांसद सुदर्शन भगत, पीएन सिंह, सुनील सोरेन, बीडी राम, विधायक सीपी सिंह, भानु प्रताप शाही, बिरंची नारायण, नरायण दास, किशुन दास, केदार हाजरा, राज सिन्हा, मनीष जयसवाल, अनंत ओझा, नीरा यादव, समरीलाल, पुष्पा देवी, रामचंद्र चंद्रवंशी, अमित मंडल, शशिभूषण मेहता, ढुल्लू महतो, आलोक चौरसिया को पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।



कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि (बायें) और व्यवस्था देख रहे रमेश सिंह (दाये)

### मंच पर सभी क्षेत्र और सभी समाज के जनप्रतिनिधियों को मिला सम्मान

पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष में प्रमुख रूप से शारदा सिंह, प्रतिमा कुमारी, पूनम देवी, उमेश मेहता, सुनीता देवी, राधा रानी, छोटे लाल यादव, आलोक कुमार सिंह, संयुक्ता देवी, पंकज सिन्हा, फूल कुमारी, मंजू देवी किशुन यादव, ब्रज किशोर तिवारी, सोनी कुमारी, मुनिया देवी, वहीं मुखिया, प्रमुख एवं उपप्रमुख जो मंच पर सम्मानित किये गये उनमें हिंदीया टोप्पो, रीना सोरेन निरंजन कुमार महतो, आरती दुबे, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, रामचंद्र रविदास सहित भारी संख्या में पधारे पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान सभी जीप अध्यक्ष उपाध्यक्ष, जीप सदस्य, प्रमुख उप प्रमुख, मुखिया, पंसस व अन्य प्रतिनिधियों को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय व धन्यवाद ज्ञापन रांची की मेयर व राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने किया। कार्यक्रम में हजारों प्रतिनिधि के साथ भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका भी रहा योगदान

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह की व्यवस्था में लगे हुए नेताओं कार्यकर्ताओं में संजीव विजय वर्गीय, शिवपूजन पाठक, रमेश सिंह, अमित सिंह, शशिभूषण भगत, पवन साहू, अमरदीप यादव, गोपाल सोनी, प्रमेश्वर चौधरी, प्रमोद सहदेव, अनिता वर्मा, माधुरी देवी, सूरज चौरसिया, राजू सिंह, राहुल अवस्थी, रजनीश पांडेय, बबिता वर्मा सिंह, सोनी हेंब्रम, कुमकुम देवी, मो तारिक इमरान, सूरज शाहदेव, अजय भारती, सुबोध कांत, अशोक बड़ाइक, रंजीत चंद्रवंशी, ललित ओझा, सुरेंद्र महतो, अनिल टाइगर, वरुण साहू, सूरज चौरसिया, विनय सिंह, रणधीर दास, अनिल सिंह, अरुण झा, इंद्रजीत यादव, भुनेश्वर साहू, सुजीत कुमार, संजय पोद्दार, सतीश सिन्हा, अजय गिरी, अंचल तिवारी, राकेश सिंह गड्डु, रोहित शारदा, किसलय तिवारी, रोमीत नारायण सिंह, राहुल चौबे, राकेश चौधरी, जीतेंद्र वर्मा, सुमन कुमार सिंह, राणा ऋषिकेश सिंह, वरुण तिवारी, अमन यादव, सरिता पांडेय, देवराज सिंह, नीरज सिंह, रामलखन राम, मो. जॉनी वाकर खान आदि शामिल थे।

## झारखंड की पंचायतों को दो लाख करोड़ रुपये दिये गये

आजाद सिपाही सवाददाता



पंचायत प्रतिनिधियों का फूल वर्षा कर स्वागत करते पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील।

**रांची।** पंचायती राज राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील ने कहा कि 2014 से पहले पंचायतों को केंद्र सरकार की ओर से 50 हजार करोड़ ही भेजे जाते थे। 2014 में वित्त आयोग के आने के बाद से चौदहवें वित्त से तीन गुना राशि बढ़ा कर 2 लाख 292 करोड़ की मदद गांवों को भेजी गयी। 15वें वित्त में 2 लाख 25 हजार करोड़ का बजट हो गया। यह फंड सीधे पंचायतों को भेजा जाता है। ऐसे में हेर-फेर की गुंजाइश अब नहीं रहती। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रतिनिधियों को ट्रेनिंग देने के लिए पैसे भेजे जाते हैं। इससे 6 माह के अंदर प्रतिनिधियों को ट्रेनिंग देना अनिवार्य है, पर राज्य सरकार अगर आपको इसका लाभ नहीं देती है, तो उसके पीछे पड़ कर इसका हिसाब लें। उन्होंने कहा कि 2020-21 और 2021-22 में झारखंड की पंचायतों को 2 लाख 21 हजार करोड़ भेजे गये हैं। ये पैसे भाजपा की पंचायतों, कार्यकर्ताओं को नहीं, राज्य की सभी 4000 से अधिक पंचायतों को दिये गये हैं। राज्य सरकार यह नहीं कह सकती कि उसके साथ भेदभाव हुआ है। आयुष्मान भारत योजना, पीएम आवास योजना, स्वामित्व योजना सहित तमाम योजनाएं ऐसी हैं, जिन पर प्रभावी तरीके से जाति, धर्म से परे होकर काम करें तो पंचायत के साथ-साथ भाजपा के लिए भी सम्मान बढ़ेगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों, पंचायतों के नव निर्वाचित प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया गया।

# झारखंड सरकार पंचायत में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं का निपटारा कर रही है : विधायक



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के पंचायत सचिवालय सोसो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी का स्वागत लोटा में पानी व अक्षत चंदन लगाकर व पुष्प वर्षा कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी जी व विशिष्ट अतिथि जिला भु अर्जन पदाधिकारी दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश बिडिओ रविन्द्र कुमार सीओ पंकज कुमार सासंद प्रतिनिधि इन्द्रेव साव संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्धघाटन किया गया। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा सरकार झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता के सोच और उनके अनुरूप कार्य कर रही है और सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से हजारों हजार झारखंड के गरीब लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है इस कार्यक्रम में रोजगार सृजन के कई योजनाओं को जोड़ा गया है जिसमें फूलों झानो योजना के तहत हडिया दारू बेचने पर मजबूर थी वैसी हजारों महिलाओं को सरकार द्वारा सहयोग राशि देकर अन्य रोजगार से जोड़ा जा रहा है। साथ ही राशन कार्ड वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन प्रधानमंत्री आवास सहित अंचल से जुडी समस्या सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों को मिलता है। इस तरह से अनेकों निर्णय झारखंड सरकार ले रही है। मौके पर दुलमी उप प्रमुख धर्मधिर महतो सोसो मुखिया उर्मिला देवी अमरुन निशा प्रमेशवर पटेल रविन्द्र महतो एमो, पंचायत सेवक झमन महतो बासुदेब महतो रोजगार सेवक कलाम संजय कुमार गोपाल महतो बाबुराम महतो उतम कुमार छोटन कुमार ठाकुरदास महतो लालचंद ठाकुर सुरज महतो अमरु महतो व सौकडों ग्रामीण मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार के तहत लपंगा पंचायत में लगा शिविर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मंगलवार को लपंगा पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया आनंद दुबे व संचालन पंसस रेखा देवी ने की। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यपालक दंडाधिकारी प्रभाष दत्ता, एमओ उदय शंकर शर्मा, पार्षद जयराम बेदिया, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, बीईओ प्रभाकर कुमार आदि अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित ग्रामीणों द्वारा दर्जनो आवेदन सौंपा गया। वहीं कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। साथ ही कोरोना से बचाव को ले दर्जनों लोगों का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा वैक्सीनेशन भी किया गया। साथ ही दर्जनों लोगों कोरोना से बचाव को ले टीकाकरण भी किया गया। शिविर में स्टॉल के माध्यम पशुधन विकास योजना, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, कार्ड बनाने, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, जन्म, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बाल विकास परियोजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, श्रम योजना, राज्य समाजिक सुरक्षा पेंशन आदि के तहत कई समस्याओं का समाधान किया गया। मौके पर पंचायत सचिव किस्टो महतो, उपमुखिया संजय बेदिया, रोहन राम बेदिया, विजय यादव, वार्ड सदस्य संदीप बेदिया, नीरज, दिव्या, आरती देवी, फुलकुमारी देवी, शहनाज परवीन, विमला देवी, रेहाना खातुन, बबीता कुमारी, किरण देवी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## रक्तगट पंजीकरण अभियान के समापन पर सैकड़ों विद्यार्थियों ने कराया पंजीकरण

रामगढ़। सेवा विद्यार्थी (एसएफएस) रामगढ़ इकाई के तत्वधान में 11 से 18 अक्टूबर तक चल रही रक्तगट पंजीकरण अभियान का समापन राधा गोविंद विश्वविद्यालय में मंगलवार को शिविर के माध्यम से किया गया। इस दौरान शिविर में सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया। शिविर में मुख्य रूप से प्रदेश सह मंत्री स्मृति सौरभ, जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौड़ शामिल हुए। मौके पर स्मृति सौरभ ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह देशव्यापी अभियान के अंतिम दिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि हर किसी को यह जानना जरूरी है कि उनका ब्लड ग्रुप क्या है। जानकारी रहने की वजह से जरूरतमंद को रक्तदान भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से छात्र, समाज और राष्ट्रीय हित के लिए कार्य करते आ रहे हैं। इस अवसर पर अजीत कुमार, राहुल रजक, अमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारियों ने रामगढ़ डीसी को सौंपा मांग पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी संजय कुमार वर्मा, कुलदीप मेहता, संजय कुमार मिश्रा, आर चैधरी, मुन्ना श्रीवास्तव ने मंगलवार को रामगढ़ डीसी को पत्र सौंप कई मांग की है। इसमें झारखंड सरकार के आयोग द्वारा चिन्हित अलग राज्य झारखंड आंदोलनकारियों को झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी का प्रमाण-पत्र, पहचान-पत्र व प्रशस्ति-पत्र झारखंड राज्य के स्थापना दिवस 15 नवंबर को देने, आंदोलनकारियों को राज्य सरकार के सभी संस्थानों में मान-सम्मान देने, राज्य आवास बोर्ड के कॉलोनियो में आवास आवंटित करने, राज्य स्थापना काल 15 नवंबर 2000 से 2015 तक का बकाया पेंशन राशि का एरियर बनाकर भुगतान करने, आंदोलनकारियों को बच्चों व आश्रितों को प्राथमिक स्तर से उच्च स्तर तक की तकनीकि सहित उच्च शिक्षा व स्वास्थ्य की सुविधा निःशुल्क देने, पेंशन राशि को उतराखंड राज्य में मिलने वाले पेंशन के आधार पर देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, मुख्यमंत्री द्वारा घोषित पेंशन राशि की बढ़ोतरी के बकाया रकम को भुगतान करने, अमर पुरोधा झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी को झारखंड रत्न सम्मान देकर राजकीय पहचान देने की मांग की है।

## सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ने बरका-सयाल जीएम के साथ की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ की क्षेत्रीय कमेटी ने मंगलवार को बरका-सयाल के नये जीएम अजय सिंह के साथ परिचय बैठक की। बैठक में संघ के मार्गदर्शक राम विनय त्रिपाठी के नेतृत्व में जीएम का अंगवस्त्र वस्त्र देकर स्वागत किया गया। मुलाकात के दौरान सचिव शम्भु प्रसाद सिंह व अध्यक्ष हरिनाथ महतो ने जीएम को आश्वस्त किया कि प्रबंधन व संगठन मिलकर क्षेत्र के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। वहीं जीएम अजय सिंह ने भी कहा कि कोयला मजदूरों की हर समस्याओं को दूर कर सुरक्षा के साथ उत्पादन किया जायेगा। साथ ही क्षेत्र के विकास के हर सम्भव कार्य होंगे। मौके पर सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशि भूषण सिंह मौजूद थे। स्वागत करने वालो में क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य आरके सिंह, सुरक्षा समिति सदस्य श्रीकांत गुप्ता, ललन प्रसाद, सुभाष ओझा, अनिल पासवान, पलेश्वर दांगी, महेश प्रजापति, जेपी मेहता आदि शामिल थें।

## पोकला उर्फ कसियाडीह में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लगा शिविर



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड के पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बीडीओ रंथू महतो,सीओ विजय कु दास,मध्य जिप सदस्य सह बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,उतरी जिप सदस्य देवंती देवी,मुखिया सरिता देवी,पंचायत समिति राजेश चौधरी,उप मुखिया प्रेम महतो म,समाज सेवी महेश महतो,उप प्रमुख जितेंद्र सिंह,ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पंचायत के अलावे आसपास के ग्रामीण,जनता बुद्धिजीवी,समाजसेवी,गरीब असहाय सरकार द्वारा लगाया गये शिविर में सभी प्रकार की विभागीय स्टॉल में अपनी समस्या का निराकरण पाया ।इस मौके पर जानकारी देते हुये बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि विभिन्न विभागों से आये कुल 781 मामलों में 767 मामले त्वरित निष्पादित किया गया। शेष बचे 14 आवेदनों को ब्लॉक में जांचोपरांत समाधान करने बात कहि,उन्होंने बताया कि सरकार के कार्यक्रम में सबसे अधिक राशन कार्ड में नाम दर्ज एव वृद्ध एव विधवा पेंशन,प्रधान मंत्री आवस योजना,स्वास्थ्य एव पोषण के अलावे अन्य विभागों का आवेदन आये। ग्रामीण भरपूर उत्साहित होकर लाभान्वित लिया है,वही जनता ने कई मामलों का समाधान पाकर खुशी महसूस किया ।तथा सरकार को लोगो ने आभार जताया। जनप्रतिनिधियों सहित आमलोगों का भी इस कार्यक्रम में भरपूर सहयोग मिला। इस मौके बसंत राणा,मुखिया पति गोपाल महतो,,आरजेडी नेता नीरज तिवारी,ब्लॉक कर्मी परवेज आलम,पूर्व मुखिया दासो देवी,पूर्व मुखिया मुन्नी देवी,मनोज साव,इदरीश अंसारी,रफुल अंसारी,जगदीश पासवान,मोहन साव,समेत सैकड़ो ग्रामीण लोग उपस्तिथ थे।

## भाजपा कार्यक्रम में रांची जाते हुए निर्वाचित जनप्रतिनिधि और नेता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू मंडल से भाजपा मंडल अध्यक्ष तोकेश सिह के नेतृत्व मे निर्वाचित जनप्रतिनिधि झारखंड भाजपा प्रदेश द्वारा आयोजित पंचायती राज्य जन प्रतिनिधि सम्मान समारोह मे शामिल होने में कुजू से रांची रवाना हुए। रवाना होने वालों में रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, ललिता देवी, लक्ष्मी देवी, गुड़िया देवी, पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी, सरिता सहाय, विवेक गुप्ता, संतोष मेहता, उप मुखिया विजय पासवान, निर्मल करमाली, बबलू साव, अशोक कुमार, बालेश्वर महतो, महेश महतो, पंचीत महतो शामिल रहे।

# डिग्री कॉलेजः शिक्षा के क्षेत्र में गोला को मिलेगी एक नयी उड़ान

- छात्र छात्राओं को बड़े शहरों में नहीं करना होगा रुख
- एक दो सालों में बन के तैयार हो जाएगा कॉलेज
- रामगढ़ कॉलेज के बाद दूसरा सरकारी डिग्री कॉलेज गोला में होगा

**रामगढ़ के बाद दूसरा सरकारी कॉलेज गोला में होगा**

रामगढ़ जिला का गोला प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज की मांग वर्षो से की जा रही थी। रामगढ़ कॉलेज के बाद यह कॉलेज जिला का दूसरा सरकारी कॉलेज होगा। गोला क्षेत्र में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है। यहां के छात्र छात्राएं डिग्री कोर्स के लिए हजारीबाग,रामगढ़,रांची जैसे बड़े शहरों में चल जाते है। जिसके कारण इनके अभिभावकों को मोटा पैसा खर्च करना पड़ता है। निर्धन परिवार को लोग कॉलेज नही रहने से पढ़ाई बीच में छोड़ देते है। वर्तमान में इस क्षेत्र में सीपीसी इंटर कॉलेज,एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला, डिमरा,चक्रवाली में प्लस टू की पढ़ाई होती है।

अंजनी कुमार

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला तेजी से शिक्षा के क्षेत्र में विकसित कर रहा है। कभी हरि सब्जियों के लिए विख्यात यह ग्रामीण इलाका अब शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उड़ान भरने के लिए तैयार है। देश का दूसरा महिला इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटी आई कॉलेज यहां बनाया गया है। जिसमे सत्र शुरू है ।किसी कारण वश महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में सत्र शुरू नही हो पाया है। इन सब के अलावे बड़े कॉलेज की सूची में एक और नाम जुड़ने रहा है। तिरला कल्याणपुर में जल्द डिग्री कॉलेज के लिए शिलान्यास को बातें कही जा रही है ।इसकी तैयारी भी लगभग पूरी है। करीब 29 एकड़ भूमि में यह कॉलेज का निर्माण होगा। इसके लिए रामगढ़ उपायुक्त ने भूमि का निरीक्षण कर रिपोर्ट सरकार को सौंप दिया है।

## जेएम कॉलेज के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विभावि के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत मंगलवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज एनएसएस इकाई 1 के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शीला सिंह की देखरेख में स्वयंसेवको ने कॉलेज परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने स्वयंसेवको का हौसला हाफजाई करते हुए कहा कि एनएसएस का उद्देश्य ही समाजसेवा है। लोगों को सफाई के प्रति जागरूक कर देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेने की जरूरत है। मौके पर डॉ. लीला सिंह, अंजनी कुमार ने भी स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। अभियान में सोनाली, धनंजय सिंह, प्रमिला, प्रियंका, रितिका, नंदिनी, रिंकी, हुलसी, रूही, सीमा, सूरज आदि शामिल थें।

## जुबिली कॉलेज में विभावि अंतर खो-खो प्रतियोगिता कल

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता 20 अक्टूबर को जुबिली कॉलेज में होगी। उक्त जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने बताया कि लड़कों का खो-खो प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेवारी विश्व विद्यालय ने जुबिली महाविद्यालय को सौंपी है। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों की टीम शामिल होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद व विशिष्ट अतिथि जुबिली कॉलेज शाशि निकाय के सचिव रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू होंगे।

# स्कूटी सवार युवती को हाइवा ने कुचला

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर में बड़े वाहनों के नियमों में बदलाव के बाद से अब तक कई दर्दनाक घटनाएं घट चुकी है। अब तक बड़े वाहनों के चपेट में आने से कई लोगों की दर्दनाक मौत हो भी चुकी है, बावजूद इस और जिला प्रशासन ध्यान नही दे रही है। मंगलवार को भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। हालांकि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई।

**सोशल मीडिया में यातायात नियमों को लेकर लोगों ने जतायी नाराजगी**

प्रियंका की दर्दनाक मौत होने के बाद सोशल मीडिया में यातायात नियमों को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। लोगों का कहना था कि शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित होना चाहिए।



### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार मंगलवार को करीब 11.20 बजे स्कूटी सवार एक महिला प्रियंका देवी पति गौतम करमाली अपनी स्कूटी से टायर मोड़ स्थित शोरूम जा रही थी। इसी बीच रामगढ़ कॉलेज के निकट पीछे से आ रही तेज रफ्तार से हाइवा संख्या जेएच 24एफ 4152 ने प्रियंका देवी को रौंदते हुए तेज रफ्तार से फरार हो गया। मौके पर स्थानीय लोगों ने उक्त हाइवा को रोकने का प्रयास किया लेकिन हाइवा चालक तेज रफ्तार से भाग निकला। लोगों ने उक्त हाइवा को कंडेर जाने वाली मार्ग पर खदेड़ कर पकड़ लिया। इधर, घटना की सूचना पाकर एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, यातायात प्रभारी सह इंस्पेक्टर एचएन सिंह सदलबल पहुंचे। सड़क पर पड़ी महिला के शव को सदर अस्पताल भेज दी गई।

### तीन पुत्री की मां थी प्रियंका

जानकारी के अनुसार प्रियंका देवी पति गौतम करमाली 3 पुत्री की मां थी। वे अपनी बच्चियों का भरण पोषण प्राइवेट जॉब करके करती थी। प्रियंका की मौत की खबर पाकर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

## ओरला छठ पूजा समिति ने तालाब की सफाई की



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओरला छठ पूजा सेवा समिति के सदस्यों ने श्रमदान कर छठ महापर्व के मौके पर ओरला छठ तालाब का साफ सफाई की। समिति के सदस्य मंगलवार की सुबह कुदाल, टांगी, झोड़ा, टोकरी लेकर ओरला छठ तालाब पहुंचे। जहां तालाब की मेढ़, पानी में उगे शैवाल, घास, कुड़े - कचरे, झाड़ियों आदि की साफ सफाई की। सफाई अभियान में रंजीत कुमार सिंह, शंकर दयाल शर्मा, हरिशंकर प्रसाद साहू, राजू प्रसाद, सागर नायक, छोटन भुईंया, अभय तूरी, बड़का भुइंया आदि शामिल रहे।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का किया गया स्वागत



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयुएन ठेका मजदूर संघ झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन पतरातू शाखा के तत्वाधान में यूनियन के सदस्यों द्वारा मंगलवार को पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर शाह कॉलोनी स्थित गांधी स्मारक सभागार में स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने यूनियन के सदस्यों से कहा कि मजदूरों की समस्याओं का समाधान के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व जिप सदस्य प्रियंका देवी ने भी अपने विचार देते हुए कहा कि योगेंद्र साव आंदोलनकारी एवं गरीबों के नेता है। स्वागत करने वालों में यूनियन के संरक्षक निरंजन लाल , सुरेश साहू, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, भीम प्रसाद साव, विगन मिली, विजय राय, अखिलेश्वर शर्मा, जितेंद्र सिंह, अजंता साहू, अनवर अली , संतोष साहू, उर्मिला देवी, मुकेश सिंह, याकूब राय, रंजीत सिंह, पिंटू अग्रवाल, नरेश महतो, विजय साहू, समीम अंसारी आदि शामिल थे।

## जतराटांड़ में सरकारी खाद्य सामग्री लदा वाहन पलटने से बचा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत बलिया चौक - जतराटांड मुख्य मार्ग में सरकारी खाद्य सामग्री लदा वाहन सड़क की धंसने की वजह से पलटने से बच गया। स्थानीय नेता और ग्रामीणों की मदद से फंसे वाहन को निकाला गया। जानकारी के अनुसार, सुशीला विकास महिला समिति जतराटांड के लिए मांडू ब्लॉक से गरीबों के लिए सरकारी खाद्य सामग्री 709 वाहन संख्या जेएच 01 डीजेड - 0895 चला था। इसी बीच जतराटांड जाने के दौरान सड़क के धंसने से वाहन फंस गया। वही, वाहन पलटने से बच गया। स्थानीय नेता मनोज महतो और ग्रामीणों के सहयोग से करीब 2 घंटे बाद ट्रैक्टर के माध्यम से वाहन को निकाला जा सका। साथ ही, लदे खाद्य सामग्री को डीलर के दुकान तक पहुंचाया जा सका। बताया जाता है कि भारी बारिश होने की वजह से सड़क धंस गया था। जिसकी वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

## वॉल्कन बजाज का फेस्टिवल आउटलेट रांची रोड ट्रिनिटी कमर्शियल बिल्डिंग में खुला



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** बजाज मोटरसाईकिल के अधिकृत विक्रेता वॉल्कन बजाज धनतेरस और दीपावली को देखते हुए एक नए आउटलेट को रांची रोड स्तिथ ट्रिनिटी कमर्शियल बिल्डिंग में सोमवार को खोला गया। आउटलेट के ओपनिंग के अवसर पर वॉल्कन बजाज के डायरेक्टर विवेक पोद्दार, वत्सल पोद्दार और कंपनी के बिजनेस हेड आदित्य कुणाल मौजूद थे। ये आउटलेट खुलने से रांची रोड के आसपास क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सेल्स की सुविधा देने के उद्देश्य से खोला गया है ।साथ ही धनतेरस और दीपावली को देखते हुए इस नए ब्रांच को खोलने का निर्णय लिया गया। जिससे यहां के लोगों को बजाज की मनपसंद मोटरसाईकिल के लिए दूर जाने की जरूरत नही होगी। इस ट्रिनिटी कमर्शियल में बजाज मोटरसाइकिल की हर तरह की बाइक की जानकारी उपलब्ध होगी, ग्राहको के लिए यहां बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध हैं, साथ ही हर बुकिंग और खरीदारी पर एक सुनिश्चित उपहार भी ग्राहकों के लिए रखा गया है। बजाज की मोटर साइकिल उचित मूल्य और बेहतर फाइनेंस स्कीम के साथ उपलब्ध हैं। ग्राहक इस सुविधा का पूरा पूरा लाभ उठा सकते हैं। इस अवसर पर वोल्कन बजाज के सेल्स मैनेजर गौरव, सेल्समैन जितेंद्र, विवेक, अभिजीत, अमित आदि मौजूद थे।

## सीएम आज आयेंगे चतरा, 200 करोड़ की विकास योजनाओं की बड़ी सौगात देंगे

**चतरा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज एक दिवसीय दौरे पर चतरा आएंगे। इस दौरान वे शहर के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित आपकी सरकार, आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान उनके साथ ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास, हजारीबाग विधायक अम्बा प्रसाद समेत कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सीएम सैंकड़ो लाभुकों के बीच करोड़ो रुपए के परिसंपत्तियों का वितरण करने के साथ-साथ चतरा को 200 करोड़ से अधिक की योजनाओं का सौगात भी देंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल से विभिन्न विभागों के योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों पूरी कर ली गई है। डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन, एसडीओ मुमताज अंसारी संयुक्त नेतृत्व में अधिकारी लगातार कार्यक्रम की तैयारियों को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चाक चौबंद प्रबंध किए गए हैं। सीएम 11 बजे हैलीकॉप्टर से चतरा पहुंचेंगे। डीसी ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद लोगों तक सरकारी लाभ पहुंचाने के प्रति पूरी तरह कृत संकल्पित है। इसी के तहत राज्य सरकार के द्वारा आपकी सरकार, आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। ताकि सरकारी योजनाओं से गरीब गुरबा के दरवाजे पर जाकर उन्हें लाभान्वित किया जा सके। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से चतरा की विकास को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के चतरा कार्यक्रम के दौरान 200 करोड़ से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## मांडू भाया बलसगरा रोड गिद्दी सी टू लाइन सड़क का शिलान्यास करेंगे जेपी पटेल



**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** मांडू भाया बलसगरा रोड गिद्दी सी टू लाईन सड़क का शिलान्यास मांडू विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा आगामी 20 अक्टूबर 2022 दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे से मांडू चौक पर शिलान्यास किया जाएगा। यह सड़क निर्माण में मुख्य भूमिका भाजपा मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो एवं भाजपा कार्यकताओं के अथक प्रयास से विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के मेहनत से यह सड़क बनेगा । इस ऐतिहासिक कार्य के लिए डांडी प्रखंड के तमाम ग्रामीणों की ओर से विधायक को बधाई एवं धन्यवाद।

## ऑल इंडिया एसटी बीसी काउंसिल एरिया कमिटी ने आम्रपाली जीएम का किया स्वागत

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** ऑल इण्डिया एसटी बीसी काउंसिल एरिया कमेटी आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के तत्वधान में मंगलवार को नव नियुक्त महाप्रबंधक अमरेश कुमार के साथ शिष्टाचार परिचय बैठक सह सम्मान समारोह आम्रपाली-चंद्रगुप्त क्षेत्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में अयोजित किया गया ।कॉन्सिल की ओर से बुके, माला,अंगवस्त्र और पौधा दे कर पूरे गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर काउंसिल के महामंत्री ब्रिज किशोर राम, सीसीएल उपाध्यक्ष सह आर एंडआर कमेटी इकबाल हुसैन एव केन्द्रीय कमेटी, एरिया कमेटी एव सी सी एल पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टाफ अधिकारी का & प्रा अशोक कुमार संचालन विजय बेदिया ने किया। धनवाद ज्ञापन कॉन्सिल की ओर से प्रेमचन्द कुमार एव प्रबंधन की ओर से धन्यवाद ज्ञापन किया ।इस अवसर पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार ने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र कोयला उत्पादन और डिस्पैच कर राष्ट्र की सेवा में तत्पर है,क्षेत्र के विस्थापितों,मजदूरों एव कर्मचारियों की सभी कल्याणकारी कार्य किये जायेंगे ।उन्होंने कोयला खदान चलाने के लिए कॉन्सिल से हर संभव सहयोग करने की अपील की तथा कॉन्सिल द्वारा किये गये स्वागत और सम्मान पर कॉन्सिल को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप साथ ही काउंसिल ने आशा उम्मीद जताया कि आपके कुशल नेतृत्व में मजदूरों एवम कर्मचारियों के कल्याणकारी व उथान होगा उन्होंने कॉन्सिल को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# एशिया का सबसे ग्रीन प्रोजेक्ट मगध तीन दिन से बंद

## भूमि के अभाव में वीपीआर कंपनी ने 'नो वर्क नो पे' किया लागू



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** एशिया की सबसे बड़ी कोल माइंस मगध कोल परियोजना देवलगडा पैच से कोयले का उत्पादन कार्य तीन दिनों से ठप है। कोयला उत्पादन करने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर के द्वारा नो वर्क नो पे का नोटिस देकर स्थानीय कामगारों को कार्य से बैठा दिया है। कामगारों के समक्ष रोजगार को लेकर संकट के बादल घहराने लगे हैं। कंपनी में कार्य करने वाले कामगारों ने बताया कि कंपनी के द्वारा ग्रामीण कामगारों के साथ सौतेला व्यवहार के तहत काम से हटाया गया है। भूमि के अभाव में कोयले का उत्पादन भले देवलगडा में नहीं हो रहा हो लेकिन कंपनी के सभी मशीनें और हाईवा बालूमाथ के चमातू में कार्य कर रही है। कामगारों ने बताया की भूमि के अभाव में अभी तक कई बार खनन कार्य बंद हो चुका है बार-बार नो वर्क नो पे का नोटिस देकर कामगारों को कार्य से बैठा दिया जाता है। कामगारों ने सीसीएल प्रबंधन तथा स्थानीय प्रशासन से मांग किया है कि नियमित रूप से हम लोगों की सेवा ली जाय। मगध परियोजना के उत्पादन बंद होने की वजह का सही पड़ताल करने के उपरांत जो बातें सामने आई है वह काफी चौंकाने वाली है। देवलगडा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग के द्वारा परियोजना चलाने के लिए संवेदक कंपनी तथा सीसीएल प्रबंधन को भूमि दिया गया है लेकिन आज तक उसका नौकरी मुआवजा नहीं मिल पाया और हमारे भूमि से कोयला निकालकर सीसीएल के द्वारा बिक्री कर दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। वहीं कुछ जागरूक भूमि के रैयत अपने जमीन के एवज में नौकरी लेने को लेकर अडिग हैं। कुछ ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन को साफ शब्दों में कहा है नौकरी दो भूमि लो।

## माली गणराज्य के भारतीय उच्चायुक्त अंजनी पहुंचे रामगढ़ जिले के सुकरीगड़ा



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रवांडा गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त ऑस्कर केरकेट्टा एवं माली गणराज्य में भारत के राजदूत अंजनी कुमार ने मंगलवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पूर्व चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सुकरीगढ़ा गांव में सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर के स्वर्ण शिल्पी कारीगरों से मुलाकात की राम स्वर्ण एवं चांदी से बनाने वाले आभूषणों के शिल्पकारी की जानकारी हासिल किया लगभग एक घंटा शिल्पकार के साथ बातचीत के दौरान नए पुराने तकनीकों की बृहद रूप से जानकारी लिया। मौके पर विदेश के उच्चायुक्त ऑस्कर केरकेटा एवं अंजनी कुमार व रामगढ़ उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा सिल्वर ज्वेलरी क्लस्टर में कारीगरों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं स्फूर्ति परियोजना (स्कीम ऑफ फंड फॉर अपग्रेडेशन एंड रीजेनरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्री) के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान अंजनी कुमार एवं ऑस्कर केरकेट्टा ने स्वर्ण शिल्पी कारीगरों के वर्कशॉप में कारीगरों से आभूषण निर्माण के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्यों की सराहना की वहीं उन्होंने कारीगरों को आभूषण निर्माण के क्षेत्र में और भी अच्छा कार्य करने एवं कार्यों में सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी ।निरीक्षण के दौरान रामगढ़ उप विकास आयुक्त ,नागेंद्र सिन्हा, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के सीईओ अजय सिंह, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रांची एस आर पासवान, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रामगढ़ राजीव रंजन, सिंगल विंडो जी एम संजय शाह, प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर उदय कुमार, अंचल अधिकारी चितरपुर तृप्ति विजय कुजूर, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक, प्रखंड उद्यमी समन्वय सहित अन्य उपस्थित थे।

# थालिया व झंडी मुंडी पहाड़ से भारी मात्रा में आइइडी बम, हथियार एवं गोला बारूद बरामद



**कोबरा 203 बटालियन व सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता मिली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बड़गड़।** सर्च अभियान के दौरान मंगलवार को बूढ़ा पहाड़ से सटे थालिया व झंडी मुंडी पहाड़ से कोबरा की 203 बटालियन ने भारी मात्रा में आईइडी बम तथा हथियार एवं गोला बारूद सहित काफी मात्रा में अन्य सामग्री भी बरामद किया है।

रिपोर्ट के अनुसार कोबरा 203 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में झारखंड पुलिस व सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। बताया गया कि मंगलवार को सर्च अभियान में कोबरा टीम को झंडी मुंडी नामक पहाड़ पर नक्सलियों द्वारा प्लास्टिक के तिरपाल से बनाया गया उनके कैंप पर नजर पड़ी। गहनता से इसकी जांच के बाद नक्सलियों द्वारा छुपा कर रखे गये हथियार व विस्फोटक बरामद किया गया। बरामद किये गये सामानों में 22 आईईडी, सात वीएचएफ सेट, दो वीएचएफ उपयोगकर्ता मैनुअल, 12 बैटरी, तीन एचइ.36 ग्रेनेड लांचर, 160 मीटर केबल तार, 9 आईईडी सिरिज तंत्र, 26 डेटोनेटर, चार किलो केमिकल सहित भोजन बनाने और दैनिक उपयोग की सामग्री शामिल है। पिछले शनिवार को भी कोबरा बटालियन को बड़ी सफलता हाथ लगी थी जिसमें चार आईडी बम सहित अन्य सामग्री बरामद हुई थी। वहीं बूढ़ा पहाड़ के झाउल डेरा में कोबरा का अस्थाई कैंप होने से पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। अभियान में हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार, राकेश सिंह, गिरधारी, मोहम्मद हुसैन, महेंद्र कुमार, जवान लाल सिंह, अवधेश ओझा, बाल सिंह, विजय हदिया, विनोद कुमार शामिल थे।

# जायंट्स ग्रुप गढ़वा व जायंट्स सहेली ने संस्थापक सदस्य की माता के निधन पर की शोकसभा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा एवं जायंट्स सहेली के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञान निकेतन स्कूल में जायंट्स गढ़वा के संस्थापक सदस्य सह जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के सचिव नन्द कुमार गुप्ता एवं अनूप कुमार गुप्ता की माता स्व. श्यामदुलारी देवी के निधन पर में दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी। तत्पश्चात जायंट्स सदस्यों ने वर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी की अध्यक्षता में परिवार से मिलकर ढांढस दिलाया। साथ ही लिखित शोक पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर जायंट्स गढ़वा के फाउंडर अध्यक्ष सह फेडरेशन 8 के अध्यक्ष अलख नाथ पाण्डेय, स्पेशल कमिटी सदस्य विजय केशरी, पूर्व फेडरेशन अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, वर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खां, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, यूनिट डायरेक्टर मनोज केशरी, दीपक तिवारी, डॉ विरेंद्र गुप्ता, दीपक केशरी, मनोज केशरी (सन रेडियो), अवधेश कुशवाहा, जायंट्स सहेली के अध्यक्ष रितु जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष गायत्री गुप्ता, माला केशरी, सीमा केशरी, सुषमा केशरी, कोषाध्यक्ष संध्या केशरी, रीमा स्वरूप के अलावे रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ एमपी गुप्ता, महावीर प्रसाद, अजय केशरी आदि उपस्थित थे।

# डॉ कुलदेव चौधरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रंका में दिया योगदान



**रंका (आजाद सिपाही)।** चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी को कोविड-19 को देखते हुए लॉकडाउन के समय प्रवासी मजदूरों की जांच हेतू नामधारी कॉलेज एवं इंडोर स्टेडियम, गढ़वा में ड्यूटी लगायी गयी थी। इसके बाद सदर हॉस्पिटल कोविड वार्ड के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। वर्तमान में दो दिन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रमकंडा एवं दुलदुलवा में प्रतिनियुक्त किया गया था। असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा के आदेशानुसार डॉ कुलदेव चौधरी ने मूल पदस्थापन स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रंका में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद के समक्ष योगदान दिया। डॉ चौधरी ने कहा कि रंका हमारा चिर-परिचित क्षेत्र है और कई वर्षों तक सेवा दे चुका हूं। डॉ कुलदेव चौधरी के योगदान से स्थानीय लोगों ने भी खुशी जाहिर की है। मौके पर बीएएम दिनेश गुप्ता, एएनएम सनारती टोपनो, ड्रेसर अनुज कुमार, अनिल ठाकुर, सूर्योदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष अनिल राम, फिरोज अंसारी, श्रवण ठाकुर, सतेन्द्र पांडेय आदि उपस्थित थे।

**प्रेस कांफ्रेंस : राज्य सरकार के निर्देशानुसार छह स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगायेगी ग्रासिम इंडस्ट्रीज**

# छठ महापर्व से पूर्व जगमग होगा गढ़वा विस क्षेत्र : मंत्री

**गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थलों पर भी अगले चरण में लगायी जाएगी हाई मास्ट लाइट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





लगायी जा रही हाई मास्ट लाइट

**गढ़वा।** छठ महापर्व पर गढ़वा बिजली की रोशनी से जगमग होगा। रेहला स्थित ग्रासिम इंडस्ट्रीज गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के छह स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाएगी। इसका कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। छठ महापर्व से पूर्व सभी हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रासिम इंडस्ट्रीज सीएसआर के तहत गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के छह स्थानों पर हाई मास्ट लाईट लगा रहा है। इनमें गढ़वा के फरठिया मोड़, मेराल के छह आना टोला, रंका में रंका बाजार, चिनियां में थाना मोड़, रमकंडा में बिचला टोला तथा डंडा में डंडा बाजार के समीप लगाया जा रहा है।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज की ओर से पूर्व में भी प्रथम चरण में दो स्थानों पर गढ़वा के हूर गांव स्थित अंजान शहीद मजार पर एवं मेराल में हाई मास्ट लाइट लगाया जा चुका है। दूसरे चरण में छह स्थानों पर लगाया जा रहा है। जबकि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थलों, चौक चौराहों पर भी अगले चरण में लगाया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने इस क्षेत्र में कार्यरत अन्य सभी कंपनियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी कंपनियां राज्य सरकार के निर्देशानुसार क्षेत्र में सीएसआर के तहत जनहित का वैसा कार्य करें जो दिखे एवं लंबे समय तक लोगों को उसका लाभ मिल सके।

कहा पूर्व में कंपनियों की ओर से सीएसआर के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही की गई है। सभी कंपनियों को लाभांश का कुछ हिस्सा इस क्षेत्र में जनहित एवं जन उपयोगी कार्यों के लिए सीएसआर के तहत खर्च करना है। कार्य ऐसा किया जाए कि इसका सदुपयोग हो। मंत्री श्री ठाकुर ने इस कार्य के लिए गढ़वा की जनता की ओर से ग्रासिम इंडस्ट्रीज का आभार व्यक्त किया है।

## मंत्री ने डीसी से कहा-बाइपास निर्माण की समस्या दूर करें

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने एनएच 75 के बाईपास निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने का डीसी रमेश घोलप को निर्देश दिया है। डीसी को लिखे पत्र में मंत्री ने कहा है कि कल्याणपुर के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के अनुसार उक्त गांव के 25 रैयतों के मुआवजा का भुगतान अब तक नहीं हो सका है। इस संबंध में मंत्री ने उपायुक्त को सभी समस्याओं को दूर करते हुए यथाशीघ्र सभी भूधारकों को मुआवज का भुगतान करने एवं बाईपास निर्माण में आ रही अन्य सभी बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया है। साथ ही मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा प्रखंड के अचला के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के आलोक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नई दिल्ली के अध्यक्ष को पत्र लिख कर अचला गांव में फ्लाईओवर निर्माण करने का आग्रह किया है। प्रेषित पत्र में मंत्री ने कहा है कि ग्रामीणों से प्राप्त आवेदन के अनुसार अचला गांव में अल्पसंख्यकों का कब्रिस्तान है। जिससे होकर बाईपास सड़क गुजर रही है। सड़क के निर्माण से कब्रिस्तान का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। जबकि कब्रिस्तान का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। कब्रिस्तान के समीप ग्रामीणों की फ्लाईओवर निर्माण की मांग लंबे समय से चल रही है। अब तक विभाग की ओर से कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा सका है। इस संबंध में मंत्री श्री ठाकुर ने अध्यक्ष को प्रेषित पत्र में कहा है कि कब्रिस्तान के पास फ्लाईओवर निर्माण का आदेश निर्गत कर बाईपास सड़क का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाए। ताकि कब्रिस्तान सुरक्षित बच सके।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने दो विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



**कहा- नगर पंचायत गठन से अभी तक 27 करोड़ की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया गया है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या एक एवं आठ में सोमवार को 60 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी एवं वार्ड पार्षद नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि लगभग 60 लाख की लागत सब्जी बाजार में पेवर ब्लॉक, आरसीसी नाली, पटिया व पीसीसी पथ निर्माण एवं वार्ड एक में बगलवाडीह चबूतरा से स्कूल तक पीसीसी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत गठन से अभी तक 27 करोड़ की लागत से पीसीसी पथ, नाली, सोलर स्ट्रीट लाईट, सोलर हाईमास्ट, स्टील डस्टबिन, सोलर युक्त जल मीनार समेत कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया गया है। साथ ही सात हजार लाभुकों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया है एवं क्षेत्र के 57 महिला समूह को 10-10 हजार रुपये प्रदान कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत को विकसित करने के लिये सभी क्षेत्रों में कार्य किया गया है। नपं उपाध्यक्ष लता देवी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के हर वार्ड में पीसीसी सड़क, नाली एवं पटिया का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

वार्ड पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि वार्ड की हृदयस्थली सब्जी मार्केट का सौंदर्यीकरण होने के बाद मार्केट की खूबसूरती में चार चांद लगेगा। उन्होंने कहा कि वार्ड में तेजी से विकास का कार्य किया जा रहा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, नगर प्रबंधक रवि कुमार, वार्ड पार्षद रंजन कुमार छोटू, नसरुल्लाह खां, छोटन सिंह, पप्पू सिंह, जेई उदयशंकर, कामेश्वर प्रसाद, विश्व बिहारी आर्य, भारत भूषण प्रसाद, संजीत कुमार, विनीत कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी में बाल विवाह मुक्त भारत, सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली

**पंचायत को बाल विवाह मुक्त करना हम सभी का कर्तव्य : मुखिया रामसागर महतो**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेराल।** गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को बाल विवाह मुक्त भारत, सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो के नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता रैली में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

रैली के समापन के पश्चात नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मुखिया श्री महतो ने कहा कि पंचायत को बाल विवाह मुक्त करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित सभी वार्ड सदस्य को बारी-बारी से अपने-अपने क्षेत्र में समाजसेवियों, नौजवानों के साथ जागरूकता रैली निकालने का सुझाव दिया। रैली को सफल बनाने में उप मुखिया अलीशेर अंसारी, आंगनबाड़ी सेविका विभा रानी, डॉ लाल मोहन आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. डीएन सिंह, वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, निक्रा परियोजना के सहायक अभिषेक पटेल ने कृषकों को चना और तीसी की खेती, गेहूं के प्रभेद डीबीडब्लू की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण एवं बीज वितरण के समय संस्थान के अजय ठाकुर, रामचंद्र महतो, मुकेश कुमार, श्रवण यादव उपस्थित थे। वहीं चिरौंजिया गांव के प्रगतिशील किसान रामजी, महावीर, संगीता देवी, विमला देवी, कुंता देवी, रमेश राम एवं सरेह गांव के कुलदीप महतो, श्याम कुमार, बृजलाल, विकेश महतो आदि उपस्थित थे।रैली में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य उषा देवी, प्रतिमा देवी, पूजा कुमारी, भोला राम, मुद्रिका राम, रोजगार सेवक निभा तिवारी, बिनेश मेहता, संत कुमार बैठा, देवव्रत कुमार, भोला साह, राम कुमार महतो, कामेश्वर मेहता, संतोष कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

# जेडआरएस ने प्रशिक्षण के बाद कृषकों के बीच किया बीज का वितरण

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र (जेडआरएस), चियांकी के निक्रा परियोजना के अंतर्गत गढ़वा जिले के चिरौंजिया एवं सरेह गांव के कृषकों को आज प्रशिक्षण दिया गया। जेडआरएस सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों के बीच बीज का भी वितरण किया गया। मौके पर क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. डीएन सिंह, वैज्ञानिक प्रमोद कुमार, निक्रा परियोजना के सहायक अभिषेक पटेल ने कृषकों को चना और तीसी की खेती, गेहूं के प्रभेद डीबीडब्लू की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर अजय ठाकुर, रामचंद्र महतो, मुकेश कुमार, श्रवण यादव उपस्थित थे। वहीं चिरौंजिया गांव के प्रगतिशील किसान रामजी, महावीर, संगीता देवी, विमला देवी, कुंता देवी, रमेश राम एवं सरेह गांव के कुलदीप महतो, श्याम कुमार, बृजलाल, विकेश महतो आदि उपस्थित थे।

# बीडीओ ने खाद्यान्न कालाबाजारी के आरोप में दो के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर उंटारी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने नगर उंटारी थाने में आवेदन देकर प्रभु साह एवं चंदन गुप्ता पर खाद्यान्न की कालाबाजारी करने के आरोप का मामला दर्ज कराया है। नगर उंटारी थाना के द्वारा मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पिछले महीने 30 तारीख को नगर उंटारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम भोजपुर के टिकुरिया टोला में प्रभु साह के मिट्टी के घर से बने मुर्गी फार्म के बरामदे में जन वितरण प्रणाली के 80 बोरा खाद्यान्न गेहूं की पैकेजिंग प्लास्टिक के बोरा में किये जाने की शिकायत स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा दी गई थी। जिसके आलोक में बीडीओ ने गहन जांच के पश्चात नगर उंटारी थाने में आवेदन देकर दोनों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली आदेश 2019 एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 तथा भारतीय कानून की अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिक दर्ज करने का आवेदन दिया है।

# जिला परिषद दुकानदार संघ के अध्यक्ष विपुल और सचिव बने औरंगजेब



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद मार्केट (थाना के सामने) परिसर में सोमवार को जिला परिषद दुकानदार संघ की बैठक संघ के संरक्षक आलोक कुमार मिश्रा और शैलेंद्र पाठक की अध्यक्षता में की गई। जिसमें 18 जुलाई 2021 में बनी कमेटी के 11 सदस्यों का सामूहिक इस्तीफा देने के कारण कमेटी भंग हो चुकी थी। जिसमें पूर्व सचिव सत्य प्रकाश पांडे की सूचना पर पुनः कमेटी का पुनर्गठन किया गया। संघ के संविधान के अनुसार नयी कमेटी में सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन करने का निर्णय लिया गया। नयी कमेटी में अध्यक्ष विपुल धर दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष रामजी पासवान, उपाध्यक्ष कमलेश कुमार पासवान, जयप्रकाश ठाकुर, सत्य प्रकाश पांडे, अमित मिश्रा, इजराइल अंसारी, सचिव औरंगजेब खान, सहसचिव रिजवी हसन, राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अविनाश कश्यप का चयन किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में समीर सागर, प्रभात सिंह, मनोज कश्यप, रंजीत तिवारी का चयन किया गया। मौके पर मार्केट परिसर के सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि कमेटी का कार्यकाल एक वर्ष का होगा। हर महीने अध्यक्ष व सचिव की जिम्मेदारी होगी कि बैठक कर सभी सदस्यों को प्रगति रिपोर्ट दें और मार्केट के विकास के लिए जिला परिषद अध्यक्ष और सचिव से बराबर वातालार्प कर समस्या का समाधान करें। इस अवसर पर गोपाल ठाकुर, अमित कुमार पाठक, रोहित कुमार, इसरार अंसारी, राजेश कुमार, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# धुरकी की अंबा खोरिया पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अम्बा खोरिया पंचायत सचिवालय में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का बीडीओ अरूण कुमार सिंह, जिप सदस्य सुनीता कुमारी, प्रमुख शांती देवी व स्थानीय मुखिया अनिला देवी ने सामूहिक रूप से शिविर में दीप प्रज्वलित करने के बाद रिबन काटकर किया। वहीं इसके बाद बीडीओ ने शिविर में जुटी भीड़ व ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्होने यह भी बताया कि इस शिविर में अधिकांश छोटे-छोटे मामले में त्वरित कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं आवेदन देने वाले ग्रामीणों को प्राप्ति रशीद भी दी जाएगी। कार्यक्रम में पंचायत सेवक जगदीश राम, उप मुखिया गीता देवी, शैलेश यादव, अनिरुद्ध गुप्ता, शालिग्राम गुप्ता, बीएओ अंबुज कुमार, बीपीआरओ चंद्रकिशोर, पंचायत कोर्डिनेटर जीतेंद्र कुमार, आवास कोर्डिनेटर मनीष कुमार, अंचल निरीक्षक विभुती नरायण सिंह सहित सभी विभाग के कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

**कार्यक्रम : प्रदेश भाजपा के पंचायती राज प्रतिनिधि सम्मान समारोह में गढ़वा से सैकड़ों प्रतिनिधि पहुंचे रांची**

# भाजपा हमेशा जनप्रतिनिधियों को सच्चा सम्मान देने का कार्य करती है : सत्येंद्र नाथ

**आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड प्रदेश की जनता फिर से एक बार मोदी जी के पक्ष में शत-प्रतिशत मतदान करेगी : अलखनाथ पांडेय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** राजधानी रांची के हरमू ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा आयोजित झारखंड प्रदेश पंचायती राज जनप्रतिनिधि अभिनंदन समारोह में राज्य भर से हजारों जनप्रतिनिधि रांची पहुंचे एवं सम्मान समारोह को सफल बनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय पंचायती राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल के अतिरिक्त कई प्रदेश के नेता उपस्थित थे। अभिनंदन समारोह में गढ़वा से भी सैकड़ों जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडे एवं गढ़वा भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे के नेतृत्व में रांची पहुंचे एवं अभिनंदन समारोह के सहभागी बने।

मौके पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि भाजपा झारखंड प्रदेश के द्वारा जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन करना अच्छी बात है। भारतीय जनता पार्टी ही जनप्रतिनिधियों को सच्चा सम्मान देने का हमेशा से कार्य करती रही है। श्री तिवारी ने कहा कि विगत दिनों राज्य में हुए पंचायती चुनाव में 50% से ज्यादा भारतीय जनता के प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। जिससे यह बात साबित होता है कि ग्रामीण स्तर पर आज भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और गांव गांव के लोग आज भी भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में मजबूती के साथ खड़े हैं। प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड प्रदेश की जनता फिर से एक बार मोदी जी के पक्ष में शत-प्रतिशत मतदान करेगी एवं आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य के लोग पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर महागठबंधन के लोगों के गाल पर तमाचा जड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में हमारे वरीय नेताओं के द्वारा जो हम सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है, निश्चित ही उससे हम सभी को लाभ मिलेगा। आने वाले समय में हम सभी भाजपा के लोग गांव गांव तक पार्टी के द्वारा बतायी गयी बातों को एवं मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों को पहुंचाएंगे।


झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के अधीनस्थ विभिन्न कार्यालयों के द्वारा संक्षिप्त आकस्मिक विपत्रों (AC Bills) के माध्यम से निकासी किए गए राशि के विरूद्ध विस्तृत आकस्मिक विपत्र (DC Bill) के समायोजन के लिए चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट की सेवाएँ एक वर्श के लिए प्राप्त की जानी है। जिनके द्वारा विभाग द्वारा निर्धारित मासिक लक्ष्य के अनुरूप डी0सी0 विपत्रों का समायोजन सुनिश्चित कराया जायेगा।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में, वैसे चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट जो महालेखाकार के पैनल में सूचीबद्ध हों, विभाग में अपनी सेवाएँ प्रदान करने हेतु प्रेस विज्ञप्ति के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में संलग्न प्रपत्र में दिनांक–31, अक्टूबर 2022 तक अपना आवेदन समर्पित कर सकते है। विभाग स्तर से चयनित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट को 20,000/– रुपए प्रतिमाह एकमुश्त राशि की दर से भुगतान किया जाएगा।

(दीपू कुमार)
सरकार के उप सचिव

प्रपत्र

1. नाम/फर्म का नामः–
2. फर्म का पताः–
3. रजिस्ट्रेशन नं0–
4. महालेखाकार के पैनल में सूचीबद्ध होने संबंधी प्रमाण :–
5. कार्यानुभवः–

हस्ताक्षर

स्वघोषणा

मेरे द्वारा दी गई उक्त सूचनाएँ सत्य है। असत्य पाये जाने पर विभाग मेरे विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई हेतु स्वतंत्र होगा।

दिनांकः– PR 280333 Health Med Edu and Family Welfare (22-23)_D हस्ताक्षर

**तैयारी :** अगले तीन माह में एक करोड़ राजस्व संग्रह का लक्ष्य लेकर नप उतरेगा मैदान में

# कर बकायेदार, कर चोरी करने वाले लोगों से वसूला जायेगा टैक्स

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने नगर विकास विभाग की परामर्शी एजेंसी चॉइस कंसलटेंसी के विशेषज्ञों व कर संग्रह एजेंसी स्पैरो के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



आफताब अंजुम

**गुमला।** नगर परिषद अगले तीन माह में एक करोड़ रुपये राजस्व वसूलने की योजना बना रहा है। अब सीधी सी बात यह है कि फल वहीं से काटा जाता है जहां पौधे लगाए गए हैं। तो नगर परिषद भी राजस्व वसूलने के लिए अपने बकायेदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर रहा है। लेकिन तारीफ करने योग्य बात यह है कि कि बकाये दारों और टैक्स चोरी करने वालों की तिजोरी में दस्तक देने के साथ साथ कमाई के कुछ नये तरीके भी निकालने की कोशिश की जा रही है। इस तैयारी को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने मंगलवार को नगर विकास विभाग की परामर्शी एजेंसी चॉइस कंसलटेंसी के विशेषज्ञों, कर संग्रह एजेंसी स्पैरो के अधिकारियों, दोनों नगर प्रबंधकों तथा कर दरोगाओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में पहली बात जो हुई वह है निकाय के छिपे हुए राजस्व को निकालना। जिसके लिए रणनीति भी बनायी गयी। कुछ लोगों की परेशानी तो इस वजह से बढ़ सकती है कि नगर परिषद कर चोरी करने वाले या जानबूझकर समसमय अपना कर भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना बना डाली। भई कर तो कर है, आज नहीं तो कल कर। मगर अदा करना पड़ेगा कर। चॉइस कंसलटेंसी के टीम लीडर पंकज गोयल ने निकाय स्तर के सभी ट्रेड लाइसेंसों को होल्डिंग आईडी से मैपिंग कराने की सलाह दी तथा ये भी कहा कि 20000 स्क्वायर फीट से अधिक क्षेत्रफल वाले भवनों की दोबारा से जांच की जाए, जितने भी जल संयोजन हैं उनमें वाटर मीटर लगवाए जाएं। 15 नवंबर तक सभी पानी कनेक्शन का सर्वे पूर्ण करवाया जाए। कर संग्रह की सभी प्रणालियां ऑनलाइन की जाएं। मजे की बात तो यह है कि सरकारी कार्यालयों में भी नगर परिषद का अच्छा खासा बकाया है, इस पर भी वसूली कराने पर जोर दिया जा रहा है। एक तरफ बकायेदारों की बाढ़ तो दूसरी तरफ जरूरतमंदों की कतार। अब ऐसे समय में निकाय प्रशासन कैसे चले, ये तो नव पदस्थ कार्यपालक पदाधिकारी के लिए एक चैलेंज है। अब इस चैलेंज को स्वीकार करते हुए ईओ ने पदभार लिया है। घर का अभिभावक कमाऊ नहीं होगा तो परिवार कैसे चलेगा। बस इसी थ्योरी पर काम करते हुए राजस्व वसूलने की योजना बना ली। अब तो सरकारी कार्यालयों-आवासों के बकाये का भी भुगतान करने हेतु लिखा जाएगा, सभी नागरिक सुविधाओं के लिए अद्यतन होल्डिंग टैक्स की पर्ची संलग्न करना अनिवार्य किया जाएगा। चलिए इस तरह के सुझावों से अगर नगर परिषद के राजस्व में बढ़ोत्तरी होती है तो उससे अच्छी बात और क्या हो सकती है।

ये भी बताया जा रहा है कि पूरी टीम ने शहर के कुछ चयनित व्यापारिक क्षेत्रों का औचक सर्वेक्षण करके जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इस दौरान नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, चॉइस कंसलटेंसी के एएमओ तरुण कुमार, स्पैरो टेक के अब्दुल वदूद, आदर्श दीपक तथा कार्यालय के टीम के सदस्य मौजूद थे।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी

# होटलों में पायी गंभीर अनियमितता



### औचक छापामारी को लेकर मिठाई दुकानदारों में हड़कंप

शहरी क्षेत्र में औचक निरीक्षण के दौरान कई होटलों से खोवा, पनीर, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, दूध समेत अन्य सामग्री का सैंपल लिया गया लिये गये। सैंपल को जांच के लिए रांची नामकुम स्थित लेबोरेटरी भेज दिया गया। होटलों और मिठाई दुकान मैं औचक छापामारी को लेकर मिठाई दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दीपावली और छठ त्यौहार में आम उपभोक्ताओं को शुद्धता और क्वालिटी वाले मिठाई बाजार में सहज उपलब्धता सुनिश्चित होने को लेकर सोमवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार एवं कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार दास की अगुवाई में शहरी क्षेत्र के विभिन्न मिठाई दुकानों और होटलों में औचक छापामारी किया गया। इस दौरान बंगाल स्वीट्स एवं न्यू बंगाल स्वीट्स में साफ सफाई की गंभीर अनियमितता पाई गई। सफाई के अभाव में संक्रमण फैलने की आशंका व्यक्त की गई। खाद्य पदार्थ बनाने के दौरान साफ सफाई का विशेष व्यवस्था रखें का निर्देश दिया गया। एक सप्ताह के अंदर अनियमितता मिलने वाले मिठाई दुकानदारों को सुधार के लिए कड़ी हिदायत दी गई। सुधार नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए चेतावनी भी दिया गया। शहर के एक दो होटलों में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक रहने पर अधिकारियों ने इसकी सराहना किया।

## लातेहार फाइटर ने लातेहार सुपरकिंग को 7 रन से हराया

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार प्रीमियर लीग के सातवे दिन का पहला मैच लातेहार सुपरकिंग ताथा लातेहार फाइटर के बीच खेला गया। जहां लातेहार फाइटर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खोकर 69 रन बनाये। जिसमे उज्वल सिंह नाबाद 27 ताथा तिलक खरवार ने 13 रन का योगदान दिया। लातेहार सुपरकिंग की ओर से अकाश सिन्हा 2, गौरव पाल 1 विकेट चटकाये। लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार सुपरकिंग ने निर्धारित ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 62 रन ही बना सकी। लातेहार फाइटर की ओर से उज्वल 1, मर्कुश 2, ताथा प्रियांशु चौबे ने 1 विकेट लेने में सफल रहे। मैन ऑफ द मैच लातेहार फाइटर के उज्वल सिंह को चुना गया। मैच के अंपायर श्रवण माहलि ताथा समरेश बादल थे जबकि स्कोरिंग राजन भगत ने किया। वही दूसरा मैच लातेहार इंडियन ताथा लातेहार रॉयल्स के बीच खेला गया। जहां लातेहार रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत और तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ थाना क्षेत्र मे तीन अलग अलग सड़क दुर्घटनाओ मे दो की मौत व तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। सोमवार की देर रात बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के मुरपा मोड़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक कारू भुईयां पिता सनीचर भुइयां की रांची रिम्स ले जाने के क्रम में मौत हो गई। जिससे आक्रोशित स्थानीय ग्रामीण एवं परिजनों ने बालूमाथ चेक नाका के समीप करीब 4 घंटे तक सड़क जाम कर दी। जाम की सूचना पर बालूमाथ थाना के पुलिस अधिकारी और अंचलाधिकारी आफतब जाम स्थल पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान सामाजिक व्यक्तियों और जनप्रतिनिधियों के प्रयास से जाम करता शांत हुआ और अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि जो भी सरकारी प्रावधान होगा उसके तहत आपको हर मुआवजा और सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी साथ ही साथ अनाथ बच्चों का भी कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन कराया जायेगा। इसके बाद जाम हटा लिया गया। मालूम हो कि सोमवार की देर रात कार और बाइक के बीच हुई टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जिसमें कारू भुइयां की मौत रास्ते में ही हो गई। मृतक कारू भुइयां के 6 बच्चियां और एक छोटा पुत्र है। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा भी मृतक के परिवार के हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया, बालूमाथ पुलिस द्वारा मृतक का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिये लातेहार भेजा गया। दूसरी घटना में बालूमाथ थाना क्षेत्र में ही सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना बरनी ग्राम के मुख्य सड़क पर हुई। मृतक की पहचान प्रदीप साव के रूप में हुइ है। मिली जानकारी के अनुसार युवक टमाटर खेत से देर शाम बाइक से घर आ रहा था। तभी बरनी स्थित पुल के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन से चकमा खाकर वह अपना नियंत्रण खो बैठा और पुल के गार्डवाल से जा टकराया। ग्रामीणों ने युवक को जल्द ही बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक डॉ अमरनाथ प्रसाद ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बालूमाथ पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। तीसरी सड़क दुर्घटना में बालूमाथ प्रखंड के बसिया के समीप बाईक और ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर में बालूमाथ मुरपा मोड़ चौक निवासी सूरज तिवारी तथा बालूमाथ प्रखंड कार्यालय मे कार्यरत जूनियर इंजीनियर लालधारी साई गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है की दोनों घायलों को दाहिने पैर फ्रैक्चर हो गया है।

## चोरी के आरोप में दो आरोपी को जेल भेजा

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड अंतर्गत सेर क पंचायत अंतर्गत बालूमाथ थाना क्षेत्र के दो चोरों को ग्रामीणों ने चंदवा थाना को सुपुर्द किया। वही थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा ने बस लाया की यह दोनों रात्रि के समय सेरक गांव में चोरी के फिराक में आये हुए थे। ग्रामीणों ने शक के आधार पर इन दोनों को पकड़ कर पूछताछ करना शुरू कर दिया दोनों ने पूछताछ करने के क्रम में ग्रामीणों को सही जवाब नहीं दे पाये। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई बाइक चोरी हो गई है और हम लोग को पता भी नहीं चल पाता है। चंदवा पुलिस ने जांच पड़ताल की परंतु पुलिस को भी जवाब देने में असमर्थ रहे। जिससे चंदवा पुलिस ने महेंद्र यादव पिता विनोद यादव ग्राम जाला बालूमाथ, वहीं दूसरा व्यक्ति आकाश गंजू पिता स्वर्गीय झमन गंझु ग्राम हाही बालूमाथ है7 कांड संख्या 120/22 के तहत चंदवा पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

## तालाब व सड़क किनारे चला सफाई अभियान

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय मां काली समिति पूजा समिति एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में सफाई अभियान किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति के आजीवन संरक्षक डॉ टी साहू ने की। मौके पर रिटायर्ड आर्मी सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने खुद हाथों में कुदाल और फावड़ा लेकर आगे बढ़कर साफ सफाई की। उनके इस जज्बे को देखकर आसपास के लोग भी इस कार्य मे जुट गये। मौके पर डॉ टी साहू ने कहा कि अपने आसपास खुद भी साफ सफाई करें नगरपालिका का सहयोग करें। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार प्रमुख सतीश पांडे एवं बजरंग दल के संयोजक सचिन कुमार एवं बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह ने सफाई अभियान में हिस्सा लेकर पूरा मंदिर परिसर एवं सड़क तलाब के किनारे सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें हिंदू विकास परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मंडल ने भी सफाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और निंगनि गांव के सभी राम भक्त दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति ने सफाई करके इस स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। मौके पर ग्राम निंगनी मुखिया मुनी उराइन, पंचायत समिति सदस्य सीता देवी, पदमा पूजा अनीशा संजू बसंती, सुशीला, रूबी गांगी, रेखा, पार्वती, मुकेश प्रसाद साहू, कृष्णा प्रसाद साहू, संदीप, भागीरथ, नीरज कुमार साहू, अंबुज, कृष्णा, विजय, गौतम, राहुल, तुषार, सागर, राजेश, राकेश, गुड्डू राज, अन्नू, अरुण, राजकुमार, नानू, प्रदीप, बाबू, हेमंत, प्रभु उराव, महादेव उराव, बजरंग, रामवीर, रामविलास, तरुण देवघरिया, राजेश देवरिया, मीनू देवघरिया, बृजेश, मीना देवी, वीरेंद्र लोहरा, भूत पूर्व मुखिया मंजू साहू समेत सैकड़ों ग्रामीण एवं महिला मौके पर मौजूद थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत भवन में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारर कार्यक्रम का मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पंचायत में शिविर के माध्यम से नया किसान क्रेडिट कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, ई-श्रम पोर्टल नया पंजीकरण, लगान रसीद निर्गत, मनरेगा नया जॉब कार्ड, मनरेगा नये कार्य आबंटन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मनरेगा अन्तर्गत नयी योजनाओं की स्वीकृति, नया राशन कार्ड, राशन कार्ड में सुधार, म्यूटेशन, पेंशन शिकायतें, जाति और आय प्रमाण पत्र, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत जनोपयोगी योजनाओं की स्वीकृति आदि से संबंधित पंचायत के लोगो को बताया गया। वही इस दौरान ग्रीन राशन कार्ड निर्माण, सोना सबरन धोती-साड़ी योजना, फुलो झानों आर्शिवाद योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, इ श्रम पोर्टल पर श्रमिक निबंधन, जेएसएलपीएस द्वारा महिला समूह गठन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रखंड क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

## अमित पांडे ने सदर अस्पताल के डॉक्टर पर ड्यूटी के दौरान नशे में धुत होने का लगाया आरोप

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने सदर अस्पताल के डॉक्टर श्रवण कुमार महतो पर ड्यूटी के दौरान नशे में धुत होने का आरोप लगाया है। एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि कुमंडीह मोड़ के पास टेंपो पलटने के करण एक महिला बुरी तरह घायल हो गयी थी। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया था, लेकिन महिला स्ट्रेचर पे 15 मिनट से पड़ी रही लेकिन उसे देखने वाला कोई नहीं था उसी के बगल में बैठे डॉक्टर से पूछा तो वो नशे में धुत थे।

## महिला विकास मंडल की वार्षिक आम सभा में बोर्ड मेंबर का किया गया पुनगर्ठन




**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में महिला विकास मंडल की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। साथ ही महिला मंडल के सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग, बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, सीओ रविन्द्र पांडेय, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने संबोधित किया। वार्षिक आम सभा में महिला विकास मंडल बोर्ड मेंबर का पुनगठन किया गया। जिसमें अलब्रेटा लकड़ा, शबनम बीबी, यशोदा सोरेंग, अमृता कुंमारी साहू, मंजू देवी, उर्मिला देवी, मुक्ता सोरेंग, नीलमणि टोप्पो, संतोषी देवी, प्रेमशीला देवी एवं निर्मला देवी को अगले एक वर्ष के लिए बोर्ड मेंबर के रूप में चयन किया। महिला मंडल का प्रगति पत्र वृन्दावन्ती देवी ने प्रस्तुत किया एवं मंच संचालन रंथि होरो ने किया। मौके पर जेएसएलपीएस के विनोद कुमार तिवारी, नीलिमा मिंज, वृन्दावन्ती देवी, पंकज कुमार, विकास कुमार, निरंजन कुमार, महादेव महतो, सुमित श्रीवास्तव, मिथलेश वर्मा, निधि कुमारी, मन्तोष कुमार, लीलावती देवी, अनिता देवी समेत महिला मंडल की सदस्य उपस्थित थीं।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलायी गयी

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्लस टू उच्च विद्यालय बसिया में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलायी गयी। जिसमें शिक्षिका दिव्या तोपनो ने बच्चों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के पेट में होने वाले कृमि से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। जिससे बच्चे शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होते हैं। ऐसे में बच्चों को इस दवा का सेवन हर छह महीने के अंतराल में करना चाहिए। इस दवा के सेवन से बच्चों में थकावट, कुपोषण व खून की कमी नहीं रहती है। प्रधानाचार्य विकाश कुमार ने बच्चों को कृमि मुक्ति दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर शाहीन आलम, रविशंकर प्रसाद, संदीप बागे, जतरी कुमारी, निर्मला कुमारी, सविता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, बिनोद खड़िया, प्रतिमा कुमारी, सीता राम पाल, प्रदीप कुमार, आनंद राम आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## बैंक खाता खुलवाने को लेकर परिजन के साथ विद्यालय के शिक्षक और बच्चे रहे परेशान

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को सरकारी विद्यालय के बच्चों के बैंक खाता खुलवाने को लेकर परिजन के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षक और बच्चे काफी परेशान रहे। बच्चे प्रातः 10 बजे से ही कार्यालय परिसर में पहुंच चुके थे। जबकि बैंककर्मी का इंतजार करते करते दोपहर 1:30 बजे एक स्टाफ पहुंचा। जिसके बाद बैंक का खाता खोलने का फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया शुरू की गई। वहीं कई बच्चों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। समय खत्म होने के साथ ही बैंक से आये कर्मी वापस चले गये। बच्चे सुबह से भूखे प्यासे खाता खुलवाने को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में पहुंचे थे। इस संबंध में चुंदरी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंपकर पंचायतों में शिविर लगाकर बच्चों को बैंक खाता खुलवाने की ओर पहल करने का आग्रह किया ताकि बच्चों को कोई परेशानी ना हो।

## गुमला अपर समाहर्ता ने लाइब्रेरी खोलने को लेकर किया भवन का निरीक्षण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित बिजली विभाग कार्यालय भवन के प्रथम तल्ला में गुमला अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने लाइब्रेरी खोलने को लेकर मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में भवन की वस्तुस्थिति को देखा और शौचालय की व्यवस्था को लेकर नया शौचालय बनवाने का निर्देश बीडीओ और सीओ को दिया। साथ ही भवन को पूर्णरूपेण तैयार करने की बात भी कही। मौके पर अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी का भवन बनाया जा रहा है। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के कई बच्चे यहां पहुंच कर पढ़ाई से संबंधित कार्य कर सकेंगे।

## सामूहिक श्रमदान से स्वच्छता अभियान व दीपदान का लिया गया निर्णय



### ईओ ने छठ पूजा आयोजकों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मंगलवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने शहर की विभिन्न छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी आयोजकों को सूचना दी कि शहर के सभी छठ तालाबों की सघन साफ सफाई आरंभ कर दी गयी है। ऐसे में वे लोग स्वयं भी नगर परिषद कर्मियों के साथ समन्वय बनाते हुये अपनी निगरानी में साफ सफाई करवायें। इस पर सभी आयोजकों के साथ निर्णय हुआ कि सभी छठ पूजा स्थलों पर सामूहिक श्रमदान से स्वच्छता अभियान चलाया जाये।

कुछ लोगों ने ईओ से जलाशयों की गहराई के पास बैरिकेटिंग करवाने, तालाबों में पानी का स्तर कम करवाने, तालाब की दीवारों का रंग रोगन करवाने, तालाबों के पहुंच पथ की सफाई व प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करवाने का अनुरोध किया। इस पर संजय कुमार ने आवश्यक कार्रवाई को लेकर सभी को आश्वस्त किया। कार्यपालक पदाधिकारी के प्रस्ताव पर बैठक में निर्णय लिया गया कि दीपावली की पूर्व संध्या पर जलाशयों के तट पर आम नागरिकों की सहभागिता से सामूहिक दीपदान का आयोजन करवाया जाये।

इस दौरान दोनों नगर प्रबंधक तथा सभी छठ पूजा आयोजन समितियों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## ग्राम सभा को मजबूत करने की जरूरत : भूषण भगत



### मिशन बदलाव टीम ने कामडारा प्रखंड के हाफु का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव का गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत भूषण भगत, पंकज चंद्र गोस्वामी, लखन गोप एवं प्रोफेसर सुजीत कुमार एवं मिशन बदलाव कामडारा प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य मारवाड़ी विरहोर के नेतृत्व में कामडारा प्रखंड का सुदूरवर्ती गांव हाफु गांव का दौरा किया गया। ग्रामीणों से बैठक के दौरान ग्रमीणों को ग्राम सभा के ताकत एवं सशक्तिकरण के बारे में बताया गया। ग्रामीण युवाओं को नशा से दूर रहने के बारे में बताया गया। नशा से युवा समाज बर्बाद हो रहा है। आज अगर नशा को नहीं नियंत्रण किया गया तो पूरा गांव एवं समाज बर्बाद हो जायेगा। ग्रामीणों से गांव की स्कूल व्यवस्था के सुधार के बारे में चर्चा की गयी और ग्रमीणों को बताया गया कि अगर ग्राम सभा चाह ले तो गांव की स्कूल व्यवस्था में भी सुधार हो सकता है। ग्रामीणों के लिए द्वारा अपने समस्या को भी साझा किया गया एवं मिशन बदलाव के सदस्यों ने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी ग्रमीणों के सहयोग से गांव की भी तकदीर एवं तस्वीर बदल सकती है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पंचायत शाखा से संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में पंचायत शाखा से संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा के क्रम में 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिला परिषद तथा पंचायत समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 अंतर्गत प्राप्त राशि के विरुद्ध किये गये खर्च की समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त को 15वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। 15 वें वित से अनटाइड में ग्राम पंचायत में कुल 6करोड़,74 लाख 85 हजार,582 रुपए की राशि प्राप्त हुई, जिससे कुल 227 योजनायें ली गई। जिसमें 2 करोड़, 64 लाख, 88 हजार, 431 रुपये खर्च कर 116 योजनाओं को पूर्ण किया गया है। शेष योजना में कार्य चल रहा है। वही टाइड में कुल 12 करोड़, 48 लाख,57 हजार, 331 रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिससे कुल 270 योजनाओं को लिया गया एवं अबतक 1 करोड़, 72 लाख 73 हजार, 455 रुपए की राशि खर्च करते हुए 113 योजना को पूर्ण कर लिया गया। वही पंचायत समिति में टाइड में कुल 2 करोड़, 82 लाख,34 हजार, 244 रुपये प्राप्त हुआ। जिससे कुल 134 योजनायें ली गई एवं 80 लाख 37 हजार 402 की राशि खर्च कर 77 योजनाओं को पूर्ण किया गया। अनटाइड में कुल 1 करोड़, 69 लाख,14 हजार, 773 रुपये की राशि प्राप्त हुई जिससे कुल 87 योजनायें ली गई एवं, 44 लाख 22 हजार 586 की राशि खर्च कर 42 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया। जिला परिषद में अनटाइड में कुल 1 करोड़,96 लाख,78 हजार,129 रुपये प्राप्त हुए जिससे कुल 65 योजनायें ली गई एवं 72 लाख, 76 हजार 704 व्यय कर कुल 38 योजनाओं को पूर्ण किया गया है। वही टाइड में कुल 1 करोड़, 63 लाख 37 हजार, 374 रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिससे कुल 58 योजनायें ली गई एवं 43 लाख 27 हजार 672 की राशि व्यय कर कुल 32 योजनाओं को पूर्ण किया गया है। उपायुक्त ने प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया।

### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रीति सिन्हा, जिला समंवयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं सभी पंचायतों के जनसेवक उपस्थित थे।

# मेडिकल में हिंदी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भोपाल में एमबीबीएस कोर्स से जुड़े तीन विषयों की हिंदी किताबें जारी कीं। मध्य प्रदेश पहला राज्य है, जहां मेडिकल की पढ़ाई हिंदी माध्यम से कराने का फैसला लागू किया गया है। यह फैसला नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत लिया गया है, जिसके मुताबिक तकनीकी विषयों की उच्च शिक्षा मातृभाषा में दिये जाने की बात है। जल्दी ही मेडिकल की पढ़ाई अन्य भारतीय भाषाओं में भी शुरू होगी। निश्चित रूप से यह एक बड़ी पहल है। इसके पक्ष में दिए जा रहे इस तर्क में भी दम है कि अगर जर्मनी, जापान, फ्रांस जैसे देश अपनी-अपनी भाषाओं में विज्ञान और तकनीक की पढ़ाई से इतना आगे बढ़ सकते हैं तो भारतीय भाषाओं में ये विषय क्यों नहीं पढ़ाये जा सकते? अभी तक अड़चन यह बतायी जा रही थी कि इन विषयों के कोर्स मटीरियल हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में हैं ही नहीं। इसी समस्या के हल के रूप में तीन विषयों की हिंदी पुस्तकें जारी की गयी हैं। यह तो बस शुरुआत है, ऐसी और किताबें आयेंगी। बहरहाल, इस शुरुआत का मतलब यह नहीं माना जा सकता कि आगे की समस्याएं विलुप्त हो गयी हैं या वे कम गंभीर हैं। अगर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा जारी की गयी किताबों पर ही गौर किया जाये, तो इसने कुछ हलकों में बहस अभी से शुरू करा दी है। एक पुस्तक का नाम कवर पर दिख रहा है- एनाटॉमी, एब्डॉमन और लोअर लिम। पूछा जा रहा है कि क्या लिपि बदलना ही भाषा बदलना है? क्या एनाटॉमी के लिए शरीर रचना लिखना इतना मुश्किल होता कि स्टूडेंट्स नहीं समझ पाते? लेकिन सवाल सिर्फ एक एनाटॉमी का नहीं है। ऐसे तमाम टर्म आयेंगे, जिनके अनुवाद से स्टूडेंट्स में ही नहीं टीचर्स के बीच भी भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है। लिहाजा जहां तक हो सके टर्म को ज्यों का त्यों अपनाते हुए चलना ही फायदेमंद होगा या इनके लिए मानक शब्द रखने होंगे। आखिर विभिन्न माध्यमों से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स जब फील्ड में एक्टिव होंगे और इनमें आपसी संवाद होगा तो इनके बीच इस तरह की खाई नहीं बननी चाहिए कि एक-दूसरे की बात ही समझ में न आये। इसके अलावा अपने देश में एक समस्या हिंदी लादे जाने के वास्तविक या काल्पनिक डर की भी है, जिसकी झलक तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे राज्यों से उठ रही आपत्तियों में अभी से मिलने लगी है। इसलिए बेहतर होगा कि इस फैसले को भाषाई गर्व से ना जोड़ा जाये। एक सवाल यह भी है कि मेडिकल साइंस में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नयी रिसर्च होती रहती हैं। उन्हें हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में मेडिकल की पढ़ाई करने वालों तक कैसे पहुंचाया जायेगा। अच्छा होगा कि इस बारे में भी सोचा जाये।

**आखिर विभिन्न माध्यमों से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स जब फील्ड में एक्टिव होंगे और इनमें आपसी संवाद होगा तो इनके बीच इस तरह की खाई नहीं बननी चाहिए कि एक-दूसरे की बात ही समझ में न आये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पुलिस के कथनानुसार मामला 'नरबलि' से संबंधित है। अथार्भाव से जूझ रहे दंपति ने एक तांत्रिक से संपर्क साधा जिसने समाधानिक रूप में 'नरबलि' देने की बात कही। दैहिक अवमानना में नृशंसता की सभी हदें पार करते हुए तीन माह के अंतराल पर दोनों महिलाओं को इस कुकृत्य की भेंट चढ़ा दिया गया। कोच्चि पुलिस के मुताबिक मुख्यारोपी यौन विकृति का शिकार है तथा 2006 में चोरी, 2020 में एक 75 वर्षीया महिला का दुर्व्यवहारिक शीलहरण करने सहित 10 से अधिक मामलों में नामजद है।**

# अंधविश्वास के मकड़जाल में उलझी सोच

दीपिका अरोड़ा



**जनसामान्य को गुमराह करने वाले पाखंडियों के विरुद्ध नकेल कसने एवं नरभक्षियों के लिए कठोर दंड प्रावधान सुनिश्चित करने सहित ही सर्वस्तरीय जनजागृति अभियान हेतु कमर कसना भी अत्यावश्यक है प्रारब्ध को बदलने का एकमात्र उपाय सच्ची कर्मनिष्ठा ही है। साध्य प्राप्ति हेतु प्रयुक्त साधनों का नीतिपरक चयन अत्यधिक महत्व रखता है।**

साक्षरता की दिशा में हमारा देश भले ही नये आयाम स्थापित कर रहा हो किन्तु वैचारिक उत्थान की दृष्टि में आज भी अधिकांश लोगों को स्वःरचित विवेकशून्यता के दायरे में सिमटा हुआ पायेंगे। जादू-टोने, नरबलि से संबद्ध हालिया घटित घटनाएं साक्षात गवाह हैं कि शिक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार के बावजूद अभी तक हमारा समाज अंधविश्वासों से मुक्ति पाने में अपेक्षित सफलता अर्जित नहीं कर पाया। साक्षर राज्य के रूप में अग्रिम पहचान बनाने वाला केरल भी इस विषय में अपवाद नहीं। हाल ही में पथानाथिट्टा जिले में एक घर से दो महिलाओं के क्षत-विक्षत शव बरामद होने पर एक हृदय विदारक प्रकरण प्रकाश में आया।

पुलिस के कथनानुसार मामला 'नरबलि' से संबंधित है। अथार्भाव से जूझ रहे दंपति ने एक तांत्रिक से संपर्क साधा जिसने समाधानिक रूप में 'नरबलि' देने की बात कही। दैहिक अवमानना में नृशंसता की सभी हदें पार करते हुए तीन माह के अंतराल पर दोनों महिलाओं को इस कुकृत्य की भेंट चढ़ा दिया गया।

**आंकड़ों के मुताबिक 2000 से 2012 के दौरान काला जादू करने के शक में 350 लोग हत्या का शिकार बने।**

कोच्चि पुलिस के मुताबिक मुख्यारोपी यौन विकृति का शिकार है तथा 2006 में चोरी, 2020 में एक 75 वर्षीया महिला का दुर्व्यवहारिक शीलहरण करने सहित 10 से अधिक मामलों में नामजद है।

आशंका है कि पूर्व में भी वह इसी ढंग से अन्य जघन्य वारदातों को अंजाम दे चुका है। उपरोक्त प्रकरण की जांच के मध्य ही इसी जिले में 'काले जादू' के प्रभावाधीन एक बच्चे के चेतनाशून्य होने का समाचार प्राप्त हुआ। मामले में संदिग्ध महिला तांत्रिक को तत्काल पुलिस हिरासत में ले लिया गया।

गौरतलब है कि बीते दिनों दक्षिणी दिल्ली की लोधी कालोनी में भी कथित तौर पर 'मानव बलि' के नाम पर छह वर्षीय बालक की गला रेत कर हत्या कर दी गयी थी।

खेद का विषय है कि अंधविश्वासों के नाम पर किसी के जीवन से खिलवाड़ करने वाले नरपिशाचों की सूची केवल तंत्र-मंत्र साधकों अथवा अपरिचितों तक ही सीमित नहीं, ऐसे मामले भी देखने में आते हैं, जिनमें कार्यसिद्धि हेतु संबंधी अथवा परिचित ही जीवन भक्षक बन जाते हैं।

गुजरात के गिर सोमनाथ के धावा गांव में एक ऐसा ही समाचार प्राप्त हुआ है, जहां एक पिता को अपनी 14 वर्षीय बच्ची की 'बलि' देने के संदेह में गिरफ्तार किया गया। पुत्र कामना एवं धन प्राप्ति की लालसा के चलते अंधविश्वासी पिता द्वारा, नवरात्र अष्टमी की रात्रि बलि देने की आशंका व्यक्त की जा रही थी।

माना जा रहा है कि पुनर्जीवित करने के प्रयास में चार दिवसीय तांत्रिक प्रक्रिया के विफल सिद्ध होने पर रात्रिकाल में बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मामला भले ही अपुष्ट एवं विचाराधीन है, किंतु न चाहते हुए भी वर्ष 2013 का स्मरण हो आता है, जब सिवनी जिला, केवलारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुरगा गांव के खैरमाई मंदिर में पूर्व जनपद सदस्य द्वारा अपनी 8 वर्षीय पुत्री की बलि चढ़ाने का प्रकरण संज्ञान में आया था। 'राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो' द्वारा आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना के लिए संयुक्त रूपेण जारी किये गये आंकड़ों के मुताबिक 2000 से 2012 के दौरान काला जादू करने के शक में 350 लोग हत्या का शिकार बने।

पिछले तीन वर्षीय आंकड़ों में मात्र तेलंगाना में ही कुल 39 मामले दर्ज किये गये। समूचे तौर पर पूरा राष्ट्र ही इसकी चपेट में है। वास्तव में जादू-टोना, बलि आदि अंधविश्वास की ही संतति है। आदिम युग की वैज्ञानिक एवं पारखिक अनभिज्ञता से प्रारंभ हुआ अंधविश्वासों का असामाजिक प्रचलन मानवीय क्रियाओं के वृहद विस्तार के साथ न केवल फैलता चला गया, बल्कि अनेक भेदों-प्रभेदों सहित गतिमान होता गया। वर्तमान में यह अंधवृत्ति किसी वर्ग विशेष तक सीमित न होकर अपनी बहुपक्षीय पैठ बना चुकी है।

कतिपय उदाहरण छोड़ दें, तो शिक्षित, समृद्ध, बौद्धिक वर्ग भी कम अथवा अधिक, इस मकड़जाल में उलझा नजर आता है। वास्तव में अंधविश्वास एक तर्कहीन, निराधार विश्वास है। इसका न कोई ओर-छोर है न ही आदि-अंत। परंपराओं एवं मान्यताओं की ही भांति ये सामाजिक, क्षेत्रीय, जातिगत अथवा धार्मिक आधार पर विभिन्न रूप धार कर पीढ़ी-दर-पीढ़ी अपना स्थान बनाते चले जाते हैं, जब तक कि ज्ञानज्योति का प्रादुर्भाव एवं अभिग्रहण संभव न होने पाये।

अनुवांशिक रूप में अंधविश्वास मन-मस्तिष्क पर इतना गहरा प्रभाव छोड़ चुका होता है कि हृदय को इससे बाहर निकलने में असुविधा प्रतीत होने लगती है। मुक्ति की संभावना वहीं फलीभूत होती है, जहां जागरूकता की चाह हो। भारत वर्ष की विलक्षणता से भला कौन परिचित नहीं? इसके पास सार्वभौमिक दर्शन, स्वाभाविक सहिष्णु धर्म, बड़ा भूभाग, युवा शक्ति, लोकतांत्रिक विविधता का ऐसा दुर्लभ संयोजन है, जिसकी समानता कदाचित ही कोई अन्य देश कर पाये। अभाव है तो केवल समग्र रूप में एक तर्कसंगत सोच का।

जनसामान्य को गुमराह करने वाले पाखंडियों के विरुद्ध नकेल कसने एवं नरभक्षियों के लिए कठोर दंड प्रावधान सुनिश्चित करने सहित ही सर्वस्तरीय जनजागृति अभियान हेतु कमर कसना भी अत्यावश्यक है प्रारब्ध को बदलने का एकमात्र उपाय सच्ची कर्मनिष्ठा ही है। साध्य प्राप्ति हेतु प्रयुक्त साधनों का नीतिपरक चयन अत्यधिक महत्व रखता है। संयोगवश मिली उपलब्धि का सुख क्षणिक एवं दूरगामी परिणाम सदैव दुखदायी होता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# साकची सब्जी मंडी स्टैंड में चली गोली, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** साकची थाना अंतर्गत पुराना बस स्टैंड के समीप सब्जी मंडी के पास दिनदहाड़े गोली चलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मंगलवार को गोली लगने से दो लोग घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। भाजपा का पूर्व मानगो मंडल अध्यक्ष को टॉर्गेट कर चलायी गई थी। लेकिन अपराधियों के मंसूबे विफल रही। भाजपा नेता राजेश सिंह को छूकर गोली निकल गयी। वही घटना के दौरान पैर में गोली लगने से मोहम्मद मुमताज घायल हो गया। घायल राजेश सिंह का टीएमएच और मोहम्मद मुमताज एमजीएम में इलाज चल रहा है। मंगलवार को सब्जी मंडी के स्टैंड के पास दिनदहाड़े गोली चलने से क्षेत्र में भगदड़ मच गया। मौके पर अपराधियों के पिस्तौल सहित कई जिंदा गोली घटना स्थल में ही गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी एससी के विजय शंकर मौके पर पहुंचे। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों से जानकारी ली। बताया जा रहा है नकाबपोश अपराधी दो की संख्या में पहुंचे थे। अपराधियों ने साकची मंडी में भाजपा नेता सैंकी यादव हत्याकांड के आरोपी राजेश सिंह को टारगेट कर दो गोलियां चलायी। जिसमें राजेश सिंह के साथ मोहम्मद मुमताज नामक व्यक्ति भी घायल हो गया। राजेश सिंह के चेहरे में गोली छूकर निकल गई है। जबकि मोहम्मद मुमताज को पैर में गोली लगी है। उसका इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। राजेश सिंह हाल ही में जेल से जमानत पर छूटा है। सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया साकची सब्जी मंडी पार्किंग के पास गोली चली है। स्थानीय लोगो के अनुसार तीन अपराधी होने की सूचना मिली है। फिलहाल स्थानीय पुलिस जांच कर आगे की करवाई कर रही है।

## टाटा स्टील के कोक प्लांट में खुली नयी कैंटीन, कैंटीन में वीपी एचआरएम टाटा वर्कर्स यूनियन के टॉप थ्री ने लिया भोजन का आनंद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील के कोक प्लांट में मंगलवार को नया कैंटीन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर वीपी एचआरएम अश्रेयी सरकार, वीपी आइएम उत्तम सिंह, टीडब्लयुयु प्रसिडेंट संजीव चौधरी, टॉप थ्री समेत तमाम ऑफिस बीयरर उपस्थित थे। यह कैंटीन सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें एक साथ 50 से 60 कर्मचारियों की बैठने की सुविधा है। इस दौरान कोक प्लांट के कर्मचारियों ने नृत्य का प्रर्दशन भी किया। इस अवसर पर चीफ कोक ओवन रंजन सिंह, बीयुएचआरएम आयुष सिंहा, साक्षी चौधरी, जेडीसी चेयमैन विभाष शुक्ला, पूर्व डीप्टु प्रेसीडेंट अरविंद पांडे समेत सभी कमेटी मेंबर उपस्थित थे।

# ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा का आदित्यपुर निवासी आकाश मोदक ने किया अपहरण

## प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची स्थित ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन की छात्रा का अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार छात्रा का अपहरण आदित्यपुर के शांति नगर निवासी आकाश मोदक ने किया है। परिजनों के आवेदन पर साकची थाने में आकाश मोदक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। छात्रा बिरसानगर के रोड नंबर 3 की रहने वाली है। परिजनों का कहना है कि 13 अक्टूबर को छात्रा को उसके पिता खुद कॉलेज छोड़ने गये थे। शाम तक बेटी नहीं आई तो परिवार के लोग परेशान हो गये। परिवार के लोगों ने घटना के बारे में पता किया। बाद में छात्रा की सहेलियों ने बताया कि उसे आकाश मोदक के साथ देखा गया था। आकाश मोदक ग्रेजुएट कॉलेज के आसपास मंडराता रहता था। इसके बाद परिजनों ने आकाश मोदक का मोबाइल नंबर भी साकची पुलिस को उपलब्ध करा दिया है। पुलिस मोबाइल लोकेशन एवं मामले की जांच में जुटी है।

## सिदगोड़ा सूर्य मंदिर को लेकर विधायक सरयू राय का बड़ा बयान, उनको मंदिर कमेटी से लेना-देना नहीं, बोले

# छठ घाट पर लटका-झटका वाले कार्यक्रमों की नहीं मिलनी चाहिए अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर कमेटी के बदले समीकरण के बीच जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर और समीपस्थ सरकारी परिसंपत्तियों का जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को सरकार द्वारा स्थानांतरित किया जाना। इसे तथाकथित सूर्य मंदिर समिति के अवैध कब्जा से मुक्त कराना मंदिर और प्रशासन का मामला है। इस मामले में कनून अपना काम कर रहा है। इसका उनको या उनके सर्मथकों और शुभचिंकतों का कोई लेना देना नहीं हैं। विधायक सरयू राय ने विश्वास जताया है कि जिला प्रशासन इस मामले में जो भी करेगा नियमानुकूल करेगा और प्रशासन का निर्णय वस्तुपरक होगा, व्यक्तिपरक नहीं. उनका प्रयास है कि जिला प्रशासन और जेएनएसी के सहयोग से इस पूरे परिसर को खेल-कूद, कला-संस्कृति एवं युवा गतिविधियों का एक उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाये। उन्होंने इस बारे में अपनी अवधारणा से प्रशासन और अक्षेस को अवगत कराया है. इसके तहत 14 आगामी नवंबर को बाल दिवस पर आयोजित हो रहे बाल मेला से इसकी शुरूआत होगी। रही बात इस वर्ष छठ पूजा का आयोजन इस परिसर में करने की तो विधायक सरयू राय ने कहा कि इसका आयोजन जेएनएसी की देखरेख में होगा। छठ घाटों की मरम्मत, रंग-रोगन, प्रकाश व्यवस्था आदि का काम भी जेएनएसी करेगा। आवश्यक होगा तो जेएनएसी इसके लिये विधायक



निधि और सांसद निधि का उपयोग कर सकता है। छठ पूजा की परम पवित्रता को ध्यान में रखते हुए जेएनएसी सबका सहयोग लेगा. जो भी व्यक्ति या संस्था इसमें सहयोग करना चाहे उसका सहयोग लेकर जेएनएसी पूरा प्रबंध करेगा। विधायक सरयू राय ने बताया कि उन्होंने जेएनएसी को सुझाव दिया है कि इस परिसर में आयोजित छठ पूजा में शत-प्रतिशत माहौल पवित्रता और आस्था का रहना चाहिए, पूर्व की तरह लटका-झटका वाले कार्यक्रमों का आयोजन करने की अनुमति पूरे परिसर में कहीं भी नहीं दी जानी चाहिए।

### नदी किनारे और विभिन्न टोलों-मुहल्लों के घाटों पर भी छठ पूजा में हर आवश्यक सुविधा प्रदान करने को कहा

**विधायक ने कहा छठ सामग्रियों के क्रय-विक्रय, वितरण के लिए परिसर के बाहर उपयुक्त स्थान जेएनएसी चिंहित करें। परिसर के भीतर किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि नहीं चलने दे। इस वर्ष परिसर के चिल्ड्रेन पार्क क्षेत्र की ओर भी एक छोटा सा छठ पूजा घाट के लिए स्थान तैयार करने की कोशिश हो रही है। उनका प्रयास है कि इस वर्ष न केवल सूर्य मंदिर परिसर में आस्था एवं पवित्रता से व्यवस्थित छठ पूजा का आयोजन हो, बल्कि नदी किनारे और विभिन्न टोलों-मुहल्लों के घाटों पर भी छठ पूजा में हर आवश्यक सुविधा प्रदान हो। उनका यह प्रयास भी है कि पूरे जमशेदपुर में छठ घाटों की ओर जाने वाली सभी सड़कों, रास्तों को धोकर साफ किया जाये और इसमें मुहल्लों के युवकों, समाजसेवियों, आध्यात्मिक एवं स्वैच्छिक संगठनों का सहयोग लिया जायेगा। इस वर्ष का छठ पर्व सबका पर्व बने, इसमें सौ प्रतिशत स्वच्छता रहे और आस्था के साथ सभी इसमें शामिल महसूस करें।**

## चाकुलिया के काशियाबेड़ा में विधायक ने पथ निर्माण का किया शिलान्यास, कहा

# आम लोगों को होगी सहूलियत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाकुलिया।** चाकुलिया प्रखंड की भातकुंडा पंचायत के काशियाबेड़ा गांव में विधायक निधि से स्वीकृत पथ निर्माण कार्य का विधायक समीर महंती ने शिलान्यास किया। विधायक श्री महंती ने कहा कि ग्रामीणों के मांग पर उन्होंने अनुशंसा की थी, जिसका आज शिलान्यास किया गया। कहा कि गांव में 450 फीट पीसीसी पथ का निर्माण 6.50 लाख की लागत से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण योजना निर्माण में सहयोग करें और पूर्ण गुणवत्ता के साथ योजना निर्माण पूर्ण करायें. इस मौके झामुमो नेता अमर हांसदा, बासुदेव महतो,लोकनाथ महंती, मिथुन कर,विशाल बारीक, मुखिया प्रतिनिधि राम बास्के, बादल महतो, पिंटू प्रमाणिक, चंदन महतो, सेवन सिंह, अनिल महतो, जयंत सिंह, हारा सबर, समेत अन्य उपस्थित थे।

# सरकार आपके द्वार शिविर में आये कुल 9587 आवेदन, ऑन स्पॉट 5390 का हुआ निष्पादन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को 11 पंचायतों,नगर पंचायत हुसैनाबाद के दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में कुल 9587 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 5390 का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया।




**शिविर में किसी लाभुक को कंबल, बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि समेत अन्य योजनाओं से किया गया लाभान्वित**

### शिविर में किसी लाभुक को कंबल,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि समेत अन्य योजनाओं से किया गया लाभान्वित

आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण,तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति,किसी को जॉब कार्ड,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया.इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

### बुधवार को इन स्थानों पर आयोजित होगा कार्यक्रम

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 19 अक्टूबर को हुसैनाबाद के लोटनीय, छत्तरपुर के नौडीहा, पांडू के कुटमु, ऊंटारी रोड के मुरमाखुर्द, विश्रामपुर के केतात कला, चैनपुर के बांसडीह, रामगढ़ के चोरहट, सदर मेदिनीनगर के चियांकी, पाटन के नौडीहा, मनातू के नावडीहा, तरहसी के उदयपुरा-1, नीलाम्बर- पीताम्बरपुर के कुराईन पतरा, सतबरवा के रेवारातू, पांकी के होटाई पंचायत में शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर स्थानीय पंचायत भवन में लगाया जायेगा। इसके अलावे नगर निगम मेदिनीनगर के वार्ड संख्या 17 व 18 के लाभुकों के लिए आईटीआई केंपस रांची रोड रेड़मा, नगर पंचायत हरिहरगंज के वार्ड संख्या 05 व 08 के लाभुकों के लिए सीता+2 उच्च विद्यालय हरिहरगंज, छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 05 व 06 के लाभुकों के लिए पंचायत भवन रामगढ़ में शिविर का आयोजन कर आमजनों को लाभान्वित किया जायेगा।

## हैदरनगर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)** । जिला के हैदरनगर पूर्वी पंचायत के प्लस टू उवि प्रांगण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। जिसमें उन्होंने सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं से लोगों को जोड़ने की जानकारी दी। विधायक ने अंबेडकर आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, वृद्धापेंशन व अन्य योजनाओं के लाभुको को स्वीकृति पत्र दिया। इसके साथ ही विधायक के साथ मुखिया संतोष कुमार सिंह, डीएसडब्ल्यू संध्या रानी, बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर, सीओ राजीव नीरज व अन्य कई विभागों के अधिकारियों ने जमीन में बैठकर लोगों की समस्या क्रमवार सुनकर उनसे आवेदन लेने का कार्य किया। कार्यक्रम का आयोजन मुखिया संतोष कुमार सिंह ने किया। विधायक ने मैदान में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम में सर्वाधिक भीड़ शुरू से अंत तक वर्ग आठ से 12 तक की छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के काउंटर पर जमी देखी गईहै। इस योजना के संबध में बीडीओ ने विधायक को आठ हजार बच्चियों का पंजीकरण करने का लक्ष्य बताया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन औसतन दो सौ बच्चियों का पंजीकरण किया जा रहा है। विधायक ने बीडीओ को हरेक गांव तक जाकर बच्चियों को इस योजना से जोड़ने व शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया है। इस दौरान मुखिया की ओर से चिन्हित कई गरीब असहाय लाभुकों के बीच विधायक कमलेश कुमार सिंह ने धोती, साड़ी, कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य सैलू जायसवाल, 20 सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, मन्नान खान, विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य बशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, रामप्रवेश सिंह,एनसीपी के मनान खान, गुड्डू सिंह, उप मुखिया पवन जायसवाल, राजू खान, डॉ.अजय जयसवाल, गुड्डू सिंह सहित कई प्रबुद्धजन लोग शामिल थे।

## हुसैनाबाद बेल बीघा पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के बेलबीघा पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह,उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता,बीडीओ रतन कुमार,सीओ नंद कुमार राम,जेएमएम नेता बशिष्ट कुमार सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बिधायक कमलेश कुमार सिंह ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लोगों को जोड़ने की जानकारी दी।साथ ही विधायक व स्थानीय प्रतिनिधियों ने अंबेडकर आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, वृद्धापेंशन व अन्य योजनाओं के लाभुको को स्वीकृति पत्र दिया। इस दौरान विधायक ने मैदान में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में सर्वाधिक आवेदन सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के आवेदन प्राप्त हुए। इस योजना के संबध में बीडीओ ने विधायक को आठ हजार बच्चियों का पंजीकरण करने का लक्ष्य बताया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन औसतन दो सौ बच्चियों का पंजीकरण किया जा रहा है। विधायक ने बीडीओ को हरेक गांव तक जाकर बच्चियों को इस योजना से जोड़ने व शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया है।मौके पर उप मुखिया पम्मी देवी,पूर्व मुखिया बैरिस्टर सिंह,एनसीपी नेता गुड्डू सिंह,चंदन सिंह,बिनय पासवान,बीपीओ अमन कुमार,पंचायत सेवक सूर्यदेव राम,वशिष्ठ तिवारी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## ओबीसी आरक्षण के बिना नगर पंचायत का चुनाव कराना सरकार की नाकामी : भाजपा




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रदेश में होने वाले आगामी नगरीय निकाय के चुनाव में ओबीसी को बिना आरक्षण दिए चुनाव कराना प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार की नाकामी है। तथा ओबीसी को उपेक्षित करना है। उक्त बातें जपला–छत्तरपुर मुख्य पथ के खादी भंडार के समीप भाजपा किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष उदय विश्वकर्मा के आवासीय परिसर में भाजपा द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेताओं ने कही।उन्होंने कहा कि प्रदेश के महागठबंधन की सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पूर्व भी प्रदेशवासियों से यह वादा किया था कि आगे होने वाले सभी चुनाव में ओबीसी को 27% आरक्षण देने के बावजूद ही चुनाव कराए जाएंगे ।परंतु वर्तमान समय में प्रदेश सरकार की यह निर्णय की बगैर आरक्षण का ही चुनाव संपन्न कराना है यह प्रदेश भर के ओबीसी वर्ग के साथ छलावा अथवा धोखा है इसकी भारतीय जनता पार्टी घोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में बगैर ओबीसी के आरक्षण का चुनाव कराकर ओबीसी के अधिकारों का यह सरकार हनन कर रही है।पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता , उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता , नगर मंडल महामंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, अखिलेश्वर मेहता,रंजीत पासवान, नगर किसान मोर्चा के अध्यक्ष उदयनाथ विश्वकर्मा शामिल थे।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय के बाद अब विद्यालय में भी चोरी



### छात्र आजसू प्रखंड अध्यक्ष ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

युवा छात्र आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष आदित्य तिवारी, प्रखण्ड सचिव प्रियांशू जायसवाल, उप प्रखण्ड अध्यक्ष चीकू कुमार, विशाल कुमार, संगम यादव, पवन यादव, विकाश यादव आदि लोगों ने विद्यालय में चोरी की घटना को घोर निंदा करते हुए कहा कि प्रखण्ड सह अंचल कार्याल में हुई चोरी की घटना कुछ ही दिन बीते थे कि, विद्या की मंदिर सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।उन्होंने कहा कि आखिर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय, एफसीआई गोदाम व विद्यालय को ही चोरी करने वाले लक्ष्य क्यों बना रहे हैं।क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना उच्च स्तरीय जांच का विषय है।

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज में चोरों का आतंक पर लगाम लगा पाना पुलिस के लिए चुनौती साबित होता जा रहा है ।बीते सोमवार की देर रात हरिहरगंज एनएच 98 किनारे स्थित सिता प्लस टू हाई स्कूल में अज्ञात चोरों ने विद्यालय का चारदीवारी फान कर कार्यालय का ताला तोड़ा और नगदी सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली।इस सम्बंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल शरण राणा ने मंगलवार को अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी दर्ज कराया है।उन्होंने कहा कि जब विद्यालय पहुंचा तो कार्यालय का ताला टूटा हुआ देखा। साथ ही कार्यालय में रखे 5 आलमीरा का ताला तोड़कर चोरों ने रखे सभी कागजातों को तितर बितर कर रखा था।जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है।प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय का तहकीकात करने के बाद आईसीटी लैब रूम का चोरों ने ताला तोड़कर प्रोजेक्टर मशीन और डीबीआर भी चोरी कर ली है।इसके अलावे आलमीरा में रखे कक्षा 9वीं व 10वीं की पंजीकरण शुल्क की राशि करीब 12 हजार रुपये चोरी कर ली है।चोरी की घटना के सम्बंध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि चोरी की घटना की सूचना के बाद स्थल पर पुलिस ने इसकी पड़ताल की चोरी मामले के सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

## हेमंत की हिम्मत ने जनता के हृदय में जगाया आत्मविश्वास : अविनाश देव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उत्साहित भीड़ यह बयाँ करने के लिए काफी है कि वर्तमान हेमन्त सरकार जनता के दिलों में राज करती है और सरकार के प्रति आवाम का आत्मविश्वास बढ़ा है। हेमन्त सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाओं की जो बरसात की जिसे विपक्ष को बोलने का कोई फांक नहीं मिल रहा है। लूट झूठ सूट बूट की जो पार्टी है उसके कलेजे पर सांप लोट रहा है। दफ़्तर जाने में जनता के जूता न टूटे इसके लिए गरीबों के हमदर्द हेमन्त सरकार ने हिम्मत दिखाई और सरकार के मुलाजिमों को दरवाजे तक भेजी। हर समस्या का समाधान शिविर स्थल पर त्वरित निष्पादित करवाई क्योंकि यह है हेमन्त की सरकार। पलामू जिले के चैनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बूढ़ीबीर पंचायत मुख्यालय उच्च विद्यालय के प्रांगण में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन का माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। इसके बाद सम्बंधित अधिकारी अपने अपने विभाग के योजनाओं के बारे में बताये। लाभुक ग्रामीण आवेदन के साथ अपने अधिकारी से मिले और अपनी समस्या को रखे। बतौर पर्यवेक्षक अविनाश देव ने हर टेबल पर जाकर भौतिक निरीक्षण कर जमीनी हकीकत को जाना और



लाभुकों से मिला। शिविर में जन सैलाब को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब डरने एवं घबराने की जरूरत नहीं है यह झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार है। इस पार्टी के संस्थापक महाजनी जमींदारी के खिलाफ ताउम्र जल जंगल जमीन माय माटी के लिए लड़ते पचहतर बसंत पार कर गए.नीलाम्बर पीताम्बर सिधु कानु तिलका मांझी भगवान बीरसा के सपनों का झारखंड बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हर एक योजना का लाभ अंतिम वर्ग तक पहुँचेगा आप दस कदम चलिए सरकार आपके लिए नब्बे कदम चलेगी। आज के शिविर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व पलामू जिला उपाध्यक्ष असफर रब्बानी ने अपनी महती भूमिका निभाई। एक एक सम्बंधित अधिकारियों से मिल कर योजना की जानकारी ली आये लाभुक जनता को अपने हक के लिए जागरूक किया।

## जिला खाद्य पदाधिकारी ने हुसैनाबाद के कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** त्यौहार के दौरान अनुमंडल वासियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने के मद्देनजर अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य दुकानों की जांच की ।जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी श्रीमती गुलाब लकड़ा के द्वारा शहर के कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई ।कई दुकानों से सेम्पल लिया गया ।इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने जेपी चौक व अन्य क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों की जांच की ।वही विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाइयों व अन्य खाद्य सामग्रियों का सैंपल भी लिया गया ।फूड टेस्टिंग लैब के टेक्नीशियन द्वारा जांच के बाद उक्त नमूनों में मिलावट की पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई 8 की जाएगी। मौके पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी अनुमंडल वाशियों से त्यौहार के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने एवं इससे संबंधित उपायों के प्रति सभी को जानकारी दी ।जबकि एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने बताया कि मिष्ठान भंडारों को साफ सफाई रखने ,मिठाइयों को ढककर रखने,खाद्य पदार्थ को ढकने के लिए अखबार का प्रयोग नही करने ,औधोगिक रंग का प्रयोग नही करने ,अपने प्रतिष्ठान के आसपास साफ सफाई ,शुद्ध पेयजल के साथ ढक्कन लगा डस्टबिन रखने का निर्देश दिया।

### पर्यावरणविद ने पोती के जन्मदिन व जीवन के 48 वां अवार्ड् से नवाजे जाने पर किया कार्यक्रम

# सृष्टि को बचाना है तो कन्याओं व वनों को पूजा करना व बचाना ही पर्यावरण धर्म का है मूल अर्थ : कौशल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने पुत्र सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल की प्रथम पुत्री का जन्म दिन शहर के बाई पास रोड स्थित पर्यावरण भवन के ऊपरी तल आकाश बाग में अपने परिजनों के साथ मनाया। इस मौके पर उन्होंने अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ पर्यावरण धर्म के तहत पौधरोपण कर उन्हें आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण धर्म के तहत लोग अपने जन्मदिन या जीवन के किसी भी महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाएं। धर्म के अवधारणा के तहत जन, जल ,जंगल ,जमीन ,जानवर ,पक्षी और प्रकृति को बचाने का उद्देश्य है। पर्यावरण धर्म के इसी मंत्र से 1977 से अब तक नेपाल,भूटान समेत देश के 22 राज्यों के 108 जिलों में जाकर अब तक 45 लाख निःशुल्क पौधे लगाकर लोगो पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया। आशिविका के दादी और छतरपुर के ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही उनके जन्मदिन पर पौधा लगाने और बचाने का शिक्षा और संस्कार देना चाहिए।आशिविका के पिता सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित




कुमार जायसवाल ने कहा कि उनके पिता पर्यावरणविद को समाज और पर्यावरण की सेवा करते 56 वर्ष बीत गए। उसी सेवा के बदौलत स्वयं उन्हें दो बार लगातार डाली पंचायत के मुखिया और इसबार छतरपुर के जिला पार्षद बनने व उनकी मां को डाली बाजार की मुखिया बनने का अवसर प्रदान हुआ है। आशिविका के छोटे दादा सत्येंद्र प्रसाद व सुचित कुमार ने कहा है कि अभी क्षेत्र,मित्र और परिवार में लगातार दो दिनों से खुशियों का माहौल है। क्योंकि उनके अग्रज पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को रांची में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के हाथों प्राइड ऑफ झारखंड नामक उपाधि से नवाजा जाने पर बेहद खुशी लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उसी का इजहार किया हैं। वहीं आशिविका के बड़े पिता अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि उनके गांव डाली बाजार से डालटेनगंज तक छोटे बड़े 30 सदस्य है। सभी पौधा लगाने से बचाने तक कार्य करते हैं। उक्त मौके पर आशिविका के छोटी दादी गीता देवी, कल्पना देवी, मम्मी शिल्पा जायसवाल, बड़ी मम्मी कोमल जायसवाल, चाचा सुमित कुमार, अमन कुमार, बुआ खुशबू, पूर्णिमा, डॉ अर्पण, डॉ शिप्रा, विकास अग्रवाल, पंकज कुमार, गौतम कश्यप, मालती, नेहा, अनुराग सिंह, हिमांशु तिवारी, निर्मला, अजीत मिश्रा, परमानंद मंडल, मिट्ठू साधना मिश्रा, आस्था कुमारी, पूनम कुमारी, अमपी कुमारी, सपना कुमारी, स्वाति, जूही श्रीवास्तव, बहन आराध्या, आद्रिका, अनुषा भाई आकाश समेत घर के सभी सदस्य और नाना नानी ने जन्मदिन पर बधाई दिया।

## शिविर के माध्यम से किशोरी समृद्धि योजना के दो लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर प्रखंड के हैदरनगर पूर्वी पंचायत में आयोजित शिविर के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा एवं कुमारी शान्ति, परियोजना सहायक संतोष ठाकुर एवं तेजस्विनी योजना के महेंद्र कुमार सहित पंचायत की सभी सेविकाओं ने बालिकाओं का योजना से संबंधित प्रपत्र भरा और तत्काल उनका पंजीकरण कराया। इस कारण सबसे अधिक 270 आवेदन किशोरी समृद्धि योजना से ही आये। अब तक के शिविरो के माध्यम से कुल 750 किशोरी बालिकाओं ने आवेदन दिया है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती संध्या रानी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत, महिला सशक्तिकरण और वयस्क होने पर शादी के लिए जरूरी सहायता करना है। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आठवीं से बारहवीं तक की बालिकाओं को भिन्न–भिन्न किस्तों में आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जैसे कक्षा 8वीं और 9वीं में 2500 रुपए (प्रत्येक कक्षा में 25 सौ रुपए, कुल 5 हजार रुपए) एवं 10वीं, 11वीं व 12वीं की कक्षा में 5000 रुपए (प्रत्येक कक्षा में 5 हजार रुपए, कुल 15 हजार)। साथ ही 18 से 19 वर्ष की आयु पूरी होने पर एकमुश्त 20,000 रुपए मिलेंगे। इस योजना के तहत कुल 40 हजार रुपए की राशि भुगतान किये जायेंगे, ताकि बेटियों को योजना का पूर्ण रूप से लाभ मिल सके। मौके पर बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर ने कहा कि हैदरनगर प्रखंड में इस योजना के तहत आठ हजार बालिकाओं को लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है।

# स्पोर्ट्स

**KHELO INDIA**

पहले खेलो इंडिया महिला जूडो नेशनल लीग की मेजबानी करेगा नई दिल्ली का इंदिरा गांधी स्टेडियम

## दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का ग्रुप-इ का मैच खेला गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का दुसरा दिन ग्रुप-इ का उद्घाटन मैच में सूरज महतो फुटबॉल क्लब कुट्टे बनाम बिरसा आर्मी स्पोर्टिंग क्लब ओरमांझी के बीच खेला गया। जिसमें सूरज महतो फुटबॉल क्लब कुट्टे टीम 1-0 से विजय हुई एंव खेले गए क्वाटर फाइनल मैच में कुट्टे के विकास मुर्मू को मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि सरिता देवी पूर्वी ओरमांझी जिला पार्षद, उद्घाटनकर्त्ता सुफल महली मुखिया पाँचा पंचायत एंव नीलांबर सिंह उप मुखिया जयडीहा संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन फीता काटकर किये। सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किए सूरज महतो फुटबॉल क्लब कुट्टे एंव



सींगसराय फुटबॉल क्लब अनगड़ा।19 अक्टूबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि होंगे अर्चित आनंद मुख्य सलाहकार शिव शिष्य परिवार राँची एवं उद्घाटनकर्त्ता बरखा सिन्हा अध्यक्ष शिव शिष्य हरीद्रानंद फाउंडेशन राँची। मौके पर दिलीप महतो मोहन बेदिया रामनाथ महतो बुधेश्वर बेदिया रामराज महतो भोला महतो एंव आयोजन समिति के सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह उपसचिव जीवनलाल मुंडा उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह एवं प्रदीप मुंडा दिलीप मुंडा नितेश मुंडा सत्यनारायण मुण्डा भरत मुण्डा सत्या सिंह अजय गंझू राम गंझू एवं सभी सदस्यों मौजूद थे।

## महिला हाकी लीग : घुमानेहरा राइजर्स ने भाई भेलो को दी मात, सैल्यूट हाकी ने गुजरात को हराया

**लखनऊ ।** खेलो इंडिया महिला हाकी लीग मैच (अंडर-16) में मंगलवार को छह मैच खेले गये। इसमें महिला खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिला। मैदान में जमकर पसीने बहाईं। घुमानेहरा राइजर्स एकेडमी की टीम ने भाई भेलो हाकी एकेडमी को 10-1 से मात दी। वहीं स्मार्ट हाकी एकेडमी ने सीटीजन हाकी एकेडमी को नौ-शून्य से मात दी। मंगलवार को खेले गये मैचों में पहला मैच प्रितम सिवाच स्पोर्ट्स व स्पोर्ट्स हास्टल ओडिसा के बीच खेला गया। यह मैच बराबरी का रहा। पहला गोल प्रितम सिवाच की वंशिका ने तीसवें मिनट में किया, लेकिन स्पोर्ट्स हास्टल की तरफ से 60वें मिनट में सुस्मित्स डंग ने एक गोल दाग कर बराबरी कर दिया। वहीं घुमानेहरा राइजर्स एकेडमी और भाई भेलो हाकी एकेडमी के बीच खेले गये मैच में पांचवें मिनट में ही घुमानेहरा की रीतिका ने पहला गोल दागकर बढ़त बना ली। वहीं निशा ने सातवें, 10वें, 22वें, 23वें व 53वें मिनट में पांच गोल दागे, जबकि पायल ने 11वें व 35वें मिनट में गोल किये। घुमानेहरा टीम की रोहिनी व दीपिका ने भी एक-एक गोल किये, जबकि भाई भेलो की टीम एक गोल ही कर सकी। तीसरा मैच स्मार्ट हाकी एकेडमी व सीटीजन हाकी एकेडमी के बीच खेला गया, जिसमें स्मार्ट हाकी की नवरूप कौर ने पांच गोल किये। वहीं अंजनी ने दो, लवलीन ने एक, हरमान रेखी ने एक गोल किये, जबकि सीटीजन की टीम एक गोल भी नहीं कर सकी। चौथे मैच में हर हाकी एकेडमी व स्पोर्ट्स अर्थारटी आफ इंडिया के बीच हुआ मैच 2-2 की बराबरी पर रहा।

## एलआइसी का प्रीमियम कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन विधायक ने किया



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जीवन बीमा निगम डाल्टनगंज शाखा का प्रीमियम कलेक्शन सेंटर डाल्टनगंज के अमला टोली में खुला। इसका विधिवत उद्घाटन हुसैनाबाद के विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह व वरिष्ठ मंडल प्रबंधक जमशेदपुर ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि केजरीवाल कंपलेक्स अमला टोली डालटेनगंज में एलआईसी का प्रीमियम कलेक्शन सेंटर खुल जाने से एलआईसी के बीमा धारकों को लंबी लाइन से छुटकारा मिल जायेगा। बीमा धारकों का प्रीमियम जमा करने में भीड़ के कारण दिन दिन भर का समय बर्बाद होता था। बीमा धारकों की समस्या को देखते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम ने विभिन्न जगहों पर प्रीमियम कलेक्शन सेंटर देने का निर्णय लिया है, जो सराहनीय है। इससे बीमा धारकों को अपने नजदीक ही प्रीमियम जमा करने समेत अन्य सुविधाएं भी मिल जायेगी। विधायक ने कहा कि इससे एलआईसी का व्यवसाय भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एलआईसी की शाख पहले से समाज में है। सुविधाओं के बढ़ने से इसे और मजबूती मिलेगी। मौके पर इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, पप्पू सिंह, कुमार विश्वास प्रकाश, जागा सिंह के अलावा एलआईसी के विकास अधिकारी व एजेंट उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मवेशियों से लदे 10 ट्रक पकड़ाये, तीन चालक समेत एक दर्जन लोग गिरफ्तार



धनबाद (आजाद सिपाही)। गोविंदपुर-साहिबगंज सड़क पर भूतगड़िया के पास सोमवार की देर रात दो बजे पूर्वी टुंडी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मवेशियों से लदे 10 ट्रक पकड़े गए। साथ ही तीन चालकों और एक दर्जन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि सात ट्रकों के चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। सभी ट्रकों में मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरे थे। भारी संख्या में मवेशी लदे रहने के कारण उनकी गिनती नहीं हो पाई, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि सभी ट्रकों को मिलाकर 150 की संख्या में मवेशी हो सकते हैं। पुलिस को घंटों पूर्वी टुंडी थाने में ट्रकों को खड़ा रखना पड़ा। पुलिस ने गंगा गोशाला में भेजने की कोशिश की, मगर कहा गया कि गंगा गोशाला को रिफ्यूज कर दिया गया है, इसलिए हम नहीं ले सकते। इसके बाद पुलिस मवेशियों को कौवाबांध भेजने की तैयारी कर रही है। पकड़े गए लोगों ने बताया कि सभी मवेशी बिहार के आरा से कुमारधुबी ले जाया जा रहा था। इस मामले में पूर्वी टुंडी के थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने बताया कि मेडिकल जांच कराकर मवेशी को गोशाला को सौंप दिया जाएगा।

## चास में दंपति से डेढ़ लाख की छिनतई

बोकारो (आजाद सिपाही)। चास थाना क्षेत्र में हर महीने कहीं ना कहीं छिनतई की घटनाएं हो रही है। इस बार सोलाडीगिह तालाब के समीप बाइक सवार बदमाश एक दंपति से डेढ़ लाख रुपए की छिनतई कर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक मनोज कुमार महतो अपनी पत्नी रेणुका देवी के साथ तीन लाख 74 हजार रुपए जमा करने के लिए घर से बैंक जा रहे थे। दो लाख रुपए चास के जोधाडीह मोड स्थित पोस्टऑफिस में जमा कर दिये। बाकि बचे पैसों को लेकर घर जा रहे थे। मनोज ने बताया कि डेढ़ लाख रुपए पत्नी रेणुका देवी के पास थे। जबकि उसके पास महज 24 हजार रुपए थे। अपराधी काफी देर तक उनका पीछा कर रहे थे, जिसकी भनक उन्हें नहीं लग पाई। इसी बीच मौके का फायदा उठाकर बाइक सवार अपराधियों ने सोलहगीडीह तालाब के पास रेणुका से डेढ़ लाख रुपए छिन लिए और फरार हो गए। इसके बाद रेणुका देवी चास मुफस्सिल थाना पहुंची और घटना घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस पोस्ट ऑफिस के समीप लगाए गए सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटी है। हालांकि अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। चास थाना प्रभारी मोहम्मद रुस्तम ने बताया कि पुलिस शीघ्र ही बदमाशों को गिरफ्तार करेगी।

## तेनुघाट महाविद्यालय के संस्थापक व्याख्याता सुरेश श्रीवास्तव का निधन



बेरमो (आजाद सिपाही)। तेनुघाट महाविद्यालय के संस्थापक व्याख्याता सुरेश कुमार श्रीवास्तव का निधन हो गया है। रांची मेडिका अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पत्नी, दो बेटा, बहु और नाती-पोता समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वर्ष 1977 में तेनुघाट महाविद्यालय वाणिज्य विषय के व्याख्याता के रूप में उन्होंने अपना योगदान दिया था। उस दौर में पेटरवार कसमार और गोमिया प्रखंड में मात्र एक ही महाविद्यालय था। वर्ष 2006 में जब संयुक्त महाविद्यालय से डिग्री कॉलेज स्वतंत्र रूप से स्थापित हुआ तो डिग्री कॉलेज का प्रथम प्रचार्य शासी निकाय द्वारा बनाए गए। 2019 तक महाविद्यालय प्रचार्य के रूप अपनी सेवा दी। सेवानिवृत्त होने के बाद अपने आवास तेनुघाट में रह रहे थे। वर्तमान डिग्री महाविद्यालय के प्रभारी प्रचार्य सुदामा तिवारी एवं इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य गोविंद नायक ने बताया कि उनके निधन से संपूर्ण विनोद विनोद बिहारी विश्वविद्यालय के तमाम शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में शोक है। वे अपने व्यक्तित्व और व्यवहार से काफी लोकप्रिय थे। तेनुघाट दामोदर नदी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां जिला परिषद सदस्य आकाश लाल सिंह, गोमिया प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष पंकज पांडे, भाजपा के दीना नाथ चौबे, तेनुघाट के पूर्व मुखिया रेखा सिंह, तेनुघाट डिग्री कॉलेज के सुदामा पांडे धनंजय रविदास आदि मौजूद थे।

## शिविर में समस्याओं से रूबरू हो रहे अधिकारी



बोकारो (आजाद सिपाही)। आपके योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न पंचायत भवनों, नगर निगम चास एवं फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में मंगलवार को शिविर आयोजित किया गया। जिसमें वरीय पदाधिकारी भी शामिल हुए। जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने क्रमवार शिविर में शामिल ग्रामीणों से उनकी समस्या सुनी और उसके निष्पादन को लेकर बीडीओ-सीओ को जरूरी दिशा निर्देश दिया। साथ ही, ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार खड़ी है। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम का आयोजन चास प्रखंड के हैसाबातु पू, हेसाबातु प. पंचायत, चंदनकियारी प्रखंड के सियालजोरी, बांसतोड़ा पंचायत, गोमिया प्रखंड के हुरलुंग/बड़की पंचायत, बेरमो प्रखंड के पंचायत गोविंदपुर ई, नावाडीह प्रखंड के परसबनी पंचायत, चंद्रपुरा प्रखंड के तरंगा पंचायत, पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत, कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी पंचायत, चास नगर निगम के वार्ड संख्या 08,09, नगर परिषद फुसरो के वार्ड संख्या 09 में किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, सेवा की गरांटी, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि, गव्य एवं पशुपालन, समाज कल्याण विभाग आदि विभागों से संबंधित सैकड़ों आवेदन प्राप्त किये गए। जिन्हें क्रमवार आहर्ता अनुरूप निष्पादित किए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि इस कार्यक्रम में आपकी समस्याओं का समाधान करने का ऑन द स्पॉट प्रयास किया जा रहा है। कुछ समस्याओं जिनका निष्पादन ऑन द स्पॉट संभव नहीं है,उसे सप्ताह भर में निष्पादित कर दिया जाएगा।

## लोयाबाद में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, दिखी प्रचार प्रसार की कमी

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। पावर हाउस स्थित विवाह भवन में मंगलवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। जहां शिविर लगाया गया है वह वार्ड आठ के अंतिम छोर पर है। प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण शिविर में बहुत कम लोग पहुंचे। इस दौरान जन वितरण प्रणाली से संबंधित 41, महिला बाल विकास 21, रोड व नाली से संबंधित 17, एनयूआईएम से संबंधित 15, प्रधानमंत्री आवास योजना 8, जल विभाग से संबंधित 8, स्ट्रीट लाइट से संबंधित चार समेत कुछ अन्य योजनाओं में दो-तीन आवेदन आए। कई योजनाओं में एक भी आवेदन नहीं पड़ा है।

### बीसीसीएल के रामकनाली विद्युत सब स्टेशन में हथियारबंद अपराधियों ने बोला धावा

# कर्मियों को बंधक बना लाखों की संपत्ति लूटी

**200 हेलमेट, जूते और टोपी भी छीनकर ले भागे अपराधी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के रामकनाली कोलियरी विद्युत सब स्टेशन में सोमवार की देर रात्र 30 से 40 की संख्या में अपराधियों ने धावा बोल दिया। वहां मौजूद आधा दर्जन से अधिक कर्मियों को बंधक बनाकर करीब दो लाख रुपये मूल्य के केबल लूटकर चलते बने। उधर, सूचना पाकर रामकनाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अपराधी जा चुके थे। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गई है।



लूटपाट की घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग।

### केबल कटने से क्षेत्र में अंधेरा, जलापूर्ति प्रभावित

सूचना के अनुसार अपराधियों ने सीढ़ी लगा कर रोड को ब्लॉक कर दिया, ताकि उस रास्ते से कोई बिजली घर न पहुंच सके। इसके बाद बिजली घर में कार्यरत सुपरवाइजर लक्ष्मण बैठा, दिलचन्द, सुधीर सिंह और लालू देशवाली को हथियार का भय दिखाकर अपने कब्जे में ले लिया। जबकि कुछ अन्य अपराधी समीप के तीन नंबर

### 30-40 अपराधियों ने बोला था धावा

खदान के गार्ड मोहम्मद साबिर अंसारी, बद्री तुरी सहित अन्य तीन को खदान में बंद कर दिया। जिसके बाद अपराधियों ने बिजली घर का गोदाम तोड़कर 300 फीट केबल काट लिया। जिसकी कीमत दो लाख रुपये आंकी गई है। वहीं अपराधियों ने कर्मियों से 200 हेलमेट, जूता और टोपी छीनकर फरार हो गये। वहीं, केबल कट जाने से क्षेत्र की बिजली व जलापूर्ति बाधित हो गई। घटना के बाद कर्मियों में दहशत व्याप्त है। कर्मियों ने सुरक्षा की मांग करते हुए कहा है की इस ड्राय के माहौल में कार्य करना मुश्किल है। वही घटना की सूचना पाकर मंगलवार की सुबह बीसीसीएल अधिकारी घटनास्थल पहुंच जांच पड़ताल की। साथ ही कर्मियों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। बाद में कर्मियों ने केबल जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया है। रामकनाली पुलिस ने बताया कि लूट की शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर आगे की कारवाई शुरू कर दी जायेगी।

## आइआइटी धनबाद में 23,479 रैंक तक के छात्रों को मिला दाखिला

धनबाद (आजाद सिपाही)। आईआईटी आईएसएम धनबाद में वर्ष 2022-23 सत्र में जेईई एडवांस के 1389 रैंक (ओपनिंग रैंक) से लेकर 23479 रैंक (क्लोजिंग) तक के छात्र-छात्राओं को सीटें आवंटित की गई हैं। जोसा (ज्वाइंट सीट एलोकेशन ऑथोरिटी) ने अंतिम छठे राउंड सीट एलॉटमेंट जारी कर दिया है। मंगलवार तक संबंधित छात्र-छात्राओं को फीस जमा करनी थी। फीस जमा नहीं करने पर अब सीटें खाली ही रहेंगी। वर्ष 2021 बैच से तुलना करें तो यह स्पष्ट है कि पिछले वर्ष कंप्यूटर साइंस में 907 रैंक को एडमिशन मिला था। इस बार बेस्ट रैंकर 1389 है। वहीं पिछले साल माइनिंग मशीनरी में 26,162 रैंक (क्लोजिंग) तक की छात्रा को एडमिशन मिला।

# राजगंज में खड़े ट्रक में कंटेनर ने मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/राजगंज।** जिले के राजगंज थाना क्षेत्र स्थित काशीटांड़ के समीप हाइवे पर मंगलवार अहले सुबह भीषण सड़क हादसे में दो ट्रक चालकों की मौत हो गई। जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसकी भी हालत नाजुक बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार एक ट्रक खराब स्थिति में सिक्स लेन के बीचोबीच खड़ा था। चालक व सहचालक वाहन ठीक करने में लगे थे। तभी तोपचांची की ओर से आ रहे एक कंटेनर ने ट्रक को जोरदार धक्का मार दिया। जिससे दोनों वाहनों के चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कंटेनर चालक अपने वाहन के अगले हिस्से में फंस गया था। जिसके शव को काफी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। वहीं, सूचना पाकर राजगंज पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए धनबाद एसएनएमसीएच भेज दिया। वहीं दोनों चालकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों और घायल की की पहचान नहीं हो सकी है।




## सम्मानित किये गये विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता

बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल की ओर से संचालित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल-8 बी में आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (नगर सेवाएं-विद्युत) आर हर्करनी, सहायक प्रबंधक (शिक्षा) पीएम नायर, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आरंभ में गुंजिता सिन्हा ने सभी का स्वागत किया। वहीं, पीएम नायर ने आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में बताया। जबकि आर हर्करनी ने निबंध और ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रतीक उपहार देकर सम्मानित किया। निबंध प्रतियोगिता में बीआइएसएसएस-9 ई की माधुरी कुमारी को प्रथम, बीआइएसएसएस-2सी के विजया राजे पांडे को द्वितीय व 9ई के शुभम सिंह को तृतीय और ड्राइंग प्रतियोगिता में बीआइएसएसएस-9 ई की शाहनाज प्रथम, 8बी के कृष्णा कुमार द्वितीय और 8बी के ही सलोनी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## गोली कांड की जांच करने बाघमारा पहुंची ग्रामीण एसपी



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** बांसजोड़ा कांटा के समीप भाजपा विधायक ढुल्लू महतो समर्थक दिनेश पासवान की पिटाई सहित गड़ेरिया प्रकरण में हुई गोलीबारी कांड की जांच करने मंगलवार को ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन और डीएसपी विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन ने लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुआर यादव से बांसजोड़ा कांटा पर घटित मारपीट की घटना की जानकारी ली। साथ ही गड़ेरिया गोली कांड में घायल मुकेश तुरी सहित पूरे प्रकरण पर देर तक पूछताछ करते किए। इस दौरान डीएसपी बांसजोड़ा कांटा के पास गए और लोगों से पूछताछ की. घटनास्थल की चौहद्दियों का भी निरीक्षण किया। हालांकि इस दौरान दोनों अधिकारियों ने पत्रकारों से कोई बात नहीं की। गौरतलब हो कि विगत 10 अक्टूबर को ढुल्लू महतो समर्थक दिनेश पासवान की अज्ञात लोगों ने पिटाई कर दी थी। इस घटना के बाद पुलिस काउंटर केस दर्ज किया था। एक पक्ष के दिनेश पासवान है तो दूसरे पक्ष से लिफ्टर गोपाल साव की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। दिनेश पासवान के केस में डीएसपी अरविंद कुमार जांच अधिकारी हैं। इसके दो दिन बाद यानी 12 अक्टूबर को गड़ेरिया में हुई गोली बारी में जलेश्वर समर्थक मुकेश तुरी को गोली लगी थी। उसका इलाज रांची में चल रहा है।

### गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# बाल तस्करी रोकना हमसभी लोगों की जिम्मेदारी: सुशीला

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** पेटरवार प्रखंड स्थित पतकी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ सहयोगिनी की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सेव विलेज प्रोग्राम की स्टेट कोऑर्डिनेटर सुशीला सोनेवाल ने कहा कि हमें अपने गांव को सुरक्षित रखना है। इसके लिए सभी लोगों को जागरूक होना जरूरी है। सेव विलेज कार्यक्रम का आयोजन इसी उद्देश्य के साथ किया जाता है कि गांव बाल तस्करी के मामले में सुरक्षित हो जाए और किसी भी प्रकार के दलाल या बिचौलिए के माध्यम से बच्चों को काम करने और शादी के नाम पर बाहर ना भेजा जाए। इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध जनों को मिलकर काम करना होगा। वहीं, सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि बाल तस्करी या बाल अधिकार के हनन का मामला कहीं भी दिखे, तो तुरंत टोल फ्री नंबर चाइल्ड लाइन को फोन करें। शिकायत करने के कुछ ही घंटे में मामले पर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। इस दौरान सहयोगिनी की सूर्यमुनी देवी ने बाल विवाह की रोकथाम एवं इससे जुड़े कानूनी पहलुओं, पोक्सो एक्ट, बाल श्रम समेत अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की। कुमारी किरण ने कहा कि बच्चों के अधिकार को लेकर हर स्कूलों में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चे व ग्रामीण काफी लाभावित होंगे। स्कूली बच्चों ने ट्रैफिकिंग को रोकने के लिए शपथ भी लिया।





**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

Phone no. 06524-223003 (office)
e-mail :- dfogumla@yahoo.in,
forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
9102600556 P (mob.)8987790115 O (Mob.)

**कार्यालय:-प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल**

**आवश्यक सूचना**

गुमला वन प्रमंडल के अन्तर्गत कार्यरत तत्कालीन वन क्षेत्र पदाधिकारी, विशुनपुर प्रक्षेत्र, श्री गिलबर्ट खलखो दिनांक 30.06.2019 को सेवानिवृत हो चुके है। परन्तु आप के विरूद्ध अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी, गुमला में केस नं0– C-I 16/2012 जो अभी तक न्यायालय में लंबित है।

अतः निर्देश दिया जाता है कि इस समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक 03.11.2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 280273 Forest, Environment and Climate Changes (22-23)_D



झारखण्ड सरकार

**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**

प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला
सिलम, जशपुर रोड, गुमला - 835232
Email id -principalitigumla@gmail.com

**नामांकन संबंधी सूचना**

झारखण्ड राज्य सरकार द्वारा NCVT के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिलम, (गुमला)/घाघरा (गुमला)/ सिसई (गुमला) एवं महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिलम (गुमला) में ऑनलाईन एवं जिलास्तरीय ऑफलाईन काउंसेलिग के द्वारा नामांकन के उपरांत शेश सीटों के विरूद्ध नामांकन के लिए निदेशालय पत्रांक 1236 दिनांक 07.10.2022 के आलोक में जिला स्तर पर गठित नामांकन कमिटी के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23–24 में नामांकन लिया जाना है। अंकित व्यवसायों में नामांकन हेतु इच्छुक महिला एवं पुरूष उम्मीदवारों से अनुसूची " क " के अनुसार हस्तलिखित/टंकित आवेदन पत्र दिनांक 28 अक्टूबर– 2022 तक आमंत्रित किये जाते है। आवेदन के लिये निम्न शर्ते लागू होगी –1. शैक्षणिक योग्यता :– भिन्न–भिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतू शैक्षणिक योग्यता DGT द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होगी, जो निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | ELECTRICIAN (विधुत) | Passed 10 th class examination under 10 +2 System of education with Science and Mathematics or its equivalent. |
| 2 | FITTER - (फिटर) | |
| 3 | COPA | |
| 4 | M.M.V (मोटर मेकेनिक व्हीकल), | |
| 5 | ELECTRONICS MECHANIC (इलेक्ट्रोनिक्स मैकनिक) | |
| 6 | Diesel Machenic | |
| 7 | WIREMAN (वायरमैन), | Passed 8th class. |
| 8 | WELDER (वेल्डर) | |

2. आयु (Age) :–
(1). 01 जूलाई 2022 को न्यनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष के बीच होनी चाहिये।
(II) सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष तक मानी जायेगी।
(III) आयु का निर्धारण केवल मैट्रिक या समकक्ष परीक्षा के मूल प्रमाण पत्र /औपबंधित प्रमाण पत्र / विद्यालय परित्यागप्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि ही मान्य होगी।
(IV) आठवीं उत्तीर्ण छात्रों के लिये प्रधानाध्यापक द्वारा जारी उतीर्णता प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि ही मान्य होगी।
3. संस्थान में नामांकन लेते समय प्रशिक्षणार्थियों को 500/–(पुाच सौ रू) मात्र् अवधान (Caution money) राशि के रूप में जमा करना होगा अगर प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संस्थान का कोई भी सामान खो जाता है या सामान को जानबुझकर तोड़ दिया जाता है तो उसकी कीमत कौशामनी से काट ली जायेगी तथा अन्य उचित कार्रवाई की जायेगी/उतीर्ण होने के एक वर्ष के अन्दर प्रशिक्षणर्थी द्वारा कौशनमनी वापस नहीं ली जाती है तो वह राशि स्वतः जब्त हो जायेगी और उसे सरकारी खाजाने मे जमा कर दिया जायेगा। संस्थान में प्रवेश के लिये कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा परन्तु प्रशिक्षण शुल्क Gen/OBC के लिए 40/–(चालीस रू) एवं ST/SC के लिए 20/–(बीस रू) मासिक देय होगा।
4. अनुलग्नक :– सभी प्रमाण पत्रों की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति यथा जाति/आवासीय/EWS/SMQ/PH संलग्न करना अनिवार्य है। सभी मूल प्रमाण पत्र नामांकन समिति के समक्ष साक्षात्कार के दिन प्रस्तुत करना होगा। पांच फोटो, आधार कार्ड, ईमेल आईडी लाना आवश्यक है।
5. साक्षात्कार :– सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु साक्षात्कार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, सिलम (जशपुर रोड, CRPF Camp] जिला – गुमला, में होगा। साक्षात्कार की तारीक एवं समय की सूचना माबाईल के द्वारा दी जाएगी। साक्षात्कार प्रवेशिका या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर नामांकन समिति क समक्ष उपस्थित होने के समय उपलब्ध सीट के आलोक में ओपेन बोर्ड प्राणली द्वारा मैट्रिक के प्राप्तांक / मेरीट के आधार पर नामांकन नियमानुसार किया जायेगा। आवेदक अपने इच्छानुसार किसी भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं व्यवसाय का चयन कर सकते है।
6. प्रशिक्षण के लिये शारीरिक योग्यता होनी चाहिये । उम्मीदवारों को यह लिखित आश्वासन देना होगा कि वे प्रशिक्षण की अवधि में अनुशासन का पालन करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान या समाप्ति पूर्व प्रशिक्षण कभी भंग नहीं करेगें।
7. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति /पिछड़े वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को कल्याण विभाग , झारखण्ड सरकार से नियमानुसार छात्रवृति भी मिल सकती है।
8. आवासीय अहर्त्ता :– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, घाघरा (गुमला) एवं महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुमला, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिसई, गुमला में वे ही उम्मीदवार नामांकन ले सकते है जो झारखण्ड राज्य के निवासी या स्थायी निवासी की श्रेणी में आते है । झारखण्ड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग क पत्रांक – 14 / स्थानीयता नीति 14 –03/2016 का 4650 दिनांक 02.जून 2016 (संकल्प संख्या 3198, दिनांक 18.04.2016 ) में स्थानीय निवासी को परिभाषित किया गया है । स्थानीय निवास प्रमाण पत्र सक्षम पदाधिकारी (अंचल अधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त ) – C.O/SDO/DC द्वारा निर्गत होना चाहिए। मूल प्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
9. जाति आधारित अर्हता – नामांकन में झारखण्ड सरकार द्वारा लागू अद्यतन आरक्षण नीति का पालन किया जायेगा / आरक्षित सीटों पर दावा करने वाले उम्मीदवारों को सक्षम पदाधिकारी/(अंचल अधिकारी/ अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त )– C.O/SDO/DC द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
10. आरक्षण अर्हता :– i- आरक्षण का प्रावधान कार्मिक प्रशानिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के आरक्षण नीति के अनुसार आरक्षण देय होगा।
ii मेरिट से चूने गये आरक्षित वर्ग क उम्मीदवारों को आरक्षित सीटों के विरूद्ध समायोजित नहीं किया जायेगा । बल्कि खुली गुणा–गुण कोटि के 50 प्रतिशत रिक्तियों के विरूद्ध माना जायेगा।
iii . संस्थान में शेष रिक्त सीटों के विरूद्ध ही नामांकन होगा।

**रिक्त सीटों की विवरणी:–**

1 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला रिक्त सीट– 26
2 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, घाघरा गुमला रिक्त सीट– 84
3 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, LWE सिसई, गुमला रिक्त सीट– 122
4 महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला रिक्त सीट– 16

नोट :– 1. महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला में सिर्फ महिला उम्मीदवार ही नामांकन ले सकते है।
2. आवेदन पत्र का प्रारूप अनुसूची "क" www.gumla.nic.in पर डाउनलोड किया जा सकता है या संस्थान से सर्म्पक कर प्राप्त किया जा सकता है।
3. आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/साधारन डाक या हाथों–हाथ से दिनांक– 28 अक्टूबर 2022 संध्या 05 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, के लिए आवेदन पत्र भेजने का पता–प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, सिलम, पोस्ट– करौंदी, थाना+जिला–गुमला, (झारखण्ड) पिन कोड –835232

साक्षात्कार तिथि :– 29.10.2022
साक्षात्कार स्थल :– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जशपुर रोड,(CRPF CAMP) सिलम, गुमला, (झारखण्ड) पिन कोड – 835232

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला

PR 280224 Labour Employment and Traning (22-23)_D

# अपना काम छोड़ राजनीति कर रहे जज : कानून मंत्री

## न्यायपालिका में मतभेद-गुटबाजी, पारदर्शिता भी नहीं : जज न्याय देने की बजाय दूसरे कामों में बिजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि न्यायपालिका की कार्यवाही पारदर्शी नहीं है। वहां बहुत राजनीति हो रही है। यह पॉलिटिक्स बाहर से दिखाई नहीं देती है, लेकिन यहां बहुत मतभेद हैं और कई बार गुटबाजी भी देखी जाती है। रिजिजू ने कहा कि अगर जज न्याय देने से हटकर एग्जीक्यूटिव का काम करेंगे तो हमें पूरी व्यवस्था का फिर से आकलन करना होगा।

अहमदाबाद में आरएसएस की पत्रिका पांचजन्य की तरफ से आयोजित कार्यक्रम साबरमति संवाद में पहुंचे रिजिजू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में कॉलेजियम सिस्टम भी राजनीति से अछूता नहीं है। देश में जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया में बदलाव लाने की जरूरत है।

रिजिजू ने कहा कि संविधान के मुताबिक जजों की नियुक्ति करना सरकार का काम है, लेकिन 1998 में सुप्रीम कोर्ट ने अपना कॉलेजियम सिस्टम शुरू कर दिया। दुनियाभर में कहीं भी जज दूसरे जजों की नियुक्ति नहीं करते हैं। जजों का मुख्य काम है न्याय देना, लेकिन मैंने नोटिस किया है कि आधे से ज्यादा समय जज दूसरे जजों की नियुक्ति के बारे में फैसले ले रहे होते हैं। इससे न्याय देने का उनका मुख्य काम प्रभावित होता है।

रिजिजू ने कहा कि संविधान सबसे पवित्र दस्तावेज है। इसके तीन स्तंभ हैं- विधानमंडल, कार्यपालिका और न्यायपालिका। मुझे लगता है कि विधानमंडल और कार्यपालिका अपने कर्तव्य को लेकर बंधे हुए हैं और न्यायपालिका उन्हें बेहतर बनाने का काम करती है, लेकिन परेशानी की बात यह है कि जब न्यायपालिका अपने कर्तव्य से भटक जाती है तो उसे सुधारने का कोई रास्ता नहीं है।

**भाजपा ने कभी न्यायपालिका के काम में दखल नहीं दिया :** रिजिजू ने कहा, 'भारत में गणतंत्र जीवंत है और कई बार इसमें तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी जा सकती है। भाजपा सरकार ने न्यायपालिका को कभी कमतर नहीं समझा और न कभी इसे चैलेंज करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे काम नहीं




करते हैं। अब अगर हम न्यायपालिका को नियंत्रित करने के लिए कुछ कदम उठाते हैं, तो यही लोग कहेंगे कि हम न्यायपालिका को कंट्रोल या प्रभावित करना चाहते हैं या जजों की नियुक्ति में दखल देना चाहते हैं।' रिजिजू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान तीन वरिष्ठ जजों को हटाकर अगले जज को सीजेआइ बनाया गया था। मोदी सरकार ऐसे कामों में दखल नहीं देती है।

**न्यायपालिका में सेल्फ रेगुलेटरी मैकेनिज्म हो :** रिजिजू ने न्यायपालिका के अंतर्गत एक सेल्फ-रेगुलेटरी मैकेनिज्म की मांग की है जिससे जजों के तौर-तरीकों को नियंत्रित किया जा सके। रिजिजू ने कहा- मैंने कई मौकों पर देखा है कि कई जज बिना जमीनी हकीकत जाने अपनी ड्यूटी की सीमा से बाहर जाकर एग्जीक्यूटिव फंक्शन करने की कोशिश करते हैं। जब न्यायपालिका अपनी सीमा के बाहर जाती है तो जज वास्तविक समस्याओं और आर्थिक हालात से अनजान रहते हैं। बेहतर होगा कि जज अपनी-अपनी ड्यूटी पर ध्यान दें, वर्ना लोगों को ऐसा लग सकता है कि हम कार्यपालिका में एक्टिविज्म कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि चाहे सांसद हो या जज, सभी के पास विशेष अधिकार हैं। संसद में कोड ऑफ एथिक्स है, लेकिन न्यायपालिका में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। जजों के आचरण को बनाये रखने के लिए न्यायपालिका के तहत ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया के दौर में जब कोर्ट की कार्यवाही को लाइव स्ट्रीम किया जायेगा तो यह स्वाभाविक है कि लोग जजों को जज करेंगे। मैं न्यायपालिका को ऑर्डर नहीं दे रहा हूं, मैं सिर्फ उन्हें चेतावनी देना चाहता हूं कि न्यायपालिका भी डेमोक्रेसी का हिस्सा है, लोग उन्हें देख रहे हैं इसलिए उनका व्यवहार सही होना चाहिए। 1993 तक जजों की नियुक्ति सरकार करती थी। इसके लिए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से सलाह ली जाती थी। उस समय तक देश में विशिष्ट जज हुआ करते थे। 1993 के बाद सुप्रीम कोर्ट से सलाह लेने को दखलंदाजी कहा जाने लगा। किसी और फील्ड में सलाह देने को दखलंदाजी करना नहीं कहा जाता है, सिवाय न्यायपालिका के। 1993 से पहले जजों की नियुक्ति में किसी जज का कोई हाथ नहीं होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है, इसलिए न्यायपालिका पर सवाल भी उठाये जाने लगे हैं।

### आज भी ब्रिटिश राज के प्रभाव में है न्यायपालिका

रिजिजू ने कहा- 'भारत की न्यायपालिका आज भी 200 साल के ब्रिटिश राज के प्रभाव से बाहर नहीं आ सकी है। मैं इस बारे में सीजेआइ से बात करूंगा कि हमें ब्रिटिश ड्रेस कोड को फॉलो करते रहना है या अपने देश के मौसम और संस्कृति के मुताबिक पहनावा बदल लेना चाहिए।' रिजिजू बोले कि 2014 में ठञ्ञ सरकार नेशनल ज्युडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन एक्ट (एनजेएसी) लेकर आयी। सरकार को लगा था कि इससे जजों के अपॉइंटमेंट के तरीके में बदलाव लाया जा सकेगा। एनजेएसी एक प्रस्तावित संस्था थी, जो ऊपरी न्यायपालिका में जजों के अपॉइंटमेंट और ट्रांसफर के लिए जिम्मेदार होती। एनजेएसी एक्ट और कॉन्स्टिट्युशनल अमेंडमेंट एक्ट 13 अप्रैल, 2015 को लागू हुआ था, लेकिन शीर्ष कोर्ट ने 16 अक्टूबर 2015 को एनजेएसी एक्ट को निरस्त कर दिया। इस फैसले के बाद जजों की नियुक्ति के कॉलेजियम सिस्टम को दोबारा ले आया गया।

# एमसीएल अनाथ बच्चों के लिए 100 सीट वाले छात्रावास का निर्माण करेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने अपनी सीएसआर पहल के तहत संबलपुर के छचनपाली स्थित रुक्मिणी लाठ बाल निकेतन के अनाथ बच्चों के लिए 100 सीटेड छात्रावास निर्माण करने की योजना बनायी है। उक्त परियोजना 1.32 करोड़ रुपये की लागत से बनाने की योजना है, जो कि एक वर्ष में पूरी होने की संभावना है। यह छात्रावास 100 अनाथ बच्चों को आवास मुहैया करने के साथ-साथ उनके शैक्षणिक विकास में सहयोग प्रदान करेगा। ओड़िशा प्रदेश में एमसीएल सीएसआर के तहत सर्वाधिक खर्च करने वाली कंपनी है, जोकि पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत 252 करोड़ खर्च किया है।

# बंगाल चैंबर के गोल टेबुल चर्चा में आशिम कुमार गोस्वामी आमंत्रित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कोलकाता में बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एनर्जी ट्रांजिशन-डीकार्बोनाइजेशन एंड क्लाइमेट चेंज ऑफ इंडिया विषय पर गोल टेबुल चर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-द्वितीय मुख्यालय के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक आशिम कुमार गोस्वामी को 14 अक्टूबर को आमंत्रित किया गया था। इस बैठक में उद्योग जगत के विभिन्न प्रतिष्ठित सदस्यों ने भाग लिये थे। उन्होंने दर्शकों को सौर पवन, जलविद्युत परियोजनाओं, थर्मल स्टेशनों में बायोमास पैलेट सह फायरिंग, गैस स्टेशनों के लिए हाइड्रोजन सह फायरिंग और कार्बन कैप्चर, हरा हाइड्रोजन जैसी अतिरिक्त पायलट स्केल परियोजनाओं के संबंध में हरित ऊर्जा क्षेत्रों में एनटीपीसी के उद्भव के बारे में और एनटीपीसी द्वारा किये जा रहे हाइड्रोजन अनुप्रयोग बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सभी उद्योगों को मेक इन इंडिया अभियान का पालन करने के लिए आरई निर्माण और निर्माण इकाई स्थापित करने की आवश्यकता है।

# जेएसपी फाउंडेशन ने विश्व खाद्य दिवस 2022 मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की सामाजिक शाखा जेएसपी फाउंडेशन ने देश भर में विभिन्न स्थानों पर विश्व खाद्य दिवस 2022 मनाया। वर्ष 2022 की थीम किसी को भी पीछे न छोड़ें। जेएसपी फाउंडेशन ने ओडिशा में अंगुल जिला किसान क्लब फेडरेशन, महिला स्वयं सहायता समूहों, अंगुल, ढेंकनाल, पुरी और सुंदरगड में अद्भुता चिल्ड्रन होम के सदस्यों के साथ इस विशेष दिन को मनाया। प्रत्येक व्यक्ति के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल के लिए हमेशा चिंता का विषय है। श्री जिंदल ने 2006 में लोकसभा में जीरो हंगर एक्ट के लिए एक निजी प्रस्ताव पेश किया था।

जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने कहा, जेएसपी फाउंडेशन में, हम हर रोज भूख मुक्त भारत बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। विश्व खाद्य दिवस की भावना के अनुरूप, हम सरकार के साथ साझेदारी कर रहे हैं और अन्य हितधारकों को हमारे देश के पुरुषों के लिए पूर्ण खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने के लिए और इसलिए खाद्य उत्पादन बढ़ाने से लेकर वंचितों और कमजोर लोगों को खाद्य सहायता प्रदान करने का अधिकार है। किसी को भी खाली पेट नहीं सोना चाहिए यही हमारा अभिव्यक्ति है'। इस दिन को चिह्नित करने के लिए, ग्रामीणों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए कई जागरूकता सत्र आयोजित किए गए और उन्हें प्राकृतिक तरीके से अधिक भोजन उगाने और अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक भोजन के लाभों के लिए शिक्षित किया गया। सभी प्रतिभागियों ने समुदायों के बीच इस दिन के महत्व के संदेश को फैलाने की कसम खाई और अपने आसपास के भोजन तक पहुंच की कमी और किसी भी समय भोजन बर्बाद नहीं करने के कारण किसी को भी भूखा नहीं रहने देने का संकल्प लिया। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट इकाई के रूप में, जेएसपी फाउंडेशन प्रतिदिन 8000 से अधिक वंचितों और सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को भोजन और पोषण प्रदान कर रहा है।

जेएसपी फाउंडेशन के मिशन जीरो हंगर माता-पिता रहित बच्चों, निराश्रितों, सड़क पर रहने वालों, बुजुर्ग, विधवाएं, दिव्यांग और कुपोषित बच्चे देखभाल केंद्रों के निवासियों, विशेष जरूरतों वाले लोगों की सेवा करता है। कोविड 19 महामारी के दौरान, जेएसपी फाउंडेशन ने वंचितों और सामाजिक रूप से कमजोर प्रवासियों को 10 लाख से अधिक भोजन का व्यवस्था किया था। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, जेएसपी फाउंडेशन स्थायी आधार पर खाद्य उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसान परिवारों का समर्थन करने के लिए सरकार के लाइन विभागों, किसान क्लबों, कृषि सेवा समितियों के साथ भी सहयोग कर रहा है।

# श्रद्धालुओं को ले जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत सात की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**देहरादून।** केदारनाथ में श्रद्धालुओं को ले जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में 2 पायलट समेत 7 लोगों की मौत हो गई है। हादसे की वजह खराब मौसम और कोहरा बताया जा रहा है। घने कोहरे की वजह से हेलिकॉप्टर जमीन से टकरा गया। इसके बाद हेलिकॉप्टर में आग लग गयी। हेलिकॉप्टर आर्यन एविएशन के बेल कंपनी का है। हेलिकॉप्टर ने मंगलवार सुबह 11.25 बजे केदारनाथ बेस कैंप से नारायण कोटी-गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के 15 मिनट बाद गरुड़चट्टी के पास वह क्रैश हो गया। कुछ फोटोज और वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें हेलिकॉप्टर का मलबा, आग और स्थानीय लोग दिखाई पड़ रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। मृतकों के नाम पूर्वा रामानुज, कृति ब्राड, उर्वी, सुजाता, प्रेम कुमार, कला और पायलट अनिल सिंह हैं। इनमें से पूर्वा, कृति, उर्वी गुजरात के हैं, पायलट अनिल महाराष्ट्र के हैं। बाकी तीन तमिलनाडु के हैं।

# जयललिता की मौत के पीछे शशिकला पर संदेह

## रिपोर्ट में दावा- दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे, निजी डॉक्टर पर भी शक

आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता की मौत की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है। इस रिपोर्ट में जयललिता की करीबी सहेली शशिकला की भूमिका पर संदेह जताया गया है। वहीं, उनके निजी डॉक्टर समेत एक सीनियर अधिकारी भी शक के घेरे में है। जयललिता की मौत की जांच के लिए रिटायर्ड जज ए. अरुमुघसामी की अध्यक्षता में एक सदस्यीय समिति बनाई गई थी। इस कमेटी ने राज्य सरकार को 500 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी थी। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि जयललिता और शशिकला के बीच अच्छे रिश्ते नहीं थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अम्मा की मौत को नेचुरल डेथ की बजाय इसे क्राइम मानकर जांच कराई जाए। कमेटी ने उनकी मौत की डिटेल इन्वेस्टिगेशन की सिफारिश भी की है। 5 दिसंबर 2016 को चेन्नई के अपोलो अस्पताल में जयललिता का निधन हो गया था। वे करीब 2 महीने तक अस्पताल में भर्ती रही थीं। उस समय वे मुख्यमंत्री पद पर थीं। मेडिकल बुलेटिन में दिल के दौरे को मौत की वजह बताया गया था।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**